www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

06 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 79


हेमंत सोरेन आज करेंगे तीन लाख मंईयां का सम्मान







सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 343613 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 72,600 रु./10 ग्राम
चांदी 91,000 रु./प्रति किलो



### मुख्यमंत्री 'सोहराय मिलन समारोह' में हुए शामिल

# प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका : हेमंत सोरेन

- सरकार जनजातियों के आर्थिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध
- सोहराय पर्व एकता एवं सौहार्द का प्रतीक है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सोहराय पर्व हमारी सभ्यता एवं संस्कृति का प्रतीक है। हम सभी प्रतिवर्ष इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। आदिवासी समाज आज के दिन अनेक रीति-रिवाज के साथ प्रकृति की पूजा करते हैं। आज आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाने की जरूरत है। सोहराय पर्व के माध्यम से हम सभी एकता एवं सौहार्द का संदेश देते हैं। यह पर्व परिवार एवं प्रकृति से जुड़ा पर्व है। यह एक ऐसा त्योहार है, जिसमें भाईचारा, समानता तथा भाई-बहन का प्रेम झलकता है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप, मोरहाबादी में आयोजित 'सोहराय मिलन समारोह-2025' में कहीं।

**जनजातियों के आर्थिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु सरकार प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी के समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा आदिवासी योजना के तहत जनजातियों के आर्थिक, समाजिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी कार्य हुए है। कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी संचालित की गयी है। यहां की जनजातियों का एकीकृत ढंग से विकास करना, जनजातियों को सुरक्षा देना एवं जनजातियों को शोषण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में हमारी सरकार समाज के वंचित वर्गों के सामाजिक-आर्थिक और समग्र विकास को सुनिश्चित करने में प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेगी।

इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, राजधानी सांवता समिति के संरक्षक सनातन मरांडी, अर्जुन मरांडी, अध्यक्ष मेघलाल सोरेन, डॉ दिनेश मुर्मू, सुधीर सोरेन, संजय हांसदा, विनय टुडू एवं राजधानी सांवता समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

### जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिए आगे आयें

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए हमसभी को एकजुट होने की जरूरत है। आज प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है। इस भौतिकवादी युग में जल, जंगल और जमीन से छेड़छाड़ हो रहा है। आदिवासी समाज हमेशा से जल-जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। इसलिए जरूरत है कि समाज के सभी लोग मिलजुल कर जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिए आगे आयें।

# झारखंड के निवासियों के अनुरूप बजट तैयार किया जायेगा : राधाकृष्ण किशोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वित्त-वाणिज्यकर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के बजट एस्टीमेट तैयार करने के लिए आमजनों से सुझाव मांगा है। अबुआ बजट पोर्टल लांच होने के बाद प्रोजेक्ट भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि 17 जनवरी तक आम लोग इसके जरिये अपना सुझाव दे सकते हैं। उचित सुझावों को संबंधित विभाग के पास भेजा जायेगा। इसके बाद जरूरत एवं राज्यहित में इसे बजट में समावेश भी किया जायेगा। पिछले बार भी 721 सुझाव मिले थे, जिसमें 27 सुझावों को बजट में शामिल किया गया था।

अबुआ पोर्टल लांच होने के पहले दिन 23 सुझाव भी मोबाइल एप पर मिल गये हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सभ्यता, संस्कृति तथा झारखंड के निवासियों की आवश्यकता के अनुरूप बजट तैयार करेगी। इसमें गरीब, आदवासियों, अल्पसंख्यकों, महिला, एससी, युवा सहित सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा जायेगा। पत्रकारों के एक सवाल पर कहा कि राज्य की जनत को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा हमारी कांग्रेस पार्टी की ओर से किया गया था, इस पर आगे का निर्णय इंडिया गठबंधन के प्लेटफार्म पर ही होगा। उन्होंने कहा की चुनाव के वक्त सभी राजनीतिक दल अपना वादा करते हैं, जब इसे लागू करना है, तो गठबंधन की बैठक में विचार के बाद ही फैसला होगा।

धान के एमएसपी पर कहा कि सरकार ने जितना एमएसपी तय किया था, उसी पर अनाज खरीद की जा रही है। किसानों को उचित दाम दिया जा रहा है।

**9-10 जनवरी को वाणिज्यकर अधिकारियों साथ बैठक :** वित्त विभाग 9 और 10 जनवरी को राजस्व उगाही को देखते हुए राज्य भर के वाणिज्यकर अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। इसमें वित्त मंत्री सहित विभाग के सचिव एवं वाणिज्यकर आयुक्त अमित कुमार होंगे।

**16-17 जनवरी को बजट पर परिचर्चा :** वाणिज्यकर आयुक्त अमित कुमार ने बताया कि 16-17 जनवरी को बजट पर परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इसमें विशेषज्ञों की राय ली जायेगी। पहले दिन कृषि, खान, पर्यटन, नगर विकास, पथ, परिवहन, उर्जा एवं उद्योग विभाग पर चर्चा की जायेगी। दूसरे दिन स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति, कल्याण, महिला, बाल विकास विभाग पर चर्चा होगी।



### केंद्र से 1.36 लाख करोड़ लेने के लिए कानूनी कार्रवाई पर विचार

केंद्र से बकाया 1.36 लाख करोड़ की मांग पर उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्य सचिव सुखेदव सिंह ने 2021 में विस्तृत डाटा तैयार कर केंद्र सरकार से बकाये की मांग की थी, इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी केंद्र को पत्र लिखा था, लेकिन एक बार भी भारत सरकार की ओर से इस पर कोई जवाब नहीं, बल्कि बिहार के सांसद के सवाल पर यह उत्तर दे दिया कि कोई बकाया झारखंड का नहीं है। ऐसे में राज्य सरकार राशि वापस लेने के विकल्पों पर विचार कर रह रही है। कानूनी कार्रवाई भी एक रास्ता है, जिस पर जल्द निर्णय लिया जायेगा।

### 10-15 हजार करोड़ से अधिक राजस्व उगाही का लक्ष्य : प्रशांत

वित्त सचिव झारखंड प्रशांत कुमार ने बताया कि झारखंड में विकास योजनाओं के लिए राशि की कमी नहीं है। इस वित्त वर्ष में 1.28 लाख करोड़ का बजट है, जिसमें 60 फीसदी राशि योजनामद एवं 40 फीसदी राशि स्थापना में खर्च की जाती है। यानि 48 हजार करोड़ ही स्थापना में जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंईयां योजना या अन्य कोई योजना के लिए राशि की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड का हर वर्ष कैपिटल गेन 10 फीसदी तक हो रहा है, जिस वजह से भारत सरकार ने अब तक 450 करोड़ का इंसेटिव भी दिया है। राज्य सरकार ने आगामी वित्त वर्ष में 10-15 हजार करोड़ का अतिरिक्त राजस्व उगाही का लक्ष्य रखा है, जिसे हासिल भी किया जायेगा।

# 9 को रांची आयेंगे केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी 9 जनवरी को झारखंड का आ रहे हैं। झारखंड दौरे के दौरान कोयला मंत्री सीसीएल और सीएमपीडीआइ के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वह सीसीएल के 200 बेड के अस्पताल की नींव रखेंगे, जिसका निर्माण रिनपास के कांके स्थित परिसर में किया जायेगा। बता दें कि इस अस्पताल के लिए सुकरहुट्टू रोड में जमीन चिह्नित की गयी है।

**मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात :** कोयला मंत्री किशन रेड्डी गांधीनगर कॉलोनी के पीछे कर्मचारियों के लिए बनने वाले आवास की भी आधारशिला रखेंगे। इसके बाद वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे और झारखंड की कोयला कंपनियों की समस्याओं पर बातचीत करेंगे। इस दौरे का उद्देश्य राज्य में कोयला उद्योग की स्थिति को सुधारने और कर्मचारियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाना है। इसके बाद कोयला मंत्री वापस दिल्ली लौट जायेंगे।

# 12 से होनेवाले हॉकी इंडिया लीग के सभी मैचों में दर्शकों की फ्री इंट्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** 12 से 26 जनवरी तक राजधानी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में हॉकी इंडिया लीग महिला और पुरुष का आयोजन होगा। इसमें महिला वर्ग में 4 और पुरुष वर्ग की 8 टीमें भाग लेंगी। इन विभिन्न टीमों में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सह झारखंड की बेटी सलीमा टेटे के अलावा निक्की प्रधान, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, बिनिमा धान खेलती दिखेंगी। एचआइएल में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान खेल रत्न हरमनप्रीत सिंह सहित विश्व भर के सर्वश्रेष्ठ महिला- पुरुष हॉकी खिलाड़ी अपना जलवा दिखलाते नजर आयेंगे। हॉकी झारखंड के मुताबिक 12 जनवरी से प्रत्येक दिन संध्या 6 बजे से एचआइएल के मैच होंगे। सभी मैच दर्शकों के लिए निःशुल्क रहेगा। दर्शकों को मैच देखने के लिए किसी भी तरह का स्क्रेज, एसएमएस या टिकट नहीं होगा। स्टेडियम में दर्शक सीधे प्रवेश कर मैच का आनंद ले सकते हैं। गौरतलब है कि देश में महिला वर्ग के लिए पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जबकि पुरुष वर्ग का 2017 के बाद पुनः शुरू हो रहा है।

# अविलंब विधवा पेंशन दे हेमंत सरकार : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि हमारी विधवा माताओं बहनों की स्थिति बेहद दयनीय और चिंताजनक हो गयी है, क्योंकि इस सरकार में उन्हें भारी संकट और उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है।

श्री मरांडी ने कहा कि विधवा पेंशन, जो उनके जीवन का एकमात्र सहारा है, पिछले 5-6 महीनों से बंद है। कहा कि महिलाओं का कहना है कि सरकार ने विधवा पेंशन फंड का पैसा मंईयां सम्मान योजना के लिए ट्रांसफर कर दिया है, जिससे उनकी पेंशन रुक गयी है। कहा कि विधवा पेंशन, हमारी माताओं बहनों के लिए सिर्फ एक राशि नहीं, बल्कि एक ऐसा सहारा है, जो उन्हें सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करती है। पेंशन के बंद होने से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में समस्याएं बढ़ गयी हैं। कई महिलाएं भोजन, दवाइयों और अन्य जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन इसके बाद भी हेमंत सरकार उनकी मजबूरी और दर्द को नजरअंदाज करके उनकी स्थिति का मजाक बना रही है।

उन्होंने कहा कि एक योजना की कीमत पर दूसरी योजना को आगे बढ़ाना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। सरकार को यह समझना होगा कि हमारी विधवा माताओं बहनों के जीवन में पेंशन की कितनी अहम भूमिका है, इसलिए मुख्यमंत्री को तत्काल नींद से जाग कर विधवा पेंशन को बहाल करना चाहिए। माताओं और बहनों की मजबूरी का मजाक बनाना बंद करें।

# शिक्षा, रोजगार और संस्कार को बढ़ावा देगा विप्र समाजः सुशील

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विप्र फाउंडेशन झारखंड इकाई की संगठनात्मक बैठक का आयोजन रविवार को होटल लैंडमार्क में हुआ। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक भाई सुशील ओझा का दिन के एक बजे रांची एयरपोर्ट पर भाई सुशील ओझा का आगमन हुआ। फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा एयरपोर्ट पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। दिन के 1:30 बजे विप्र फाउंडेशन कार्यकारिणी की निर्धारित बैठक में हिस्सा लेकर विप्र फाउंडेशन के क्रियाकलापों की विस्तृत चर्चा की गयी। झारखंड में विप्र फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की चर्चा की गयी।

इस अवसर पर विप्रो फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा को झारखंड जोन 6 की ओर से अध्यक्ष सीएजेपी शर्मा ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र देकर अभिनंदन स्वागत किया। श्री ओझा ने विप्र फाउंडेशन द्वारा वर्तमान समय में जयपुर सहित कई राज्यों में हो रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने समाज हित में शिक्षा, रोजगार और संस्कार को बढ़ावा देने पर बल दिया। प्राथमिकता के तौर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए ई-लर्निंग सेंटर बनाने का भी शुभारंभ करने का रांची में भी उन्होंने प्रस्ताव रखा। इसे मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के सहयोग से प्रारंभ करने का लाभ रांची के युवा बच्चों को अवसर प्रदान होगा। श्री ओझा ने बताया कि संगठन का विस्तार झारखंड में किया जायेगा। विप्र लाभ योजना हर जिले में किस तरह पहुंचे, इस पर भी चर्चा हुई।

इस अवसर पर सभा का संचालन अमित मनी शर्मा ने धन्यवाद प्रदेश महामंत्री प्रदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर संस्थापक संयोजक ओझा को झारखंड जोन 6 की ओर से बिरसा मुंडा का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सायं 6:30 बजे सर्व समाज के प्रबुद्धजनों के संग विचार संगोष्ठी पर चर्चा की गयी। विप्र झारखंड में सामाजिक कार्यों में किस तरह अपनी सहभागिता करे इस पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, संगठन मंत्री अजय दाधीच, उपाध्यक्ष निरंजन शर्मा, शशांक भारद्वाज, अमित शर्मा, प्रदीप शर्मा, पवन शर्मा, पुरषोत्तम शर्मा, प्रमोद सारस्वत, मनोज शर्मा, अनिल शर्मा, महेश शर्मा, रामावतार शर्मा, अमित शर्मा, आनंद शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, कृष्ण शर्मा, अशोक पुरोहित, चेतन शर्मा, श्याम लाल शर्मा सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### 145वां स्थापना दिवस मना रहा है झारखंड आर्म्ड फोर्स

# जैप ग्राउंड में भव्य परेड का प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अपने अदम्य साहस और वीरता के लिए जाने वाले गोरखा जवानों की बटालियन 'झारखंड आर्म्ड फोर्स' वन के गठन को 145 साल हो गये। इस उपलक्ष्य में झारखंड आर्म्ड फोर्स अपना 145वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मना रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर रांची के जैप ग्राउंड में भव्य परेड का प्रदर्शन किया गया। यहां एक सफ्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित झारखंड पुलिस के वरीय अधिकारी मौजूद रहे। स्थापना दिवस पर सबसे पहले शहीदों को सलामी दी गयी जैप के स्थापना दिवस के मौके पर राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि यह भारत की सबसे पुरानी वाहिनी है। इसकी स्थापना जनवरी 1880 में न्यू रिजर्व फोर्स के नाम से हुई थी। हमारी इस बटालियन से पाकिस्तान भी खौफ खाता है। डीजीपी ने कहा कि पाकिस्तान का सिख रेजिमेंट के जवान और गोरखा के जवानों के हुंकार से डरना, ये इतिहास भी बताता है।

जनवरी 1880 में अंग्रेजों के शासनकाल में इस वाहिनी की स्थापना न्यू रिजर्व फोर्स के नाम से हुई थी। वर्ष 1892 में इस वाहिनी को बंगाल मिलिट्री पुलिस का नाम दिया गया। इस वाहिनी की टुकडियों की प्रतिनियुक्ति तत्कालीन बंगाल प्रांत, बिहार, बंगाल एवं ओड़िशा को मिला कर की जाती रही। वर्ष 1905 में इस वाहिनी का नाम बदल कर गोरखा मिलिट्री रखा गया। राज्य के अन्य स्थानों पर प्रतिनियुक्त गोरखा सिपाहियों को भी इस वाहिनी में समंजित किया गया।

वर्ष 1971 में भारत-पाक युद्ध के समय भी इस वाहिनी को त्रिपुरा के आंतरिक सुरक्षा कार्यो के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। उस वक्त साहसपूर्ण कार्यो के लिए वाहिनी को भारत सरकार ने पूर्वी सितारा पदक से अलंकृत किया था। वर्ष 1982 में दिल्ली में आयोजित नवम एशियाड खेलकूद समारोह के दौरान इस वाहिनी की प्रतिनियुक्ति की गई. जहां बेहतर कार्य के लिए दिल्ली सरकार ने सराहा था। वर्ष 2000 में बिहार से अलग झारखंड गठन के बाद इस वाहिनी का नाम झारखंड सशस्त्र पुलिस वन (जैप वन) रखा गया।

### अलग झारखंड में बना जैप

देश में स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1948 में इस वाहिनी का नाम बदलकर प्रथम वाहिनी बिहार सैनिक पुलिस रखा गया था। इस वाहिनी की प्रतिनियुक्ति नियमित रूप से देश के विभिन्न राज्यों में की जाती रही, जिसमें वर्ष 1902 से 1911 तक देहली दरबार, वर्ष 1915 में बंगाल, 1917 में मयूरभंज, मध्य प्रदेश, 1918 में सरगुजा मध्य प्रदेश, 1935 में पंजाब, 1951 में हैदराबाद, 1953 में जम्मू-कश्मीर, 1956 में असम (नागालैंड), 1962 में चकरौता (देहरादून), 1963 में नेफा, 1968-69 में नेफा के प्रशिक्षण केंद्र हाफलौंग असम आदि शामिल हैं।

**आनंद मेले का भी आयोजन :** जैप स्थापना दिवस के अवसर पर परिसर में ही आनंद मेले का भी आयोजन किया गया है। मेले में 60 स्टॉल लगाये गये हैं। आनंद मेले में प्राइड ऑफ गोरखा स्टॉल लगाया गया है। इसमें गोरखा समाज की उपलब्धि, उनकी संस्कृति को दर्शाया गया है।

# क्षत्रिय समाज का आक्रोश मार्च, पुतला फूंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** क्षत्रिय परिवार सेवा समिति द्वारा रविवार को आयोजित स्वाभिमान और न्याय की रक्षा हेतु शांतिपूर्ण प्रदर्शन एक ऐतिहासिक सफलता के रूप में संपन्न हुआ। इस प्रदर्शन में समाज के सैकड़ों सदस्य एकजुट होकर स्वर्गीय बादल सिंह की निर्मम हत्या के दोषी आदिल बिलाल को कठोरतम सजा दिलवाने के लिए अपनी आवाज उठाने के लिए एकत्रित हुए। प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी समाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने दृढ़ संकल्प के साथ यह संदेश दिया कि हम अपने समाज के सम्मान और सुरक्षा के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। इस मौके पर समाज के स्वाभिमान की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया गया।

**प्रदर्शन की सफलता :** इस आंदोलन में समाज की एकता और ताकत स्पष्ट रूप से दिखायी दी। विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक वर्गों से जुड़े लोगों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की, जिससे यह प्रदर्शन न केवल एक स्थानीय स्तर पर, बल्कि एक सामाजिक संदेश के रूप में सामने आया। समाज के प्रत्येक सदस्य ने न्याय की इस लड़ाई को ऐतिहासिक मोड़ देने के लिए अपनी आवाज दी। इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन के जरिए समाज ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि समाज एकजुट होकर किसी उद्देश्य के लिए खड़ा हो, तो कोई भी चुनौती हमारे सामने नहीं टिक सकती। हम सभी मिल कर अपने समाज के स्वाभिमान और सुरक्षा के लिए हर संघर्ष में साथ खड़े रहेंगे। इस मौके पर प्रो. डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी, राणा हर्ष वीर सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, रमाकांत सिंह, श्याम किशोर सिंह, बलराम सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, सुनील कुमार सिंह, राजेश सिंह, दिलीप सिंह, बीके सिंह, संतोष सिंह, संजय सिंह, संजीव सिंह, राणा प्रिया रंजन सिंह, अशोक सिंह, अमूल्य सिंह पिंटू, नागेश्वर सिंह, मुकुल सिंह, विनोद सिंह, राहुल सिंह, कारण सिंह, राजकीय राजकुमार सिंह, प्रवीण सिंह, सुनील कुमार सिंह, कमला कम सिंह, संजीव सिंह, विनोद सिंह, रंजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### कार्यक्रम की मुख्य बातें

- आदिल बिलाल को कठोरतम सजा दिलवाने के लिए एकजुट होकर आवाज उठायी गयी।
- प्रदर्शन में समाज के युवा, महिला और बुजुर्ग सभी ने अपनी उपस्थिति से आंदोलन को मजबूती प्रदान की।
- प्रदर्शन का उद्देश्य समाज के आत्मसम्मान की रक्षा करना था।
- समाज में सुरक्षा, सम्मान और न्याय की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया।

www.epaper.azadsipahi.in

06 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 79

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## सीएम ने किया अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल एप का लोकार्पण

# हेमंत आज करेंगे तीन लाख मंईयां का सम्मान

- नामकुम में होनेवाले राज्यस्तरीय समारोह की सभी तैयारियां पूरी
- कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह, होर्डिंग-बैनर से पटी राजधानी
- 56 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में आयेंगे पांच हजार रुपये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को राज्य भर से आयीं करीब तीन लाख मंईयां का सम्मान करेंगे। इसके लिए नामकुम के खोजाटोली में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य भर की करीब 56 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में एकमुश्त पांच-पांच हजार रुपये भेजे जायेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर लाभुकों और आम लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। राजधानी रांची की सड़कों को होर्डिंग, बैनरों और पोस्टरों से पाट दिया गया है। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव से पहले मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलनेवाली राशि को एक हजार से बढ़ा कर ढाई हजार रुपये करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि बढ़ी हुई रकम दिसंबर से लाभुकों के खाते में भेजी जायेगी। पहले यह कार्यक्रम 28 दिसंबर को होना था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के बाद घोषित राजकीय शोक के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। अब दिसंबर और जनवरी माह की राशि एक साथ लाभुकों के खाते में भेजी जायेगी। जानकारी के अनुसार जिन महिलाओं के खाते में पैसा दिसंबर में नहीं गया, उनके खाते में छह जनवरी को एक साथ पांच हजार रुपये जायेंगे।

**नामकुम में तैयारियां पूरी :** मंईयां सम्मान कार्यक्रम के लिए नामकुम में भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए पूरी तैयारी की गयी है। इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। इस कार्यक्रम में राज्य के 24 जिलों से करीब तीन से चार लाख लाभुकों के रांची पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। लाभुकों के आगमन से लेकर उनकी सुख-सुविधा का पूरा इंतजाम किया गया है। सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। वैसी लाभुकों की सूची तैयार की गयी है, जिन्हें प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री राशि हस्तांतरित करेंगे। समारोह स्थल की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रविवार को समारोह स्थल का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। लाभुकों को लेकर आनेवाले वाहनों का रूट चार्ट निर्धारित कर दिया गया है। वीवीआइपी और वीआइपी वाहन सदाबहार चौक नामकुम से होते हुए कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल के पास अलग-अलग पार्किंग जोन बनाये गये हैं, जहां बस समेत अन्य वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर सोमवार को आयोजित होनेवाले कार्यक्रम के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। प्रशासन ने कहा है कि अगर कोई जरूरी काम न हो, तो नामकुम जाने से बचें। रांची के ट्रैफिक एसपी ने ट्रैफिक व्यस्था में बदलाव को लेकर रविवार को आदेश जारी कर दिया है। इसके अनुसार कुछ मार्गों में वाहनो का प्रवेश बंद कर दिया गया है। साथ ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले लाभुकों के वाहनों के लिए रूट भी निर्धारित किया है।

### ये है पूरा ट्रैफिक प्लान

सोमवार छह जनवरी को सुबह साढ़े नौ से शाम साढ़े चार बजे तक रामपुर रिंग रोड चौक से तुपुदाना रिंग रोड के बीच छोटे और बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। खूंटी, सिमडेगा, गुमला और पलामू की ओर से आने वाले सभी छोटे और बड़े मालवाहक वाहन रिंग रोड पहुंचकर बायें मुड़ कर रिंग रोड से भाया तिलता रिंग रोड, नेवरी रिंग रोड होते हुए अपने गंतव्य तक जायेंगे। जमशेदपुर से आने वाले सभी छोटे एवं बड़े मालवाहक वाहन रामपुर चौक से दायें मुड़ कर नेवरी रिंग होते हुए अपने गंतव्य तक जायेंगे।

## विकास और जनहित के बजट पर विशेष फोकस : हेमंत सोरेन



पोर्टल और मोबाइल एप के लोकार्पण के मौके पर सीएम हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार।

- 2025-26 के बजट को लेकर विशेषज्ञ और आम लोग दे सकेंगे अपना सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि यह अबुआ सरकार है। ऐसे में राज्य के सतत, समावेशी और सर्वांगीण विकास के साथ लोगों के कल्याण एवं हितों का संवर्धन करने वाला संतुलित बजट हो, इस पर हमारी सरकार का विशेष फोकस है। इसलिए वित्तीय वर्ष 2025 -26 के बजट को लेकर आपके सुझाव, राय और विचार हमारे लिए काफी मायने रखते हैं, ताकि आपके द्वारा प्राप्त होनेवाले बेहतर सुझावों को आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में जगह दे सकें। मुख्यमंत्री रविवार को अपने आवासीय कार्यालय में वर्ष 2025- 26 के बजट निर्माण को लेकर आम जनता के सुझाव /राय/विचार आमंत्रित करने हेतु अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल एप का लोकार्पण कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि बजट ऐसा हो, जिसमें सभी सेक्टर का संतुलित विकास हो सके। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि आगामी बजट में यहां की ग्रामीण पृष्ठभूमि वाली अर्थव्यवस्था का विशेष ख्याल रखा जाये। इसके साथ राजस्व संग्रहण की दिशा में भी ठोस कदम उठाने से संबंधित प्रावधानों को भी बजट में जगह मिले, ताकि विकास और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों का विशेष ख्याल रखा जाये।

**ये थे मौजूद :** इस अवसर पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, वित्त विभाग के विशेष सचिव अमित कुमार, बजट पदाधिकारी चंद्रभूषण प्रसाद, ओएसडी बजट सत्यनारायण प्रसाद, एनआइसी के संयुक्त निदेशक कुणाल आनंद एवं सहायक निदेशक गौरव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सर्वश्रेष्ठ सुझाव देनेवाले होंगे सम्मानित

विदित हो कि अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल एप का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025- 26 के बजट को लेकर विशेषज्ञों तथा आम लोगों का सुझाव प्राप्त करना है, ताकि सरकार एक बेहतर और संतुलित बजट पेश कर सके। इस दिशा में बजट को लेकर जो भी सुझाव/ राय और विचार मिलेंगे, उनका विस्तृत विश्लेषण किया जायेगा, ताकि राज्य के विकास एवं यहां की जनता के अनुकूल उन सुझावों को बजट में शामिल करने की दिशा में पहल कर सकें। इस कड़ी में तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा। सुझाव देने की अंतिम तिथि 17 जनवरी 2025 तक है।

## न्यूज रील्स

### भाजपा नेता बिधूड़ी ने दिया विवादित बयान, मचा बवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली से भाजपा कैंडिडेट रमेश बिधूड़ी ने जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी पर आपत्तिजनक कमेंट किया। बयान का वीडियो कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर शेयर किया। रमेश बिधूड़ी वीडियो में कहते दिख रहे हैं, 'लालू ने वादा किया था कि बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं, वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा। पवन खेड़ा ने इस बयान पर ऐतराज जताया। हालांकि, विवाद बढ़ने पर बिधूड़ी ने सफाई देते हुए कहा कि मैंने यह बात लालू यादव की कही बातों के संदर्भ में कही है। कांग्रेस उस समय भी चुप रही, जब लालू यादव उनकी सरकार में मंत्री थे। अगर मेरी बात से किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं अपने शब्द वापस लेता हूं।

### गर्लफ्रेंड-ब्वॉयफ्रेंड को अब ओयो रूम में नहीं मिलेगी एंट्री

नयी दिल्ली। ट्रैवल बुकिंग करने वाली प्रमुख कंपनी ओयो ने अपने चेक इन नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इसके अनुसार अविवाहित जोड़े अब कंपनी के पार्टनर होटलों में कमरा बुक नहीं कर पायेंगे। कंपनी ने फिलहाल मेरठ से इस नियम की शुरुआत की है। इसके तहत ओयो ने पार्टनर होटलों के लिए एक नयी चेक-इन नीति शुरू की है। इस साल से प्रभावी दिशा-निर्देशों के अनुसार अविवाहित जोड़ों का चेक-इन करने पर स्वागत नहीं किया जायेगा। सभी जोड़ों को अपने रिश्ते का वैध प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए कहा जायेगा।

## गणतंत्र दिवस समारोह में कर्तव्य पथ पर दिखेगी झारखंड की झांकी

- राज्य की विरासत, विकास और संस्कृति की झलक को देखेगा देश
- झांकी के माध्यम से स्व रतन टाटा को अर्पित की जायेगी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में झारखंड समेत 15 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन हुआ है। गणतंत्र दिवस पर होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड ने भी पूरी तैयारी कर ली है। इस वर्ष झारखंड की झांकी में स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि के साथ झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां के पारंपरिक नृत्य, शिक्षा में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जायेगा। बता दें कि 2024 में दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के अवसर तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गयी थी।

### देश भर से शामिल होंगी झांकियां



केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के उपरांत केवल 15 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी का दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन के लिए चयन हुआ। झारखंड की झांकी के प्रारूप को चयन प्रक्रिया में पदाधिकारियों द्वारा सराहा गया। नयी दिल्ली में 19 जनवरी 2025 तक सभी चयनित राज्यों की झांकी को तैयार कर लेना है और पूरे परिधान के साथ 23 जनवरी 2025 को इनका रिहर्सल भी करा लिया जाना है।

## 'हील इन इंडिया' को भी मंत्र के रूप में अपनायेगी दुनिया: मोदी

- प्रधानमंत्री ने किया नमो कॉरिडोर का उद्घाटन
- दिल्ली-मेरठ के बीच रैपिड रेल में बच्चों संग किया सफर
- दिल्ली को 12200 करोड़ की विकास परियोजनाओं का दिया तोहफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाना और यात्रा को आसान बनाना सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद आरआरटीएस से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज दिल्ली-एनसीआर को केंद्र सरकार की ओर से एक महत्वपूर्ण उपहार मिला है। भारत की शहरी गतिशीलता का और विस्तार हुआ है। उन्होंने नमो भारत ट्रेन की अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह ट्रेन विकसित भारतीय शहरों में सार्वजनिक परिवहन के भविष्य को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई युवाओं से बातचीत की, जो खुशी और उम्मीद से भरे हुए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नमो भारत परियोजना पूरी हो जाने के बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग पर यातायात में महत्वपूर्ण बदलाव आयेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत की आधुनिक अवसंरचना यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि का दिन है। भारत का मेट्रो नेटवर्क अब एक हजार किलोमीटर तक पहुंच गया है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। 2014 में भारत मेट्रो कनेक्टिविटी के मामले में दुनिया के शीर्ष दस देशों में भी नहीं था, लेकिन अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके मौजूदा कार्यकाल के दौरान भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क होगा। उन्होंने कहा कि आज देश भर के 21 शहरों में मेट्रो सेवाएं चालू हैं और एक हजार किलोमीटर से ज्यादा मेट्रो रूट पर तेजी से काम चल रहा है। पीएम मोदी ने कहा, पिछले एक दशक में सरकार का मुख्य ध्यान बुनियादी ढांचे के विकास पर रहा है। दस साल पहले बुनियादी ढांचे के लिए बजट करीब दो लाख करोड़ रुपये था, जो अब 11 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे रही हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में सवारी भी की। इस दौरान उन्होंने कई बच्चों से मुलाकात की। इन बच्चों ने पीएम मोदी को कई तोहफे दिये, जिनमें पेंटिंग वगैरह शामिल थे। इस परियोजना के उद्घाटन से दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा की प्रक्रिया और ज्यादा आसान हो जायेगी। इससे न केवल यात्रा का समय कम होगा, बल्कि यात्रा में सुरक्षा, विश्वसनीयता, उच्च गति और आरामदायक अनुभव भी मिलेगा।





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# राज्य के सबसे बड़े राधा कृष्ण मंदिर का उद्घाटन

**राधा-कृष्ण की उपासना से जीवन में शांति सुख और समृद्धि आती है : स्वामी सदानंद महाराज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कटहल मोड़ के समीप पुंदाग में झारखंड राज्य का सबसे बड़ा श्रीराधा-कृष्ण का मंदिर का उद्घाटन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि श्रीश्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमेरिका से आये टहल किशोर महाराज, चंडीगढ़ से श्यामानंद महाराज, जगत राज महाराज, मोहन प्रियाचार्य महाराज, कृष्ण मणि महाराज, साध्वी मीणा महाराज, साध्वी पूर्णा महाराज के साथ-साथ गुजरात, दिल्ली, पंजाब, बिहार, महाराष्ट्र से आये संत महात्मा उपस्थित थे। फूलों की बारिश एवं राधा-कृष्ण के जयकारों के साथ श्री राधा कृष्ण के मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खुल गया।

उद्घाटन के पूर्व कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। इसमें भक्तों के जयकारों एवं भजन गायक मनीष सोनी के सुमधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर का उद्घाटन एवं श्री राज श्यामा



की पूजा पधरावणी प्राण प्रतिष्ठा, कलश स्थापना पूरे विधि विधान के साथ हुआ। इस अवसर पर स्वामी सदानंद महाराज ने कहा कि राधा कृष्ण की उपासना से जीवन में शांति सुख और समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जीवन में धैर्य कर्तव्य और सत्य के मार्ग को अपने की प्रेरणा दी। इस मंदिर का निर्माण केवल धार्मिक अनुष्ठान के लिए नहीं, बल्कि समाज में भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देने के लिए किया गया है।

जामनगर से आये कृष्ण मणि महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के लिए गौरव की बात है तथा यह मंदिर आध्यात्मिक एवं भक्ति भाव विश्वास से आगे बढ़ते हुए पूरे देश के लिए आस्था का केंद्र बनेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने देश विदेश से पधारे सभी संत महात्माओं एवं अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस मंदिर का उद्घाटन राज्य के धार्मिक जीवन में एक नए युग की शुरूआत है।

स्वामी सदानंद महाराज एवं परम पूज्य मोहन प्रियाचार्य महाराज के सानिध्य में संपूर्ण पूजन का का विधिवत अनुष्ठान किया गया। इस पूजा पधरावणी के मुख्य यजमान विजय अग्रवाल सपत्नीक सरिता अग्रवाल द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रसाद महाभोग लगाया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर के शुभारंभ एवं श्री राज श्यामा की पूजा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर में चार दिवसीय श्रीमद्भागवत सार कृष्ण अमृत कथा परमहंस संत शिरोमणि सदानंद महाराज, श्रीमद्भागवत सार कृष्ण अमृत कथा तथा परम पूजनीय मोहन प्रियाचार्य महाराज के मुखारविंद से तारतम वाणी तथा अन्य महात्माओं के द्वारा दिव्य प्रवचन रविवार से 8 जनवरी तक श्रीमद्भागवत कथा, वाणी चर्चा बीतक कथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रोजाना होगी।

कार्यक्रम में ट्रस्ट के संरक्षक अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ, नवल अग्रवाल, सज्जन पाड़िया,विधा अग्रवाल, गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, मनीष जालान, पूनम अग्रवाल, सुरेश चौधरी, चिरंजी लाल खंडेलवाल, वेंकट गाड़ोदिया, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान,अजय खेतान, ओम सरावगी, अमित पोद्दार, अशोक लाठ, गोविंद अग्रवाल, जयप्रकाश मित्तल,दीपक चौधरी, नंदू चौधरी, मनीष सोनी, नितिन मोदी, निर्मल छावनिका, प्रभास गोयल, प्रेमचंद श्रीवास्तव, मोहनलाल खंडेलवाल, विष्णु सोनी, शिव भगवान अग्रवाल, सुनील पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, अजय मारू, नंदकिशोर पाटोदिया उपस्थित थे।

# राधाकृष्ण किशोर से मिले रोहित सिन्हा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिलकर युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मंत्री को युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने फूलों का गुलदस्ता देकर नव वर्ष की बधाई दी। उन्होंने मंईयां योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए राशि के आवंटन पर के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि इस राशि से राज्य की लाखों महिलाओं को आर्थिक मदद पहुंच रहा है। वित्त मंत्री द्वारा आगामी बजट लोक कल्याणकारी होने की घोषणा पर भी आभार जताया और कहा कि आप के निर्णय से हेमंत सरकार की जनता के प्रति किए गए वायदे को पूरा करने के संकल्प को प्रदर्शित करती है।

# रक्तदान जीवनदान के समान है : सुबोधकांत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सामाजिक संस्था लहू बोलेगा एवं अंजुमन जफरिया कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है। पीड़ित मानवता की सेवा के प्रति सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने रक्तदाताओं से पीड़ित मानवता की सेवा हेतु सदैव तत्पर रहने की अपील की। शिविर में आकर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को श्री सहाय द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रक्तदान शिविर को सफल बनाने में लहू बोलेगा संस्था के नदीम इकबाल, नेहाल अहमद, फराज अब्बास, सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मुक्ति संस्था ने 34 लावारिश शवों का किया अंतिम संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 34 अज्ञात शवों का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के सदस्य रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकाल कर जुमार नदी के तट पर लेकर गये। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी।



संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि मुक्ति संस्था ने अब तक कुल 1917 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। इस मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, सीताराम, कौशिक, कमल चौधरी, उज्ज्वल जैन, आशीष भाटिया, रतन अग्रवाल, संदीप कुमार, सुनील अग्रवाल, बलबीर जैन, मोती सिंह, नीरज खेतान, अमित किशोर, संजय सिंह, विनोद जैन बेगवानी, हरीश नागपाल, आरके गांधी, विजय धानुका, विष्णु गोयल और आदित्य शर्मा आदि उपस्थित थे।

## पंडरा लूट और फायरिंग मामला

# पुलिस ने तीन महिला सहित आठ अपराधियों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में हुए लूटकांड और फायरिंग मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 3 महिला सहित 8 अपराधी को गिरफ्तार किया है। इन पर साक्ष्य छिपाने, आपराधिक योजना को अंजाम देने का आरोप लगा है। बता दें कि पंडरा ओपी क्षेत्र में 30 दिसंबर 2024 को दिनदहाड़े हुई 13 लाख रुपये की लूट के मामले में पुलिस ने कल भी सफलता हासिल की है। इस मामले में पुलिस ने रांची और रामगढ़ में छापेमारी कर एक महिला सहित 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया था। अपराधियों ने आशीर्वाद आटा कंपनी के कैशियर सुमित कुमार गुप्ता से पैसे लूटे थे और बचाने आए युवक को गोली मार दी थी।

**पत्नी ने छिपाया था लूट में इस्तेमाल हथियार :** आशीर्वाद आटा के मैनेजर सुमित गुप्ता के साथ घर का भेदी लंका ढाये वाली कहानी हो गयी। उनकी दुकान का




ही पूर्व स्टाफ चंद्रशेखर कुमार सिन्हा पूरे कांड का मास्टरमाइंड निकला। उसी की प्लानिंग के तहत वारदात को अंजाम दिया गया था। इस काम में चंद्रशेखर सिन्हा का साथ उसके चार साथियों ने दिया था। उनके नाम राजेश श्रीवास्तव, संतोष कुमार, कारू सिंह और प्रकाश साव बताये गये। वहीं, प्रकाश साव की बहन पूनम देवी, उसकी पत्नी नीलम देवी और कांड के मास्टरमाइंड चंद्रशेखर सिन्हा की पत्नी साधना सिंह उर्फ प्रीति सिन्हा को भी गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि कांड को अंजाम देने के बाद लूटे गये पैसे, हथियार और गोलियां छुपाने में इन तीनों ने संदेही गुनहगारों की मदद की थी। इस बात का खुलासा रांची पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने किया।

**ये हुए गिरफ्तार**

1. राजेश श्रीवास्तव उर्फ राजेश सिंह, 2. चंद्रशेखर प्रसाद सिन्हा, 3. संतोष कुमार सिंह, 4. कारू सिंह, 5. प्रकाश साव, 6. पूनम देवी, 7. नीलम देवी उर्फ नीलम कुमारी और 8. साधना सिंह उर्फ प्रीति सिन्हा पति-चंद्रशेखर प्रसाद सिन्हा।

# हेमंत सोरेन से मिले स्पीकर रबींद्र नाथ महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के बीच रविवार को मुलाकात हुई। इस अवसर पर दोनों ने एक-दूसरे को नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# 450 रुपये में गैस सिलिंडर देने का वादा कर भूल गयी सरकार : आदित्य साहू

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने रविवार को राज्य के वित्तमंत्री एवं कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर के बयान की निंदा की। साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का जनता के साथ धोखेबाजी करना इतिहास रहा है। कहा कि 450 रुपये में गैस सिलिंडर देने के वादे को सिरे से नकार देना हेमंत सरकार की मंशा को उजागर कर रहा है। कहा कि कांग्रेस पार्टी और झामुमो दोनों ने विधानसभा चुनाव में जनता का वोट पाने के लिए बड़े पैमाने पर लोकलुभावन वादे किए। उन्हीं वादों में 3200 रुपये क्विंटल धान खरीद और 450 रुपये में जनता को गैस सिलिंडर देने की घोषणाएं शामिल है। राज्य में धान की खरीद 2400 रुपये में हो रही है और दूसरी ओर वित्तमंत्री ने तो जनता को पूरी तरह निराश कर दिया। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री का यह बयान कि 450 रुपये में सिलिंडर देने का वादा गठबंधन का नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस पार्टी का वादा था, जिसे पूरा करने के लिए सरकार बाध्य नहीं है। यह सरासर अज्ञानता है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी अपने सरकार के वित्तमंत्री के बयान पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## पटना साहिब गये 350 श्रद्धालु नगर कीर्तन में हुए शामिल

# वाहो वाहो गोबिंद सिंह आपे चेला...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा से विभिन्न जत्थों में गये 350 श्रद्धालु रविवार को पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के 358वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में निकाले गए नगर कीर्तन में कीर्तन मंडली के रूप में शामिल हुए। पूरे रास्ते कीर्तन मंडली की शीतल मुंजाल, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, मनजीत कौर, रेशमा गिरधर, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा एवं जसपाल मुंजाल ने वाहो वाहो गोबिंद सिंह आपे चेला... एवं चलो सिंहो दरशन करिए गुरु गोबिंद सिंह आये ने... तथा अवचल नगर गुरु गोबिंद का नाम जपत सुख पाया राम... जैसे कई शबद गायन कर पटना शहर की गलियों में भक्ति का रस घोला।

गायघाट गुरुद्वारा बड़ी संगत से दोपहर 2:30 बजे पांच निशानची और पांच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब को पुष्प से सुसज्जित सवारी पर विराजमान कर नगर कीर्तन निकाला गया, जो अशोक राजपथ होते हुए पश्चिम दरवाजा, गुरहट्टा, खाजेकलां, मच्छरहट्टा, चौक, झाऊगंज होते तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना



साहिब देर शाम पहुंचा। इस विशाल नगर नगर कीर्तन का पूरे श्रद्धाभाव से स्वागत किया गया।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि रांची से गये सभी श्रद्धालु रात तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना में आयोजित कवि दरबार में शामिल हुए। सोमवार को तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना में प्रकाश पर्व के मौके पर विशेष भव्य दीवान सजेगा, जिसमें रांची से गई संगत शामिल होगी और जत्था के सदस्य लंगर समेत अन्य सेवाओं में भी अपना योगदान देंगे।

नगर कीर्तन में सत्संग सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, मनीष मिढ़ा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, अनूप गिरधर, जीवन मिढ़ा, बसंत काठपाल, मोहित झंडई, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, इंदर मिढ़ा, गिरीश मिढ़ा, किशोर मदान, गुलशन मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, करण अरोड़ा, पीयूष मिढ़ा, विन्नी खत्री, छोटू सिंह, तनय काठपाल, कमल तलेजा, आशीष दुआ, हरीश तेहरी, कुणाल चूचरा, हरविंदर सिंह, तप्पू दुआ, हैप्पी अरोड़ा, रज्जो काठपाल, खुशबू मिढ़ा, सुषमा गिरधर, बिमला मिढ़ा, मीना गिरधर, ऊषा झंडई एवं निशा मुंजाल, गीता मिढ़ा, प्रेमी काठपाल, कृष्णा मिढ़ा,गरिमा अरोड़ा शामिल थे।

# 33 खिलाड़ी जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार से सम्मानित

**मंत्री ने सभी खिलाड़ियों, कोचों को किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में ऑड्रे हाउस में जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समारोह 2024 का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें राज्य के 33 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। पांच श्रेणियों में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल है।

**खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति:** मुख्य अतिथि पर्यटन, कला संस्कृति और खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सभी खिलाड़ियों, कोचों और खेल को बढ़ावा देने वाले संस्थानों को सम्मानित किया। मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन उन खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके बीच एक उम्मीद पैदा कर रहा है, ताकि खिलाड़ी अपने खेल से अपना और राज्य का नाम देश दुनिया में



**सरकार खिलाड़ियों के साथ है**

जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों का प्रोत्साहन करते हुए कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के साथ हर समय खड़ी है। झारखंड के बिना हॉकी खेल अधूरा है। झारखंड ने देश को कई खिलाड़ी दिए। उन्होंने उम्मीद फाउंडेशन के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि यह संस्था बिना सहयोग खिलाड़ियों को सम्मान कर रही है, यह बहुत बड़ी बात है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत किया। उम्मीद फाउंडेशन के कार्यों की जानकारी दी। संस्थापक सचिव निरंजन भारती ने जयपाल सिंह मुंडा के जीवनी और उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय क्रीड़ा विंग के प्रदीप मिर्धा ने दिया।

कमा सके। झारखंड खनिज संपदा के साथ खिलाड़ियों को भी पैदा करता है। उम्मीद फाउंडेशन बिना किसी सरकारी सहयोग के खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है। राज्य सरकार भी प्रतिभावान खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति देकर उनका सम्मान कर रही है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

**ये खिलाड़ी हुए पुरस्कृत :** जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार के तहत खिलाड़ियों कोच और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार में दीपिका कुमारी, निक्की प्रधान, अंकिता भगत, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, बाबूलाल हेंब्रम, मनीष मुंडा, अभिषेक लकड़ा, आलोक लकड़ा, पीयूष, सबीना कुमारी शामिल है। वहीं, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार के तहत विकास कच्छप, अमीषा केरकेट्टा, अनूप कुमार, ईशान सिंह, इशा सोनकर, सुजाना लकड़ा, शिला कुमारी, स्नेहा थापा, यमुना पासवान, निशिमा कुमारी और रिया वर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार में प्रकाश राम, बबलू कुमार, सरोजनाथ महतो, भूपेंद्र नाथ राम, राजीव रंजन, ज्योति, सुधीर गोला को सम्मानित किया गया। गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड में स्वर्गीय रॉबर्ट किस्पोट्टा, मानस सिन्हा और मारिया जी मिंज को सम्मानित किया गया। साथ ही झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग को झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

**समारोह में ये थे मौजूद:** सम्मान समारोह में पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, रांची कांग्रेस महानगर के अध्यक्ष कुमार राजा, संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलको, महेंद्र खलको, विनोद तिर्की, संगीता तिर्की, विनय महतो, शंकर दुबे, कुमुद साहू, अनिरुद्ध पांडे, विक्की करमाली, मुन्ना टोप्पो, अनिल कच्छप, दीपक मिर्धा, अक्षय तिवारी, विशाल भारद्वाज, बिन्नी डी एक्का, पुष्पा तिर्की समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# दीपक प्रकाश क्षेत्रीय प्रत्यक्ष कर सलाहकार समिति के सदस्य बने



**रांची (आजाद सिपाही) । झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश रांची क्षेत्रीय प्रत्यक्ष कर सलाहकार समिति के सदस्य बनाये गये हैं। संसदीय कार्य मंत्रालय के अवर सचिव अनिल कुमार ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर उन्हें यह जानकारी दी है। समिति के सदस्य बनाए जाने पर सांसद करदाताओं को हो रही परेशानी एवं उसकी सुविधाओं के बारे में न सिर्फ विभाग से जानकारी ले सकेंगे बल्कि उसे समुचित दिशा निर्देश भी दे सकेंगे।**

# कश्मीर के युवा पांच दिवसीय वतन को जानो कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कश्मीर के युवा पांच दिवसीय वतन को जानो कार्यक्रम के तहत गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार का संयुक्त आयोजन माय-भारत बिहार, पटना का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो डॉ दिनेश चंद्र राय ने विश्वविद्यालय के सीनेट सभागार में दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कश्मीर के कुल छह स्थानों पुलवामा, बड़गांव, श्रीनगर, बड़मूदा, कुपवाड़ा एवं अनंतनाग से 132 युवा युवतियों भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि झारखंड रांची से अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ वासुदेव प्रसाद, एल एस कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ ओम प्रकाश राय, कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्ण, प्रेम कुमार राय, गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, रांची झारखंड के शिक्षक डॉ ओम प्रकाश, पटना




से शिक्षिका डॉ मधु सिंह आदि उपस्थित रहीं। आगत अतिथियों का स्वागत माय-भारत नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक डॉ सर्वेंद्र प्रताप सिंह ने सॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ दिनेश चंद्र राय ने अपने उद्बोधन में सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया साथ ही कहा कि मुजफ्फरपुर की धरती पर कश्मीर से आए हुए युवाओं को देख कर की वादियों की खुशबू आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी आए हुए युवा मुजफ्फरपुर, बिहार की रोचक भोजन, ज्ञानप्रद साहित्य, ऐतिहासिक स्थान, क्रांतिकारियों, महापुरुषों के बारे में अवश्य समझें। उन्होंने बहुत ही मजबूती के साथ कहा कि कश्मीर हमारे देश का मणि मुकुट है और हम सब मिलकर इसे सजा रहे है। कार्यक्रम का उद्देश्य सबों को भारत भारतीयता और हम को जानना एवं पहचानना है। कार्यक्रम की संयोजिका माय-भारत की रश्मि सिंह, रणधीर चौधरी, का सराहनीय भूमिका रही। राष्ट्रगान के साथ उद्घाटन सत्र संपन्न हुआ।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.8 °c | 9.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.17 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.31 बजे |



# अपराधियों ने ट्रांसपोर्ट नगर में कोयला कारोबारी को मारी गोली, हालत गंभीर

**कोयला कारोबारियों में है दहशत का माहौल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र में अपराधियों ने बेखौफ होकर ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू स्थित मछली मार्केट के निकट ट्रांसपोर्ट कार्यालय में गोलीबारी कर एक कोयला व्यापारी को घायल कर दिया। घटना रविवार की संध्या सवा सात बजे की है। जहां बाइक सवार अपराधकर्मी ने 25 वर्षीय कोल व्यवसायी अनिल केसरी को गोली मार कर घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से गंभीर रूप से घायल अनिल केसरी को स्थानीय नर्सिंग होम में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर अवस्था को देख रांची रेफर कर दिया है। इधर, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद सदल बल पहुंच कर छानबीन में जुट गये हैं।

जानकारी के अनुसार, मेन रोड कुजू निवासी कोयला व्यापारी तापेश्वर केसरी उर्फ भोंदा केसरी के 25 वर्षीय पुत्र अनिल केसरी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अपने कार्यालय में अपने सहयोगी संतोष केशरी, प्रदीप केशरी और मुकेश केसरी के साथ बैठ कर कार्य कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधकर्मी पहुंचे। इसमें एक अपराधकर्मी स्टार्ट बाइक पर ही सवार रहा, जबकि दूसरा अपराधकर्मी कार्यालय में पहुंच कर पिस्तौल निकाल कर गोली चला दी। इसमें अनिल केसरी के कमर के नीचे गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अपराधकर्मी बाइक पर सवार होकर फरार हो गये। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने अनिल को उठा कर रांची रोड स्थित होप हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देख रांची रेफर कर दिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद सदल बल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी अपने वरीय अधिकारियों को दी। साथ ही, पुलिस ने मौके से एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

मौके पर पहुंचे मांडू सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा घटना की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा खंगाला। पुलिस ने छानबीन करते हुए अपराधियों के धर पकड़ के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

ज्ञात हो कि क्षेत्र में अपराधियों का तांडव बढ़ता जा रहा है। आये दिन अपराधी दहशत फैलाने के लिए कुछ ना कुछ घटनाओं को अंजाम देकर लोगों में खौफ पैदा कर रहे हैं। बीते वर्ष में अपराधियों ने तोपा परियोजना में गोलीबारी कर और पर्चा चिपक कर दहशत फैलाने का काम किया था। इससे पूर्व, दिसंबर 2023 में ट्रांसपोर्ट नगर में कोयला कारोबारी कल्याण पांडेय के कार्यालय के समक्ष गोलीबारी की थी, जिसमें बाल बाल बच गये थे। क्षेत्र में आये दिन हो रहे घटनाओं से कोयला कारोबारी में दहशत का माहौल है।

**गैंगस्टर राहुल दुबे ने ली घटना की जिम्मेवारी :** गोली चालन घटना का जिम्मेवारी लेते हुए गैंगस्टर राहुल दुबे ने कहा कि जो भी कोयला कारोबारी फोन नहीं उठाया और इग्नोर किया तो उसका यही अंजाम होगा। फोन नहीं उठाने का यह एक छोटा सा सबक है। अबकी बार कोई भी कारोबारी इग्नोर किया तो उसकी खोपड़ी में गोली लगेगी।




## अज्ञात अपराधियों ने शराब दुकान में सात राउंड गोली चलायी

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोहाद गांव स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान के बोर्ड पर अज्ञात अपराधियों के द्वारा शनिवार की रात्रि सात राउंड गोली चलाया गया। रात्रि होने के कारण शराब दुकान बंद था, जिसके कारण गोली से किसी की हताश होने की सूचना नहीं है और शराब दुकान के पास से खोखा भी बरामद नहीं हुआ। गोली चलाने के बाद अपराधी खोखा अपने साथ लेकर चले गये शराब दुकान के कर्मचारियों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घटना से संबंधित शराब दुकान के कर्मचारी और ग्रामीणों से लिए गोली कि घटना का जांच पड़ताल किये वहीं गार्ड के द्वारा बताया गया कि शनिवार की रात्रि 12 से 1:00 बजे दो फोर व्हीलर पर सवार होकर कुछ अपराधी आये और बिना बताये शराब दुकान के बॉर्ड पर गोली चला दिये और उसके बाद वह सभी हंटरगंज की ओर चले गये वहीं शराब दुकान में सीसी कैमरा भी नहीं लगा हुआ है जिससे अपराधी कभी भी एक बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं अपराधी दहशत फैलाने के गोली की घटना को अंजाम दिये है जिसकी जांच पड़ताल चल रही है।

# राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता : पारंपरिक नृत्य के बीच मंत्री रामदास सोरेन ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 68वी राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 का शानदार आगाज हुआ। रविवार शाम 4 बजे से रांची के मोरहाबादी स्थित भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में उद्घाटन समारोह की शुरुआत हुई। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन और विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के विधायक सीपी सिंह मौजूद थे। अतिथियों के अलावा समारोह में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह, महासचिव शिव कुमार पांडेय, एसजीएफआइ के पर्यवेक्षक अशोक नाथ तिवारी समेत खेल कोषांग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

समारोह की शुरुआत मशाल प्रज्वलन के साथ हुई। मशाल प्रज्ज्वलन राष्ट्रीय एथलीट संजीव भारती, दीपक मुंडा, प्रज्वल एवं मनीष बेदिया ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विभागीय मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि खेल हमारी संस्कृति और जीवन शैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ओलिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का जिस तरह प्रदर्शन रहा, वह हम सब के लिए गर्व कि बात है।

विशिष्ट अतिथि विधायक सीपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। झारखंड की सफल मेजबानी को लेकर उन्होंने झारखंड सरकार को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

उद्घाटन कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारतीय लोक कल्याण संस्थान, चुटिया के कलाकारों द्वारा पारंपरिक वाद्ययंत्रों के माध्यम से नागपुरी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कांके एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के कलाकारों ने 'नागपुर कर कोरा' और 'हुकुम देलन इंदर राजा, पानी बरसे से' गीत पर मनमोहक नृत्य पेश कर समा बांध दिया। रोहन देव पाठक द्वारा 'खेलेगा इंडिया' गीत की लाइव प्रस्तुतियों ने उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों में जोश भर दिया। रांची के बहुबाजार स्थित सत मिखाइल नेत्रहीन विद्यालय के बच्चो द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गयी। नेत्रहीन बच्चो ने देश मेरे तेरी शान पे सदके... गीत गाकर सबको भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में राज्यस्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता की विजेता टीम कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, चक्रधरपुर की छात्राओं ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी।

**आज झारखंड का सेमीफइनल :** भोपाल में आयोजित अंडर 14 हॉकी प्रतियोगिता में सोमवार का दिन झारखंड के लिए खास है। झारखंड की हॉकी टीम का उत्तर प्रदेश से मुकाबला होगा। इस प्रतियोगिता में अबतक झारखंड की अंडर 14 बालक टीम का शानदार प्रदर्शन रहा है।

## खादी मेला अब समाप्ति की ओर

# रागी लड्डू, चिप्स और अन्य उत्पाद डिमांड में

- जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडल की दीदियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित
- कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के आज 17वें दिन सुबह से ही लोगों का आगमन शुरू हो गया था। रांची के अलावे आस पास से भी लोग मेला घूमने आये।

सभी स्टॉलों में बहुत ज्यादा भीड़ देखने को मिली। आज लगभग 30,000 हजार लोगों ने मेले का आनंद लिया।

मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं मनोज कुमार, सचिव, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड रांची द्वारा खादी मेले का परिभ्रमण किया गया।

मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड की ओर से स्थानीय शिल्पकारों को स्टॉल दिया गया। बुंडू से आये शिल्पकारों ने बताया कि उनके द्वारा लकड़ी से बने यूनिक सामानों को मेले में अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। उनके पास 150 से 6000तक के सामान उपलब्ध है। मेले में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से तनाव मुक्त राजयोग प्रदर्शनी लगायी गयी है। वहीं इस बार रागी के लड्डू, रागी चिप्स, रागी मिक्सचर और रागी नीमकी सहित अन्य रागी उत्पाद खूब डिमांड में रहे।



मेले में रविवार को पलाश ब्रांड के स्टॉल पर जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडल की सभी दीदियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेले में बच्चों और युवाओं ने झूलों और मनोरंजन गतिविधियों का खूब आनंद लिया, जिससे उत्सव का माहौल और जीवंत हो गया।

रविवार को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा चुटू सिंह मुंडा एवं दल द्वारा आदिवासी छऊ नृत्य पार्टी और माधवी कुमारी एवं दल, रांची द्वारा हिंदी गायन की गयी। खरह बड़बिल, ओड़िशा द्वारा प्रयोजित पंकज कुमार एवं दल द्वारा शास्त्रीय संगीत बनारस घराना तथा झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आदर्श कुमार एवं ग्रुप तथा सूफी संगीत गायन किया गया।

बच्चों के लिए आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता में पांच से दस आयु वर्ग में विवान शौर्य, समृधि प्रिया एवं राहिनी कुमारी तथा ग्यारह से पंद्रह आयु वर्ग में अस्मीता कुमारी, आध्या कुमारी सिन्हा और जसरित कौर विजयी हुईं।

### आज का कार्यक्रम

सोमवार को को कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा वंदना उर्फ पायल बनारसी एवं दल, खलारी, रांची द्वारा हिंदी गायन तथा मेरी आवाज मेरी पहचान द्वारा नागपुरी / हिंदी गायन प्रस्तुति करेंगे।

## पत्रकारों की सुरक्षा के लिए सरकार व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र कानून पारित करें : राजेश गुप्ता



रांची (आजाद सिपाही)। छत्तीसगढ़ बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या अत्यंत ही दुखद है। उनकी हत्या की घोर निंदा करता हूं। इस घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर उनकी कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित हो और इस की जांच सीआइडी को दी जानी चाहिए। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने पत्रकार मुकेश की हत्या पर शोक व्यक्त किया। श्री गुप्ता ने कहा जब तक पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रस्तावित विशाल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट नहीं बन जाता, तब तक ऐसे तत्वों का हौसला नहीं टूटेगा। व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट 2015 में लोकसभा ने यह बिल पास कर दिया। राज्यसभा को समय नहीं मिला और 2019 में चुनाव आ गया उसके बाद से कोई भी नोटिफिकेशन नहीं आया है। केंद्र सरकार से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांग करती है कि आने वाले संसद सत्र में व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट को कानूनी रूप दी जाये, जिससे पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सुरक्षा प्रदान हो सके।

## रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से विमानों की आवाजाही के लिए नया टाइम टेबल

रांची (आजाद सिपाही)। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट प्रबंधन ने छह से 31 जनवरी तक विमानों के लिए नयी समय सारिणी जारी की है। इसमें पुणे-रांची-बेंगलुर (6ई6484-6799) आगमन सुबह 8.25, प्रस्थान सुबह 8.55 बजे, मुंबई-रांची-मुंबई आइएक्स (1237-1238) आगमन सुबह 8.20, प्रस्थान सुबह 8.50, दिल्ली-रांची-दिल्ली (6ई5044-5043) आगमन सुबह 8.40, प्रस्थान सुबह 9.10, कोलकाता-रांची-कोलकाता (6ई7561-7562) आगमन सुबह 8.50, प्रस्थान सुबह 9.20 बजे और हैदराबाद-रांची-हैदराबाद (6ई6083-6084) आगमन सुबह 9.00 और प्रस्थान सुबह 9.35 बजे होगा। रांची-दिल्ली-रांची (आइएक्स 1116-1117) विमान का आगमन सुबह 10 बजे, प्रस्थान सुबह 10.30, हैदराबाद-रांची-हैदराबाद (6ई421-398) आगमन सुबह 10.20, प्रस्थान सुबह 10.55, बेंगलुरु-रांची-बेंगलुरु (आईएक्स 2722-2723) आगमन सुबह 11.20, प्रस्थान सुबह 11.50, कोलकाता-रांची-कोलकाता (6ई6152-6893) आगमन सुबह 11.55, प्रस्थान दोपहर 12.30, देवघर-रांची देवघर (6ई7965-7964) आगमन दोपहर 12.30, प्रस्थान दोपहर 12.50, दिल्ली-रांची-दिल्ली (आइएक्स 1102-1103) आगमन दोपहर 12.50, प्रस्थान दोपहर 1.20, पटना-रांची-पटना (6ई6902- 925) आगमन अपराह्न 1, प्रस्थान दोपहर 1.30, कोलकाता-रांची-कोलकाता (6ई198-264) आगमन दोपहर 1.40, प्रस्थान दोपहर 3 बजे, दिल्ली-रांची-दिल्ली (6ई 5071-5220) आगमन दोपहर 2.20, प्रस्थान दोपहर 2.50, दिल्ली-रांची-दिल्ली (एआई2753-2754) आगमन दोपहर 2.55 और प्रस्थान दोपहर 3.50 बजे करेगा। मुंबई-रांची-मुंबई (6ई2348-298) आगमन शाम 4.15, प्रस्थान शाम 4.45, बेंगलुरु-रांची-बेंगलुरु (आइएक्स 2708-2710) आगमन शाम 4.40, प्रस्थान शाम 5.10 बजे, दिल्ली-रांची-दिल्ली (6ई2093-2349) आगमन शाम 5.25, प्रस्थान शाम 5.55, अहमदाबाद-रांची-अहमदाबाद (6ई6493-6184) आगमन शाम 5.45, प्रस्थान शाम 6.15, दिल्ली-रांची-दिल्ली (आइएक्स 1113-1114) आगमन शाम 5.55, प्रस्थान शाम 6.35, भुवनेश्वर-रांची-भुवनेश्वर (6ई7361-7362) आगमन शाम 6.30, प्रस्थान शाम 6.55, चेन्नई-रांची-चेन्नई (6ई6113-209) आगमन शाम 6.35, प्रस्थान शाम 7.05, बेंगलुरु-रांची-बेंगलुरु (आइएक्स2975-2976) आगमन शाम 6.45, प्रस्थान शाम 7.15, दिल्ली-रांची-दिल्ली (6ई5339-6031) आगमन शाम 7.50, प्रस्थान रात 8.20, बेंगलुरु-रांची-पुणे (6ई221-6272) आगमन रात 8.20, प्रस्थान रात 9.00, कोलकाता-रांची-कोलकाता (6ई7674-7235) आगमन रात 8.30, प्रस्थान रात 8.50, हैदराबाद-रांची-हैदराबाद (6ई186-191) विमान का आगमन रात 8.30, जबकि प्रस्थान रात 9.10 बजे होगा।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** आत्मविश्वास की वृद्धि,नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। गृह-भूमि-कृषि कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष** कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा जो काफी दिनों से लम्बित रहे।

**मिथुन** आजीविका के क्षेत्र में सफलता,कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर, कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी।

**कर्क** सुख-सौहार्द की वृद्धि,परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता।

**सिंह** नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होने में कुछ बिलम्ब होने की संभावना।

**कन्या** प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद, विरोधियों से परेशानी हो सकता है।

**तुला** जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगा।

**वृश्चिक** राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा, लाभदायक प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी।

**धनु** उत्साहित रहेंगे, अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे.विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से दूर रहें, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** स्वास्थ्य में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे,पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**मीन** सरकारी तथा न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होगी,कठिन परिश्रम-प्रयत्न से व्यापार में लाभ।

# आरटीइ एक्ट में 2019 के तानाशाही संशोधन को तत्काल रद्द करवाने का प्रयास किया जायेगा : केशव महतो कमलेश

**एक भी विद्यालय बंद नहीं होगा झारखंड में: आलोक कुमार दूबे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 2019 आरटीइ कानून को निरस्त करने की मांग को लेकर पासवा का एक दिवसीय सम्मेलन रविवार को पूर्व वित्त मंत्री सह पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव के कचहरी चौक डिप्टीपाड़ा स्थित सरकारी आवास में आयोजित किया गया। पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार ने बताया कि इस सम्मेलन में पूरे झारखंड से लगभग 1000 प्रिंसिपल, डायरेक्टर,पासवा के पदाधिकारी एवं वॉलिंटियर्स ने भाग लिया।

सम्मेलन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव मेहता कमलेश, आकांक्षा के कॉर्डिनेटर वीके सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोशन लाल भाटिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव मेहता कमलेश ने कहा कि आरटीइ एक्ट में 2019 के तानाशाही संशोधन को तत्काल रद्द करवाने का प्रयास किया जायेगा।

सम्मेलन में पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में 2019 आरटीइ कानून निरस्त करने, 2009 आरटीइ कानून लागू करने, यूडाइस पोर्टल खोलने, निजी विद्यालयों को नाहक परेशान नहीं करने जैसे गंभीर निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किये गये।

संपूर्ण भारत के अन्य राज्यों की तरह 2009 के आरटीइ एक्ट के तहत झारखंड के निजी विद्यालयों को मान्यता प्रदान करें। सिर्फ झारखंड राज्य में लागू आर टी ई 2019 के संशोधन को पूरी तरह रद्द करे सरकार। 2019 के पहले स्थापित यू डाइस प्राप्त विद्यालयों को जिन्होंने मान्यता के लिए प्रपत्र (क) को भरा था, उन विद्यालयों को 8वीं कक्षा तक बोर्ड की परीक्षा देने के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने स्कूल कोड प्रदान कर पूर्व में ही मान्यता दे दिया है, उन्हें सरकार फिर से मान्यता देने के लिए क्यों परेशान कर रही है।

2019 के संवैधानिक संशोधन में सिर्फ झारखंड में 5वीं तथा आठवीं कक्षा तक के ऐसे ऐसे शर्त रखे गये हैं, जिसे सीबीएसइ और झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 10वीं और 12वीं कक्षा तक की मान्यता प्रदान करने के लिए रखा है। कक्षा पांच तथा कक्षा आठ तक विद्यालय संचालन के लिए संपूर्ण भारत की तरह उपरोक्त शर्तों को निरस्त करते हुए सरकार मान्यता प्रदान करें। सरकार गैर यू डायस प्राप्त विद्यालयों को यू डायस प्राप्त विद्यालयों को यू डायस प्रदान करे। संपूर्ण राष्ट्र की तरह झारखंड में 2009 के आर टीइ के नियम के तहत संचालित हो विद्यालय; सरकारी और निजी विद्यालयों के लिए विद्यालय संचालन का और मान्यता का एक ही नियम हो।



जल्द हीं पासवान का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर प्रस्ताव की कॉपी देगा एवं 2019 आरटीइ कानून में संशोधन को निरस्त करने की मांग करेगा। सोमवार को पासवा का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात करेगा।

कार्यक्रम में जमशेदपुर जिला अध्यक्ष रमन झा, कोडरमा जिला अध्यक्ष मुन्ना यादव, हजारीबाग जिला अध्यक्ष मिंकु प्रसाद, धनबाद जिला अध्यक्ष मोहम्मद जिन्ना, चतरा जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश, रांची महानगर अध्यक्ष डॉक्टर सुषमा केरकेट्टा ,गढ़वा जिला अध्यक्ष एसएन पाठक, बोकारो जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, गोड्डा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार महतो, लोहरदग्गा जिला अध्यक्ष माजिद आलम, डायरेक्टर संजय कुमार, शहला परवीन, नीतू कुमारी, शहजादी अंबर, ममता देवी, माधुरी सिंह, रिजवाना परवीन, शबनम सिंह, मुस्कान कुमारी, आदित्य गुप्ता, छोटू साव, निधि शर्मा, प्रेरणा कुमारी, ऋति तिवारी, मो. जाबिर मुकेश कुमार, बच्चन पांडेय, पप्पू गौतम, सूर्यभूषण अग्रवाल, मनोहर पाण्डेय, ब्रह्मदेव दांगी, प्रमोद यादव, महेश तिवारी, राशीद इकबाल,कार्तिक विश्वकर्मा ने अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन पासवा के प्रवक्ता सह डीएभी सरला स्कूल के डायरेक्टर मेंहुल दुबे ने किया।

## झारखंड में पड़ रही है कड़ाके की ठंड

# कल के बाद मौसम में आयेगा बड़ा बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कांके और अन्य इलाकों में ओस की बूंदें इस कदर जमने लगीं है कि सुबह का दृश्य बर्फ गिरने जैसा नजर आ रहा है। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है, जिससे ठंड और बढ़ गयी है।

**रांची और आसपास के जिलों में घना कोहरा :** सुबह के समय कोहरा और धुंध का कहर जारी रहेगा। झारखंड के अधिकतर जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है, जिससे ठंड ने आम जनजीवन को प्रभावित किया हैं। राजधानी रांची में तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, जबकि नामकुम में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका हैं। इस दौरान कोहरे और शीतलहर के कारण विजिबिलिटी भी कम हो गयी है, जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया हैं। हाल ही में पलामू में कोहरे के कारण एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की जान चली गयी।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में हो रही भारी बर्फबारी के कारण झारखंड में भी शीतलहर का असर देखा जा रहा हैं। पहाड़ी इलाकों में आ रही बर्फीली हवाएं राज्य में कड़ाके की ठंड ला रही हैं। अगले दो-चार दिनों तक यह ठंड जारी रहने की संभावना है। सात जनवरी के बाद मौसम में बड़ा बदलाव आ सकता है, जिसमें तापमान फिर से गिर सकता हैं।

**न्यूनतम तापमान में वृद्धि की उम्मीद फिर होगी गिरावट :** मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है, लेकिन उसके बाद तापमान में फिर से गिरावट आयेगी।

### स्कूलों की छुट्टियों को लेकर जारी हुआ आदेश

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में कक्षा आठ तक के सभी स्कूल सात से 13 जनवरी तक बंद रहेंगे। राज्य सरकार ने शीतलहर एवं ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए यह निर्णय लिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। यह आदेश सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक तथा निजी स्कूलों पर लागू होगा। जारी आदेश में कहा गया है कि कक्षा नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं और सभी आवासीय स्कूल पूर्व की तरह संचालित होती रहेंगी। सरकारी स्कूलों के संबंध में कहा गया है कि इन स्कूलों के शिक्षक नियमित रूप से स्कूल आते रहेंगे। इस दौरान ये यूडायस प्लस 2024-25, अपार आइडी क्रिएशन तथा हाउस होल्ड सर्वे का काम करते रहेंगे। बताते चलें कि छह जनवरी तक पहले ही स्कूलों में अवकाश घोषित है।

# न इनकार न इकरार...

बिहार की राजनीति के दो धुरंधर नेताओं की पुरानी केमिस्ट्री ने एक बार फिर से राजनीतिक सुगबुगाहट पैदा कर दी है। जहां राजद और आइएनडीआइए ब्लॉक के नेता लालू प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार को फिर से साथ आने का निमंत्रण दे दिया, वहीं नीतीश ने भी सीधे खंडन करने के बजाय इसे हंसकर टाल दिया। इसके बाद कयासबाजी का वह दौर शुरू हुआ, जिसने पटना से लेकर दिल्ली तक राजनीति के सभी धड़ों के कान खड़े कर दिये। समकालीन राजनीति में नीतीश कुमार इकलौते ऐसे नेता हैं, जो पिछले एक दशक में चार बार पाला बदल कर बिहार की सत्ता में बने रहे हैं। यही नहीं, वह प्रासंगिक भी बने हुए हैं। इसीलिए लालू प्रसाद ने एक बार फिर कहा कि नीतीश कुमार के लिए उनके दरवाजे खुले हुए हैं। बड़ी बात यह है कि कोई भी प्रामाणिकता के साथ इस संभावना को नकारने की स्थिति में नहीं दिख रहा। नीतीश को लेकर अटकलों को मजबूती बिहार में एनडीए खेमे के मौजूदा आंतरिक समीकरणों से भी मिल रही है। कुछ ही दिन पहले अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा ने यह कहकर सनसनी फैला दी कि अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि बिहार में भाजपा के पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनायी जाये। हालांकि जल्द ही उन्होंने इस बयान से किनारा कर लिया, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था।

**यह बात भी ध्यान देने लायक है कि केंद्र सरकार में भाजपा के पास बहुमत नहीं है। नीतीश कमार का साथ उसके लिए भी अहम है। हालांकि आगामी लोकसभा चुनाव 2029 में हैं। इसलिए अभी से केंद्रीय सत्ता का समीकरण बिगाड़ने का विकल्प नीतीश कुमार भी शायद ही चुनना चाहेंगे।**

यह परसेप्शन पहले से बना हुआ है कि भाजपा बिहार की राजनीति में जदयू और नीतीश कुमार की अनिवार्यता जल्द से जल्द समाप्त करना चाहती है। इसी माहौल में पिछले हफ्ते नीतीश कुमार की दिल्ली यात्रा के दौरान हुई कथित अनदेखी की भी खबरें आ गयीं। कहा गया कि दिल्ली में नीतीश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें किसी ने भी वक्त नहीं दिया। हालांकि, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ऐसी किसी संभावना के पक्ष में नहीं दिखते। उनका फोकस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। इस वक्त नीतीश कुमार के आने की संभावना कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच भ्रम और असमंजस पैदा कर सकती है। यह बात भी ध्यान देने लायक है कि केंद्र सरकार में भाजपा के पास बहुमत नहीं है। नीतीश कमार का साथ उसके लिए भी अहम है। हालांकि आगामी लोकसभा चुनाव 2029 में हैं। इसलिए अभी से केंद्रीय सत्ता का समीकरण बिगाड़ने का विकल्प नीतीश कुमार भी शायद ही चुनना चाहेंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**चालू और बचत खाते बैंकों के लिए वित्तपोषण का सबसे सस्ता स्रोत हैं। यहां तक कि खुदरा सावधि जमा भी बैंकों द्वारा पूंजी बाजार आधारित उधारी से सस्ता पड़ता है। इस प्रकार, जमा राशि की कमी से बैंकों के लिए निधियों की लागत बढ़ जाती है। इसलिए, शोर-शराबा सस्ते फंड की अनुपलब्धता और कम होते मार्जिन की चिंता को लेकर है। बैंकिंग निरंतर वित्तीय दमन की धारणाओं पर भरोसा नहीं कर सकती। वैश्विक स्तर पर बहुत सी अर्थव्यवस्थाएं वित्तीय दमन का पालन करती हैं।**

# जमा राशि में कमी बैंकों के लिए एक चेतावनी

दीप मुखर्जी

1998 के बाद से, कम से कम 6 ऐसे अवसर आये हैं, जब जमा वृद्धि ने ऋण वृद्धि को पीछे छोड़ दिया। इसलिए, जमा संकट पर हालिया हो-हल्ला आश्चर्यजनक था, यह देखते हुए कि यह छठा था, जो अप्रैल 2022 से अक्टूबर 2024 तक बढ़ा था। ऋण और जमा वृद्धि के बीच बेहतर संरेखण के कारण सापेक्ष आराम भी आश्चर्यजनक है। पिछले 5 उदाहरणों में जमा-ऋण वृद्धि संरेखण जमा वृद्धि में वृद्धि और ऋण वृद्धि में गिरावट दोनों का परिणाम था। वर्तमान संरेखण ऋण वृद्धि में गिरावट और जमा वृद्धि में कोई सुधार नहीं होने के कारण है।

यह चिंताजनक है। यह परिवारों के बचत व्यवहार में अधिक संरचनात्मक परिवर्तनों का अग्रदूत हो सकता है। यदि बैंकिंग प्रणाली 2016 से पहले 14-16 प्रतिशत जमा वृद्धि दर पर वापस जाने की इच्छा रखती है, तो उसे जमाकत्ताओं के साथ अलग व्यवहार करना पड़ सकता है।

**जमा राशि की कमी से ऋण वृद्धि पर कोई असर नहीं पड़ता :** यह प्रचलित धारणा कि जमा राशि की कमी से ऋण वृद्धि बाधित होती है, गलत है और बैंकिंग अर्थशास्त्र की किसी भी बुनियादी समझ पर आधारित नहीं है। चालू और बचत खाते बैंकों के लिए वित्तपोषण का सबसे सस्ता स्रोत हैं। यहां तक कि खुदरा सावधि जमा भी बैंकों द्वारा पूंजी बाजार आधारित उधारी से सस्ता पड़ता है। इस प्रकार, जमा राशि की कमी से बैंकों के लिए निधियों की लागत बढ़ जाती है। इसलिए, शोर-शराबा सस्ते फंड की अनुपलब्धता और कम होते मार्जिन की चिंता को लेकर है। बैंकिंग निरंतर वित्तीय दमन की धारणाओं पर भरोसा नहीं कर सकती। वैश्विक स्तर पर बहुत सी अर्थव्यवस्थाएं वित्तीय दमन का पालन करती हैं। वित्तीय दमन, अन्य बातों के अलावा, यह भी दर्शाता है कि बचतकर्ताओं को अक्सर मुद्रास्फीति दर से कम रिटर्न मिलता है (यानी, उनकी वास्तविक ब्याज दर नकारात्मक होती है)। इससे कार्पोरेट और सरकार को सस्ते ऋण उपलब्ध करा कर आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**बैंकों के लिए जमाकर्ताओं को व्यवसाय में भागीदार के रूप में मानना और आर्थिक रूप से फायदेमंद सौदा पेश करना अधिक समझदारी भरा है।**




जब तक अधिकांश बैंक एक तुलनीय दृष्टिकोण का पालन नहीं करते हैं, तब तक प्रमुख उधार देने वाले बीयू के आंतरिक दबाव बैंकों को अधिक उचित मूल्य वाली जमा राशियों में स्थानांतरित होने से रोकेंगे। बेशक, फंड की वास्तविक लागत और वास्तविक ब्याज आय समग्र लाभप्रदता को प्रभावित करती है, लेकिन जमा-भारी बीयू के लिए ऋण देने वालों की तुलना में अधिक आर्थिक रूप से संतुलित प्रोत्साहन संरचना जमा जुटाने के मुद्दों को संबोधित करेगी।

यहां तक कि अमेरिका जैसी बाजार-संचालित अर्थव्यवस्थाओं ने भी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद और हाल ही में कोविड के दौरान अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय दमन का सहारा लिया। बचत खातों पर ब्याज दरों को बहुत पहले ही नियंत्रणमुक्त कर दिया गया था। हालांकि, वित्तीय दमन की जड़ता अभी भी जारी रह सकती है। हाल ही तक, भारतीय अर्थव्यवस्था के पास बहुत सारे विकल्प नहीं थे। बैंक में जमा की जाने वाली अधिकांश बचत पर नकारात्मक वास्तविक ब्याज दरें हैं। लेकिन हालात बदल रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने कई बार बैंकों में जमा राशि जुटाने में कमी के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है, क्योंकि जमाकर्ता तेजी से पूंजी बाजार और अन्य वित्तीय मध्यस्थों की ओर रुख कर रहे हैं। 2013 और 2023 के बीच, घरेलू वित्तीय परिसंपत्तियां सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 41 प्रतिशत से बढ़ कर 46 प्रतिशत हो गयी हैं। इसके अलावा, जमा और मुद्रा का वार्षिक परिसंपत्ति आबंटन वित्तीय परिसंपत्तियों के 67 प्रतिशत से घट कर 45 प्रतिशत हो गया है (स्रोतःबैंकिंग फॉर ए विकसित भारत, बीसीजी रिपोर्ट)। यह बचतकर्ताओं के व्यवहार में एक संरचनात्मक बदलाव हो सकता है।

एफटीपी, क्रेडिट कार्ड और परिचालन व्यय को हटा कर आय को घटाया जाता है। पैक में जोकर एफटीपी है। यदि यह फंड की वास्तविक लागत से प्रेरित है, जो कि आर्थिक रूप से अनुचित है, तो बीयू (बिजनेस यूनिट) को दिये गये फंड की वास्तविक अवसर लागत से प्रभावित होता है। यकीनन, उधार देने वाले बीयू को उच्च मार्जिन दिखाने का मौका मिलता है, ऋण को बेहतर कीमत देने की कम प्रेरणा होती है और फिर भी उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। लेकिन जमा जुटाने वाले बीयू को अक्सर जमा जुटाने की परिचालन लागत के अलावा जमा जुटाने के लिए कुछ मामूली प्रोत्साहन मिलता है।

केवल कुछ बैंक ही फंड की अवसर लागत लेकर एफटीपी का अनुमान लगाते हैं, जो कि खर्च की गयी लागत से काफी अधिक है।

जब तक अधिकांश बैंक एक तुलनीय दृष्टिकोण का पालन नहीं करते हैं, तब तक प्रमुख उधार देने वाले बीयू के आंतरिक दबाव बैंकों को अधिक उचित मूल्य वाली जमा राशियों में स्थानांतरित होने से रोकेंगे। बेशक, फंड की वास्तविक लागत और वास्तविक ब्याज आय समग्र लाभप्रदता को प्रभावित करती है, लेकिन जमा-भारी बीयू के लिए ऋण देने वालों की तुलना में अधिक आर्थिक रूप से संतुलित प्रोत्साहन संरचना जमा जुटाने के मुद्दों को संबोधित करेगी। बैंकों के लिए जमाकर्ताओं को व्यवसाय में भागीदार के रूप में मानना और आर्थिक रूप से फायदेमंद सौदा पेश करना अधिक समझदारी भरा है।

## देश-विदेश की खबरें

# पोरबंदर में कोस्टगार्ड का हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 की मौत

**नियमित उड़ान पर था एएलएच ध्रुव, एयरस्ट्रिप पर लैंडिंग के दौरान हादसा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पोरबंदर।** गुजरात के पोरबंदर में रविवार दोपहर 12 बजे इंडियन कोस्टगार्ड का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कोस्टगार्ड का हेलिकॉप्टर ध्रुव नियमित उड़ान पर था।

पोरबंदर एयरस्ट्रिप पर लैंडिंग के दौरान हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर के गिरते ही उसमें आग लग गयी। इंडियन कोस्टगार्ड ने बताया कि हेलिकॉप्टर में 2 पायलट समेत 3 लोग सवार थे। हादसे में तीनों की जान चली गयी, जिनकी पहचान सुधीरकुमार यादव, मनोजकुमार और सौरभ कुमार के रूप में हुई है।

**डीआइजी और जिला पुलिस अधीक्षक पहुंचे**

सूचना मिलते ही तटरक्षक बल के डीआइजी पंकज अग्रवाल और जिला पुलिस प्रमुख भागीरथ सिंह जाडेजा समेत पुलिस अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। तीनों जवानों के शव पीएम के लिए पोरबंदर के भावसिंहजी सरकारी अस्पताल भेजे गये हैं।

पिछले साल 2 सितंबर को भी इंडियन कोस्ट गार्ड (एएलएच) के एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) पोरबंदर तट के पास अरब सागर में गिर गया था। इस दौरान हेलिकॉप्टर में सवार 4 में से एक क्रू मेंबर को बचा लिया गया था, जबकि 3 क्रू मेंबर्स लापता हो गये थे।

# महाकुंभ में ब्लास्ट की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में बम ब्लास्ट की धमकी देने वाला अरेस्ट हो गया है। यूपी पुलिस ने शनिवार को उसे बिहार के पूर्णिया से पकड़ा। आरोपी 11वीं का छात्र है। पूछताछ में सामने आया है कि दोस्त को फंसाने के लिए साजिश रची।

आरोपी छात्र ने बताया कि उसका कुछ दिन पहले दोस्त से झगड़ा हो गया। उसे फंसाने के लिए फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया और धमकी भरा पोस्ट शेयर कर दिया। फिलहाल, यूपी पुलिस की टीम उसे प्रयागराज लेकर आयी है। एटीएच उससे पूछताछ कर रही है।

**लिखा था- महाकुंभ में 1000 हिंदुओं को मारेंगे :** छात्र ने 31 दिसंबर को इंस्टाग्राम पर नसर पठान नाम की आइडी से धमकी दी थी। लिखा था- ऑल ऑफ यू, तुम सब अपराधी हो। महाकुंभ में बम ब्लास्ट करेंगे। 1000 हिंदुओं को मारेंगे। उसी दिन विपिन गौर नाम के युवक ने पोस्ट के स्क्रीनशॉट को डायल-112 यूपी पुलिस को टैग करते हुए शेयर किया।

इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई। लखनऊ के यूपी-112 मुख्यालय के ऑपरेशन कमांडर अरविंद कुमार नैन ने पुलिस महानिदेशक अभिसूचना (लखनऊ), अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था (लखनऊ), अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा (लखनऊ), अपर पुलिस महानिदेशक एटीसएस (लखनऊ) और एसएसपी कुंभ को लेटर भेजा और जांच करने को कहा।

# बलूचिस्तान में बस पर आतंकी हमला 4 की मौत, 32 से ज्यादा लोग घायल

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के तुरबत शहर में शनिवार को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने एक बस में बम ब्लास्ट कर दिया। इसमें 4 लोगों की मौत हो गयी है। इसके अलावा 32 अन्य घायल हैं। इनमें से 5 घायलों की हालत गंभीर है। हमले में एक एसएसपी रैंक के सीनियर पुलिस अधिकारी और उनका परिवार भी घायल हुआ है। पुलिस ने आशंका जतायी है कि विद्रोहियों ने ररढ को निशाना बनाने के मकसद से ही बस पर हमला किया था। फिलहाल घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

हमले के बाद बीएलए के एक प्रवक्ता ने वीडियो जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली। इससे पहले पिछले महीने भी यहां एक बम ब्लास्ट में 2 लोगों की मौत हो गयी थी।

**पेशावर में दो पक्षों की झड़प में 5 की मौत**

पाकिस्तान के पेशावर में शनिवार को तहकल इलाके में दो गुटों के बीच फायरिंग में 5 लोगों की मौत हो गयी। इसके अलावा 6 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक मामला आपसी रंजिश का है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जो लोग फरार हैं, उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों में पहले विवाद चल रहा था। मामला संपत्ति और पुराने हत्याकांड से जुड़ा हुआ है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुट गयी है। अभी तक किसी को गिरफ्तार किया नहीं जा सका।

# जॉर्ज सोरोस को मिला अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**राष्ट्रपति बाइडेन ने सोरोस के बेटे को सौंपा फ्रीडम मेडल**

**मस्क बोले- ये हास्यास्पद है**

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** विवादित अमेरिकी बिजनैसमेन जॉर्ज सोरोस समेत 18 लोगों को राष्ट्रपति बाइडेन ने शनिवार को सर्वोच्च अमेरिकी नागरिक सम्मान (प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम) दिया। जॉर्ज सोरोस की जगह उनके बेटे एलेक्स सोरोस मेडल लेने पहुंचे।

सोरोस को फ्रीडम मेडल मिलने पर टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने भी प्रतिक्रिया दी है। मस्क ने मेडल देने के फैसले को हास्यास्पद बताया है। दूसरी तरफ सोरोस को मेडल देने के फैसले पर व्हाइट हाउस ने कहा कि इस लिस्ट में सोरोस का नाम जोड़ने को लेकर व्हाइट हाउस ने बयान भी दिया है। जॉर्ज सोरोस को इसलिए सम्मानित किया जा रहा है क्योंकि उन्होंने दुनियाभर में ऐसे संगठन का समर्थन किया है जो लोकतंत्र, मानवाधिकार, शिक्षा और सामाजिक न्याय को मजबूत करते हैं।

**पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन को भी मिला सम्मान**

सोरोस के अलावा इस लिस्ट में पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन को भी प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया। इस मेडल के कुल 19 लोगों को चुना गया था। हालांकि इनमें से 18 ही मेडल लेने पहुंचे।

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी मेडल लेने नहीं पहुंच सके। इनके अलावा पूर्व अटॉर्नी जनरल रॉबर्ट कैनेडी फैशन डिजाइनर राल्फ लॉरेन, एक्टर डेंजेल वॉशिंगटन जैसे दिग्गजों का नाम भी इस लिस्ट में है। जिन लोगों को पुरस्कार मिला है वे राजनीति, खेल, एंटरटेनमेंट, ह्यूमन राइट्स, विज्ञान जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं।

# बस्तर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, चार नक्सली ढेर

**छत्तीसगढ़ (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गये। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को इस संबंध में जानकारी दी। मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के हेड कांस्टेबल सन्नू करम भी शहीद हो गये। अधिकारी के अनुसार, मुठभेड़ शनिवार शाम को नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर दक्षिण अबूझमाड़ के जंगलों में हुई। सुरक्षाकर्मियों की एक ज्वाइंट टीम नक्सल रोधी अभियान के तहत क्षेत्र में पहुंचा था, तभी नक्सलियों से मुठभेड़ हो गयी। शनिवार देर रात तक चली गोलीबारी के बाद घटनास्थल से चार नक्सलियों के शव बरामद किये गये।

# प्रगति यात्रा पर निकले नीतीश का लालू-राबड़ी पर हमला

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुजफ्फरपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फिर स्पष्ट कर दिया है कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में ही रहेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के ऑफर का भी संदेश के जरिए जवाब दे दिया। उन्होंने कहा कि हम दो बार गलती से उनलोगों के साथ चले गये थे लेकिन अब उनको छोड़कर इधर आ गये हैं। अब पुराने साथियों के साथ ही है। उनलोगों ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। महिलाओं के लिए भी कोई काम नहीं किया। शाम होने के बाद कोई घर से निकलता था? 2005 के बाद हमलोगों ने काफी काम किया। सबके विकास के लिए काम किया। हमलोगों ने हिन्दू-मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा, दलित-महादलित समेत सभी वर्गों के काम किया।

**लालू राबड़ी राज की दिलायी याद**

सीएम नीतीश कुमार ने लालू-राबड़ी राज की याद दिलाते हुए कहा कि पहले महिलाओं की स्थिति क्या थी सभी जानते हैं। शाम में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। उनलोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। जबसे हमलोगों की सरकार आयी महिलाओं के उत्थान के लिए कई कार्य किये गये, जिसके फलस्वरुप आज काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। हमलोगों ने स्वयं सहायता समूह का गठन किया उसे नाम दिया 'जीविका'। जीविका समूह से जुड़नेवाली महिलाओं की स्थिति में काफी बदलाव आया है। आप देख रहे हैं जीविका दीदियां कितना अच्छा काम कर रही हैं। बिहार में जीविका अच्छा काम करने लगी तो उस समय की केंद्र सरकार ने इसकी सराहना की और उसी की तर्ज पर 'आजीविका' नाम देकर पूरे देश में इसे चलाया। जीविका दीदियों को जिन चीजों की जरुरत होती है हमलोग उसे पूरा करते है। यह सब बातें सीएम नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर में प्रगति यात्रा के दौरान कही।

**साढ़े चार करोड़ की योजना की सीएम नीतीश ने दी सौगात**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में मुजफ्फरपुर जिले को 45140.12 लाख (451 करोड़ 40 लाख) रुपये की सौगात दी है। 76 योजनाओं से संबंधित शिलापट्टों का अनावरण कर उद्घाटन, शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया। इनमें 9405.46 लाख रुपये की लागत से 51 योजनाओं का उद्घाटन, 24590.31 लाख रुपये की लागत से 23 योजनाओं का शिलान्यास एवं 11144.35 लाख रुपये की लागत से 2 योजनाओं का कार्यारंभ शामिल है।

## 15वें वित्त आयोग की बैठक कल

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड के कंचनपुर पंचायत सचिवालय में 15 वित्त आयोग की 6 जनवरी की होने वाली ग्राम सभा की बैठक गुरू गोविंद सिंह की जयंती होने के कारण स्थगित कर दिया गया है। अब ग्राम सभा बैठक 7 जनवरी 2024 को होगी। उक्त जानकारी कंचनपुर पंचायत सचिव शोभा मिश्रा ने दी।

## पिता की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क बैंक को सामग्री दी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। अपने पिता की नौवीं पुण्य तिथि पर वरिष्ठ पत्रकार सह प्रोफेसर कमलेश सिन्हा ने रविवार को शौकत खान द्वारा संचालित अनेक नि:शुल्क बैंक को चूड़ा, मुरही, तिलकुट, गुड, बिस्कुट आदि डोनेट किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों, असहायों की सेवा ही सच्ची सेवा होती है। शौकत खान मानवता की सेवा का मिसाल बन कर लगातार इस दिशा में कार्य कर रहें हैं यह बड़ी बात है। इस मौके पर शौकत खान ने कहा कि हमारे स्वर्गीय चाचा चंद्रशेखर प्रसाद उर्फ चांद बाबू स्वास्थ्य सेवा के कार्य में मानवता की मिशाल पेश की थी। उनके मधुर वाणी और कुशल व्यवहार से मरीजों को राहत मिल जाती थी। यही कारण है गढ़वा शहर में उनका जुड़ाव हर घर से था। इस मौके पर उनके छोटे भाई बिमलेश सिन्हा, अनेक नि:शुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान, संचालक साजिद खान आदि उपस्थित थे।

## बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के किसानों के बीच चना बीज का किया गया वितरण

भंडरिया (आजाद सिपाही)। बड़गड़ प्रखंड के बूढ़ा पहाड़, तूरेर, तुमेरा, खपरी महुआ, सरुअत, हेसातु, कूल्ही गांव एक समय नक्सी का माने जाने वाला गांव रविवार को किसानों के बीच कृषि विभाग के द्वारा उपलब्ध चना बीज का वितरण टेहरी पंचायत के मुखिया बिन्को टोप्पो, बीटीएम जगन्नाथ कुमार ने हेसातू गांव के कोरवाटोली में एक कार्यक्रम के तहत संयुक्त रूप से किसानो के बिच चना का बीज बितरण किया। इस अवसर पर बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के सभी गांव के किसानों के बीच पांच पांच किलो चना बीज का वितरण किया गया। वहीं इस अवसर पर मुखिया ने वहां के किसानों को आश्वासन दिया कि बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के लाभुक किसानों को कृषि विभाग और अन्य योजनाओं से मिलने वाली सुविधा एवं लाभ दिलवाने का कार्य करूंगी। इस मौके पर कृषक मित्र संजीव कुजूर, मुबारक अंसारी, शुकुल बृजिया, कार्लोस बृजिया, बलदेव बृजिया, बूटन कोरवा, पूरन किसान, दामोदर किसान, मंगल, तपेश्वर, बंधु कोरवा, जीतन कोरवा, सूरजदेव कोरवा, हलकन किसान आदि मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को दिये स्वेटर



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के अरसली उत्तरी पंचायत के लामी टोला में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत के मुखिया पति और समाजसेवी पिंटू आलम ने बच्चों को स्वेटर वितरित करते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में बच्चों को ठंड से बचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि समाज में जरूरतमंदों की मदद करना उनके जीवन का उद्देश्य है, और इसी उद्देश्य को लेकर वे हमेशा समुदाय के विकास कार्यों में सक्रिय रहते हैं। पिंटू आलम ने बच्चों को अच्छी शिक्षा और स्वच्छता के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार की मदद जारी रखेंगे, ताकि गरीब और जरूरतमंद बच्चों को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिल सके। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका बिणा चौरसिया, नारद चौरसिया, राजकुमार वियार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कांडी प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# मैं विधायक से डरनेवाला नहीं हटा कर दिखायें : सत्येंद्र पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** कांडी प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने रविवार को कांडी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह पर षडयंत्र के तहत सभी पंचायत समिति सदस्य को बरगलाने का आरोप लगाया। श्री पांडेय ने कहा कि विधायक विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास पर नहीं, बल्कि प्रमुख और मुखिया को हटाने की साजिश रचने में व्यस्त हैं। कहा कि विधायक अपने आवास पर पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक कर उन्हें अपनी गाड़ी से कांडी लाये। कांडी पुलिस को उनके सुरक्षा में तैनात किया। उन्होंने कहा कि विधायक को जीते हुए अभी दो माह भी नहीं हुआ है कि वे सभी जगहों से वसूली के लिए नये-नये हथकंडे अपनाने लगे। उन्हें मनरेगा और जमीन के दाखिल खारिज में कमीशन चाहिए, उन्हें मुखिया फंड में कमीशन चाहिए। उन्हें लगा कि कांडी प्रखंड प्रमुख इतनी आसानी से उनकी मुट्ठी में नहीं आ पायेंगे, इसलिए प्रखंड और पंचायत का सारा सिस्टम अपनी मुट्ठी में करने के उद्देश्य से विधायक द्वारा इतना बड़ा षडयंत्र किया जा रहा है। पिंकू पांडेय ने कहा कि अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए विधायक द्वारा लगातार मुखिया या अन्य जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाया जा रहा है। विधायक के इस कृत्य से सरकार की बदनामी होगी।

प्रमुख ने कहा कि वे इसकी शिकायत पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के साथ-साथ सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से करेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि मैं विधायक से डरने वाला नहीं हूं। विधायक में दम है, तो मुझे प्रमुख से हटा कर दिखा दें।

विधायक द्वारा जबरदस्ती एक दर्जन पंचायत समिति सदस्य या उनके प्रतिनिधि को कहीं गुप्त स्थान पर ले जाया गया है। लेकिन सभी पंचायत समिति सदस्य उनके झांसे में आने वाले नहीं हैं। समय आयेगा तो विधायक को करारा जवाब दिया जायेगा।

### मुझे प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया और वार्ड पार्षद के विवाद से कोई लेना-देना नहीं है : विधायक

इधर इस संबंध में पूछे जाने पर क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मुझे प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया और वार्ड पार्षद के विवाद से कोई लेना देना नहीं है। यह पंचायत समिति सदस्यों का अपना समस्या है। मुझे विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में बहुत काम है। प्रखंड प्रमुख के विभिन्न विभागों से कमीशन वसूलने के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए विधायक ने कहा कि प्रमुख का आरोप बेबुनियाद है। वे अपने पांच वर्षो के कार्यकाल में किसी से अवैध रूप से एक रुपया भी नहीं लेंगे।

## एसडीओ ने श्रीकृष्ण गौशाला परिसर का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददताा

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार दोपहर में बस स्टैंड परिसर के पास अवस्थित गौशाला परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वहां मौजूद व्यवस्थाओं को देखा, साथ ही गौशाला की बेहतरी के लिए क्या-क्या तात्कालिक कदम उठाए जा सकते हैं, इस बारे में गौशाला प्रबंधन से जुड़ी टीम के वरीय सदस्यों के साथ विमर्शपूर्ण संवाद किया। गौशाला प्रबंधन में अपनी स्वैच्छिक सेवाएं दे रहे लोगों ने गौशाला की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने, गौशाला की भूमि को सीमांकित करने तथा गौशाला के दैनंदिन संचालन में आ रही आर्थिक दिक्कतों के बारे में भी अनुमंडल पदाधिकारी को विस्तार से बताया। गौशाला परिसर के चारों तरफ विधि व्यवस्था से जुड़े विषयों, परिसर के चारों तरफ समुचित नागरिक सुविधाओं को उपलब्ध कराने आदि हेतु एसडीओ से अनुरोध किया।

## विशेष योग कक्षा के पश्चात हवन यज्ञ के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन



गढ़वा। पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास के 30 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला समिति के तत्वाधान में रविवार को पुरानी बाजार स्थित डीएवी मॉडल स्कूल में धूमधाम से स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 8 बजे विशेष योग कक्षा से किया गया। योग प्राणायाम के पश्चात वैदिक हवन यज्ञ ब्रह्मा शांति साध्वी कम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य यजमान के रूप में उपकार गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुशील केसरी, पूनम देवी के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने आहुति दी। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष सत्यनारायण दुबे ने पतंजलि सह भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा देश हित व मानव हित में किये गये सेवा मूलक कार्यों की चर्चा करते हुए कहां की योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज जी के प्रयास से देश में स्वदेशी प्रकल्प का विस्तार हो रहा है। कार्यक्रम में राज्य मीडिया प्रभारी संतोष पांडे, विवेकानंद पांडे, मेराल प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, विष्णु कुमार राउत, संतोष कुमार चौबे, गुप्तेश्वर सोनी, मधुबाला देवी, माधुरी देवी, विजय सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## बापू के विचार पर अमल की जरूरत : ओबैदुल्लाह



धुरकी(गढ़वा)। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बिमला देवी कार्यकारी अध्यक्ष ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि बापू का योगदान भारत की आजादी दिलाने में किसी से छिपा नहीं है बापू की विचार को आज भी अमल करने की जरूरत है। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का दिया हुआ संविधान के चलते सभी वर्गों को समान अधिकार मिला। कार्यक्रम प्रभारी जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आदेश पर जय बापू, जय भीम, जय संविधान के बातो को पूरे प्रखंड पंचायत गांव जन जन तक पहुंचाना है कि बापू ने भारत की आजादी के लिए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत की आजादी दिलायी। उन्होंने कोट उतार दिया जनता के हक में, और अफरोज आलम आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय साहू समाज का गठन, शालिग्राम गुप्ता बने अध्यक्ष

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी मंडल के राष्ट्रीय साहू समाज का गठन रविवार को कर्पूरी चौपाल कदवा उर्फ लिखनीधौरा में संपन्न हुआ। इसका अध्यक्ष शालिग्राम गुप्ता, संरक्षक डॉक्टर शंकर प्रसाद गुप्ता, युवा अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष बसंत शाह, ओंकार प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, उदय शाह अरुण गुप्ता, भुनेश्वर प्रसाद गुप्ता और महामंत्री अनुज गुप्ता, अपार महामंत्री राम प्रवेश गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, अवध गुप्ता, रामलाल गुप्ता, सिकंदर गुप्ता महामंत्री संगठन मनदीप गुप्ता आदि को समाज का कार्यभार दिया गया।

## प्रेमी जोड़ा की ग्रामीणों ने शादी कराया



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। तीन महीने से फरार चल रहे प्रेमी जोड़ी को ग्रामीणों ने पकड़ कर शादी कराया। पिपरी खुर्द निवासी सोनू कुमार रिखाशन और कंजू कुमारी अरशली भवनाथपुर निवासी दोनों प्रेम प्रसंग में तीन महीना से फरार चल रहे थे, जिसको मुखिया प्रतिनिधि अशोक पाशवान और ग्रामीणों ने दोनों पक्ष के माता-पिता को बुला कर लड़का लड़की की आपसी सहमति से शादी कराया गया। वहीं ग्रामीणों के बिच सोनू और कंजू ने कहा कि हमलोग शादी किसी के डराने धमकाने से नहीं अपनी सहमती से कर रहे हैं। हम दोनों का लगभग एक वर्ष प्रेम प्रसंग चल रहा था। हम दोनों अपने-अपने माता-पिता से शादी को लेकर बोला पर गार्जियन शादी से इनकार दिये थे। तब हमलोगों ने दुर्गा पूजा में घर से भाग कर मुंबई में थे। वहीं मंदिर में हम दोनों ने शादी भी कर लिया था। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, फुटुन सिंह, रविंद्र सिंह, सीता प्रजापति, बेलास भुइयां, संतोष पासवान, नंदू भुइयां, जवाहर सिंह, बबलू चौधरी के साथ सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## भंडरिया: बाघ के हमले में मारे गये पशु के मालिक को मिली सहायता राशि

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड प्रमुख रुक्मिणी देवी के द्वारा रविवार को बाघ के हमले में मारे गये पशु के मालिक रोदो गांव निवासी रामलाल यादव को तत्काल सहायता के रूप में 5000 रुपये और गांव के ही इंद्रदेव यादव को 2000 रुपय प्रदान किया गया। इंद्रदेव यादव का बछड़ा बाघ के हमले में घायल हो गया था। मुआवजे की राशि के लिए वन कर्मियों के द्वारा सरकारी प्रक्रिया पूरी करते हुए आगे की प्रक्रिया के लिए उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। वन विभाग के द्वारा जंगल से घीरे गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। वहीं बेवजह जंगलों में जाने की मनाही की गयी है। वनरक्षी तुषार कुमार ने बताया कि जिस तरह से पालतू पशुओं पर हमला हो रहा है, वह सभी बाघ की हमले की तरह ही है। इसके लिए हमलोगों के द्वारा वन क्षेत्र में ट्रैपिंग कैमरा लगाया गया है। जिससे पुरी तरह से बाघ होने की पुष्टि हो सके। मौके पर वनरक्षी कमलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रमुख ने अपने आवास पर बांटा कंबल



केतार (आजाद सिपाही)। बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी और प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद ने पाचाडूमर अपने आवास पर 70 बुजुर्ग और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया, जिनमें प्रमिला कुंवर, सोमरी कुंवर, सिवचन विश्वकर्मा, मालती कुंवर, जसमतिया देवी, प्यारी चौधरी, रामजन्म मांझी, शीला देवी, मंगर उरांव सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है। प्रखंड कार्यालय के आवंटित 170 में से शेष 100 कंबल पंचायत समिति सदस्य को आवंटित कर प्रखंड के सभी पंचायत के बुजुर्ग और असहाय लोगों को चिन्हित कर बाटने की निर्देश दी हैं।

## फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे विधायक, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भवनाथपुर विधानसभा के विधायक अनंत प्रताप देव, विशिष्ट अतिथि खरवार लोक सेवक संघ जिलाअध्यक्ष संजय कुमार सिंह, खरवार आदिवासी एक्ता संघ जिलाअध्यक्ष नारायण सिंह, झामुमो युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव उपस्थित थे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच हेतार कला बनाम राजबास के बीच खेला गया। जिसमें मैच का निर्णय पांच-पांच गेंद का ट्राई ब्रेकर के द्वारा कराया गया। ट्राई ब्रेकर के दौरान राजबास की टीम ने दो गोल मारकर फाइनल मैच के किताब को जीत लिया। उसके बाद विजेता और उपविजेता के खिलाड़ियों को विधायक के द्वारा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने खिलाड़ियों का हौसला-आफजाई करते कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होने के साथ प्रतिभा भी सामने आती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी चाहे जिस खेल में रुचि ले, उस खेल को तनमयता के साथ खेले और उसके माध्यम प्रखंड जिला ही नहीं, बल्कि राज्य स्तर तक जाएं। उन्हें खेलो झारखंड योजना के तहत सहयोग राशि प्रदान की जायेगी। वहीं उन्होंने कहा कि चाहे खिलाड़ी हो चाहे भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के कोई भी आम आवाम उन्हें जब भी जरूरत पड़े मुझे याद करें हम उनके पास जरूर पहुंचेंगे।

## हार जीत खेल के दो पहलू : नरेश सिंह

**राम प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब मोरबे की टीम ने जीता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी ।** प्रखंड के लमारी कला पंचायत के हरीगांवा खेल मैदान पर खेले जा रहे स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब मोरबे की टीम जीती। झारखंड मोरबे की टीम ने बिहार के तिलोखर की टीम को पांच विकेट से हराकर लगातार तीसरी बार टूर्नामेंट का विजयी खिताब जीता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने विजयी टीम को ट्राफी प्रदान करते हुए कहा कि हार जीत खेल के दो पहलू हैं। हारने से किसी भी टीम के खिलाड़ियों को हतोत्साहित नही होना चाहिए, बल्कि और लगन व मेहनत के साथ खेलने की जरूरत है। उन्होंने लोगों की मांग पर कहा कि हरीगांवा की इस खेल मैदान को और विकसित किया जायेगा। विधायक ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में जहां जमीन उपलब्ध है एक खेल का मैदान विकसित किया जाएगा।जहाँ पर युवा मेहनत कर खेल के क्षेत्र में और सरकारी नौकरी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है विधानसभा क्षेत्र के सभी छोटे बड़े चेक डैम का निर्माण करना।अगर सरकारी निधि से निर्माण नही होता है तो मैं अपने मिशन जनकल्याण के तहत चेक डैम का निर्माण करूंगा।विधायक ने कहा कि क्षेत्र के गांव व टोलों के सभी सड़के जर्जर स्थिति में है जिसका निर्माण होगा।अंत में उन्होंने सभी को वोट देने के लिए धन्यवाद दिया।

## डोलोमाइट माइंस बंदी के बाद कार्यरत ठेका कर्मियों का अंतिम भुगतान हुआ : जीवधान



भवनाथपुर (गढ़वा)। पलामू प्रमंडल खान मजदूर संघ के महासचिव जीवधान साहू ने सोमवार को एटक कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि डोलोमाईट माइंस बंदी के बाद कार्यरत ठेका कर्मियों का अंतिम भुगतान हो चुका है। सेल प्रबंधन द्वारा भवनाथपुर में की गयी रैयतों के भूमि की वापसी झारखंड सरकार और हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही संभव है। जिस दिशा में आंदोलनरत विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। कहा कि तुलसीदामर डोलोमाईट खदान की समाप्त हो चुकी लीज को झारखंड सरकार और सेल प्रबंधन की आपसी सहमति लीज प्रक्रिया को जिंदा करते हुए इसे दुबारा चालू करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर सेल प्रबंधन राज्य सरकार जमीन हस्तांतरित कर यहां सीमेंट फैक्ट्री, पॉवर प्लांट या अन्य कोई उद्योग धंधा स्थापित कराये अन्यथा उक्त जमीन को विस्थापित रैयतों को वापस करें। इस मौके पर गणेश सिंह, अख्तर अंसारी, ऐनुल अंसारी, अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## गंभीर बीमारी से समाजसेवी बुद्धि नारायण का निधन

केतार। प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी बुद्धि नारायण साह उम्र लगभग 57 वर्ष का रविवार को दो बजे अपने पैतृक आवास पर मृत्यु हो गया। वे किडनी और लीवर की बीमारी से ग्रस्त थे। उनका इलाज भिलौर, वाराणसी, रांची समेत अन्य अस्पतालों में कराया गया। परंतु स्वास्थ्य में खास सुधार नहीं हुआ। उनकी मृत्यु की खबर सुनते ही पैतृक गांव मुकुंदपुर सहित आसपास के काफी लोग उनके घर पहुंच कर शोक सांत्वना व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार पंडा नदी के तट पर किया गया, जिसमें अपने गांव सहित आसपास के काफी लोग उपस्थित थे।

# सभी खिलाड़ी अनुशासित होकर खेलें: अलखनाथ पांडेय

**ज्ञान निकेतन शांति निवास स्कूल को हरा कर सेमीफाइनल में**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे हैं 23 वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 20वे दिन सीनियर वर्ग के मैच में ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने शांति निवास हाई स्कूल को 22 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, वहीं दूसरे मैच में बीपीडीएवी ने रोमांचक मुकाबले में आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव को चार रन से हराकर क्वार्टर फाइनल प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान मैच से पूर्व प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और सिक्का उछाल कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित सात ओवर में दिव्यांश के 34 और हेमंत के 17 रनों के सहयोग से 83 रनों का स्कोर खड़ा किया। शांति निवास स्कूल की ओर से आदर्श और शिवम ने दो-दो विकेट और वरुण ने एक विकेट प्राप्त किया जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 61 रन ही बना पायी शांति निवास की ओर से सत्यम और ऋषभ ने 15, 15 रन बनाये। ज्ञान निकेतन बेलचंपा की ओर से अनुराग ने तीन और नीतीश ने दो विकेट लिया। दूसरे मैच में बीपीडीएवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में ऋषभ ने 40 और सत्यम के 17 रन के सहयोग से सात ओवर में 103 रन बनाएं। आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव की ओर से अरुण ओर मंजुला ने दोदो विकेट प्राप्त किया। जबाबी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल की टीम आठ विकेट पर 99 रनों पर ही सिमट गयी। बीपी डीएवी की ओर से सत्यम और प्रत्यूष ने दो दो विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन बेलचंपा के दिव्यांश को बीपीडीएवी के ऋषभ को प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडे, पूर्व खिलाड़ी विनोद कमलापुरी और गढ़वा में क्रिकेट के संस्थापक सह पूर्व खिलाड़ी सच्चिदानंद धर दुबे ने प्रदान किया। इस मौके पर संरक्षक अलखनाथ पांडे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग अनुशासित होकर खेल को खेलें। अंपायर के निर्णय को हर हाल में माने। उन्होंने कहा कि सभी लोग सम्मान देने का काम करें, सम्मान देने से सम्मान घटता नही बढ़ता ही है। अपने विद्यालय और जिले का नाम रोशन करें। गढ़वा जिले के क्रिकेट के संस्थापक सह पूर्व खिलाड़ी सच्चिदानंद धर दुबे ने कहा कि मैदान में आने के बाद पुराने याद ताजा हो गयी है, खेल के माध्यम से खिलाड़ी जहां मानसिक रूप से परिपक्व होते हैं वहीं शारीरिक रूप से भी मजबूत होते हैं। विनोद कमलापुरी ने कहा कि उन्होंने इस मैदान में क्रिकेट खेल की शुरूआत की उसके बाद 1982 से भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अजीत वाडेकर के नाम से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया, जो 12 वर्षों तक चला और उसे रिकॉर्ड को गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता ने तोड़ते हुए अपने 23वें आयोजन कर रहा है। इस मौके पर उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, उपाध्यक्ष सह मैच के पर्यवेक्षक सियाराम शरण वर्मा, सचिव आनंद सिन्हा,सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनीष, नैतिक, हेमंत, गोलू दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ का 12 जनवरी को वनभोज कार्यक्रम



**खलारी (आजाद सिपाही)।** आंबेडकर पार्क डकरा में अखिल भारतीय धोबी महासंघ का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुखराम सेठ और संचालन वीरेंद्र कुमार रजक ने किया। बैठक में रांची जिला मिडिया प्रभारी ध्वजा राम धोबी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में समाज को संगठित करने पर बल दिया गया। साथ ही संगठन को मजबूत करने हेतु विचार विमर्श भी किया गया। वहीं बैठक में 12 जनवरी को वनभोज कार्यक्रम केडीएच पंप हाउस दामोदर नदी में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से रमेश रजक, मोनू रजक, किशोर कुमार बैठा , गणेश बैठा, रवींद्र बैठा, अनुप रजक, सुरेंद्र बैठा, रंजन रजकमोतिलाल बैठा, अरुण बैठा, मुन्ना रजक , सुजित बैठा, विजय धोबी, उपेंद्र कुमार रजक, गुडू रजक, संजय कुमार बैठा, संजय रजक, इत्यादि मौजूद थे।

## तुमांग पंचायत के ग्रामीणों ने की विधायक से मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग पंचायत के ग्रामीणों ने कांके विधायक सुरेश बैठा से रांची में मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान विधायक को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही तुमांग पंचायत के समस्याओ से भी अवगत कराया गया। वही पंचायत के रैयत विस्थापित की समस्याओ पर भी विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। विधायक ने भी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया है कि क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं उनको दूर करने के लिए सकरात्मक पहल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वे जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं। मुलाकात करने वाले लोगों में रमेशर भोगता, किसुन मुंडा, बहुरा मुंडा, विनय राम, आशीष यादव, उमेश लोहरा, सुधीर उरांव आदि शामिल थे।

## गांवों में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना मेरी जिम्मेवारी: राम सूर्या मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास और भरोसे के साथ मुझे विधायक बनाया है, मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि मैं उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतरूं। विधायक रविवार को मुरहू प्रखंड के केवड़ा बाजार टांड़ में क्षेत्र की जनता के साथ सीधी बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कहा था कि हर गांव में बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। विधायक ने कहा कि अधूरी और जर्जर सड़कों का निर्माण कराया जायेगा। साथ ही क्षेत्र में कृषि को बढ़ावा दिया जायेगा। राम सूर्या मुंडा ने कहा कि गांवों में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना उनकी जिम्मेवारी है। मौके पर क्षेत्र के लोंगों ने भी खुलकर विधायक के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। इसके पूर्व केवड़ा पहुंचने पर गांव वालों ने पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया। मौके पर बिरसा कंडीर, जोहन पूर्ति, अजीत पूत्रि, डॉ मथुरा कंडीरकिशुन हस्सापूर्ति सहित विभिन्न गांवों के लोग मौजूद थे। अस्पताल में घायलों से मिले विधायक, खूंटी-सिमडैगा मार्ग पर रविवार को हुई बस दुर्घटना में घायल लोगों का हाल-समाचार लिया। उन्होंने घायलों और उनके स्वजनों से बातचीत की और चिकित्सकों को निर्देश दिया कि सभी का बेहतर इलाज किया जाये।

## दस जनवरी को खलारी में मनेगा नीलांबर-पीतांबर जयंती समारोह



**खलारी (आजाद सिपाही)।** नीलांबर पितांबर जन कल्याण समिति की बैठक बड़कीटॉड में नरेश गंझू की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में दस जनवरी को खलारी बड़कीटांड़ में आयोजित नीलांबर पीतांबर जयंती समारोह की तैयारी की समीक्षा की गयी। बैठक में जयंती समारोह के कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार किया गया, ग्रामीणों के लिए खिचड़ी और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन करने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम को लेकर सभी सदस्यों को जिम्मेवारी दी गयी। कि गांव गांव में जयंती समारोह का प्रचार प्रसार करे ताकि कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग पंहुचे। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। बैठक में अमृत भोगता, रामलखन गंझू, दशरथ गंझू, मोहन गंझू, भोला गंझू, सूरज भोगता, विश्वकर्मा भोगता, वीरेन्द्र गंझू, प्रभाकर गंझू, मनोज गंझू, दामोदर गंझू, शिवनारायण लोहरा, बिगना गंझू, रामलाल गंझू, अजय कुमार गंझू, शीतल मुंडा, राहुल गंझू, अरुण सिंह आदि उपस्थित थे।

## नववर्ष आत्मचेतना को जगाने का सुअवसर है : स्वामी निर्मलानंद महाराज



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा और शांतिपुरी मुरहू में नववर्ष के अवसर पर रविवार को विशेष सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुप्पाघाट भागलपुर आश्रम के स्वामी निर्मलानंदजी महाराज ने कहा कि नववर्ष आत्मचेतना को जगाने का सुअवसर है। हमें भूत के भूलों से सबक लेकर सद्कर्म की तरफ बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग से जीवन में सुधार आता है, ईश्वर की कृपा के बिना संत और सत्संग नहीं मिलता। श्रीराम ने कहा है कि बड़े भाग पाइय सत्संगा, बिनही प्रयास होहि भव भंगा। संत मिलना दुर्लभ है, संतों का हृदय दूसरों का दुःख देखकर पिघल जाता है, संतों की कृपा से बिगड़ा काम भी सुधर जाता है। उन्होंने बताया कि कबीर दास जी ने सत्संग को स्वर्ग से भी अधिक सुखकर बताया है। युधिष्ठिर भी सत्संग को मनुष्य को सज्जन बनाने वाला कहा है,यह पृथ्वी पर ही संभव है। स्वामी लक्ष्मणजी महाराज ने कहा कि सत्संग भेदभाव मिटाता है, मनुष्य को परमात्मा से जोड़ता है। मौके पर डॉ डीएन तिवारी, संजय कुमार, उमेश यादव, मुचीराय मुंडा, नंदिनी देवी, सुनीता कुमारी, चमरा मुंडा, सुबोध कुमार,डब्लू कुमार, सूरजमल प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, रामहरि साव, सुनील रजक, बीरु कुमार, हरिद्वार ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, लोकनाथ मुंडा, बसंत कुमार आदि उपस्थित थे।

# ईचागढ़ में पुलिस ने पांच एकड़ में लगी अफीम खेती को नष्ट किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** थाना क्षेत्र के मैसाड़ा एवं बुरूहातु गांव के जंगल झाड़ी में लगे करीब 5 एकड़ जमीन पर अफीम खेती को ईचागढ़ पुलिस द्वारा रविबार को नष्ट किया गया। अफीम खेती पर ट्रैक्टर चलाकर अफीम के पौधों को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे के नेतृत्व में जिला जैप के जवानों ने अफीम खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया। उन्होंने कहा कि करीब 5 एकड़ जमीन पर लगे अफीम खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किय। अफीम खेती के दुष्प्रभाव के संबंध में भी लोगों



को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अफीम खेती का पता लगाया जा रहा है। जिस गांव में किसान अफीम खेती किया है, वह स्वयं नष्ट कर दें। जिससे पुलिस को सख्ती बरतनी पढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अफीम खेती नष्ट नहीं करने वाले पर कठोर कार्रवाई किया जायेगा।

## सोनाहातू पुलिस ने ढाई एकड़ में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट किया



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** रांची एसएसपी और ग्रामीण एसपी के निदेर्शानुसार बुंडू डीएसपी द्वारा गठित टीम में सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में रविवार को थाना क्षेत्र के जिंतू पंचायत अंतर्गत पुड़दाग गांव के जंगल के बीच ढाई एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि अवैध खेती और मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त पायेए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। जिसने पोस्ते की खेती किया है पहचान किया गया है, जल्द करवाई होगी।

# पिपरवार के बेती गांव के विस्थापित रैयतों ने अशोका परियोजना को कराया बंद

**नौकरी व मुआवजा की मांग पर दो घंटा ठप रहा कोयला उत्खनन और परिवहन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** ससीएल पिपरवार क्षेत्र के बेती पंचायत के विस्थापित ग्रामीण रैयतो ने सोमवार को सीसीएल की पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत अशोक परियोजना को बंद करा दिया,जिससे परियोजना क्षेत्र से कोयल का उत्खनन और परिवहन दोनों ठप हो गया है। विस्थापितों द्वारा बंद कराये गये कोयला खदान एवं डिस्पैच का कार्य लगभग 2 घंटे तक ठप रहा। परियोजना का उत्पादन और डिस्पैच ठप होने से लाखों का नुकसान हुआ है। विस्थापित रैयत ग्रामीणों ने यह कार्रवाई सीसीएल प्रबंधन से विस्थापित रैयतो को नौकरी और मुआवजा दिये जाने की मांगों को लेकर किया गया। काम बंद कराये जाने के दौरान बेती के सैकड़ो की संख्या में पहुंचे विस्थापित ग्रामीण परियोजना क्षेत्र पहुंचे और काम बंद करा दिया। विस्थापित ग्रामीण नौकरी और मुआवजा की अपनी मांगो को लेकर आंदोलित हैं। विस्थापित रैयतो ने सीसीएल प्रबंधन के गलत नीतियों एवं मुआवजा सहित रोजगार दिए जाने में टालमटोल की नीति अपनाया जाने के विरोध में क्षुब्ध होकर यह कदम उठाया गया है। अशोक परियोजना बंद किये जाने की जानकारी प्राप्त होते ही अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी बंद किये गये स्थल पर पहुंचकर रैयत विस्थापित ग्रामीणों से वार्ता कर बंद को स्थगित कराया। इस दौरान उन्होंने नौकरी और मुआवजा में विलंब होने संबंधी जानकारी देकर मंगलवार को विस्थापित ग्रामीणों को परियोजना कार्यालय में वार्ता को लेकर आमंत्रित किया है।

इस संबंध में रैयत विस्थापित सुनील गंझु ने कहा कि हम लोगों की जमीन सीसीएल पिपरवार प्रबंधन द्वारा 10- 12 वर्षों पूर्व अधिग्रहित की गई है।इस दौरान अधिग्रहित भूमि के बदले नौकरी दिये जाने को लेकर विस्थापित रैयतो से विगत 5 से 10 वर्ष पूर्व आवेदन लेकर नौकरी नहीं दी गयी और ना ही हम लोगों की जमीन के बदले जमीन का मुआवजा भी नहीं दिया गया है। इधर बंद के दौरान विस्थापित रैयत सगीर अहमद ने कहा की नौकरी को लेकर पिपरवार के अधिकारियों के कार्यालय में जमा आवेदन पर आज तक सुनवाई नहीं होने को लेकर अशोक परियोजना का कार्य बंद कराया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अशोक परियोजना के परियोजना अधिकारी और अन्य अधिकारियों से वार्ता हुई है, जिसमें मंगलवार को पुनः वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसे लेकर बंदी को स्थगित किया गया है। इस बंद के दौरान सैकड़ो की संख्या में विस्थापित ग्रामीण और सीसीएल अधिकारियों में अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, मोहनलाल सिंह, पिपरवार क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी हेमचंद महतो सहित सीआईएसएफ अरैी सीसीएल सुरक्षा कर्मी काफी संख्या में मौजूद थे।

## समाजसेवी रोशन महतो का 42वां जन्मदिन मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू के समाजसेवी सह बिरसा विकास समिति के विधानसभा प्रभारी प्रदीप महतो उर्फ रोशन महतो का रविवार को 42वां जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर बुंडू के कई गण मन और राजनीतिक दल से संबंध रखने वाले लोगों ने उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी। उनके जीवन मंगलमय की कामना की। गोपाल मालिक और नारायण रवानी ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर माहौल को खुश नुमा बना दिया। इस अवसर पर मौके तमाड़ के पूर्व विधायक/मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पिटर, दुर्लभ सिंह मुंडा, राणा पाल, अजय महतो, ललित नारायण साहू, उज्जवल कुमार, दीपक जायसवाल, पुरंदर महतो, गौतम शुक्ला, कौशिक चक्रवर्ती, राकेश साहू, अमित दत्ता, अमित, रवि आदि शामिल थे।

## पिपरवार में सिस्टा का वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बीओसी खेल मैदान में रविवार को कोल इंडिया एससी-एसटी इंप्लाइज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के द्वारा वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद मुंडा और संचालन बाबुलाल रान ने किया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिस्टा के रीजनल महासचिव रामनारायण राम और विशिष्ट अतिथि मे रीजनल संयुक्त सचिव अशोक रविदास, रीजनल उपाध्यक्ष महेंद्र मिस्त्री, रजरप्पा एरिया के क्षेत्रीय सचिव जगन रविदास सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सिस्टा को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान चलाने, शाखा स्तर पर कमेटी को मजबूत करने सहित कई बातों पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर खान प्रबधंक एसके सिंह,शेषनाथ प्रसाद,कंहाई पासी, देवपाल मुंडा, रविंद्र बैठा, कामेश्वर राम, रामजीत राम, ललिंदर कुमार, गणेश रविदास, जेम्स उरांव, संतोष कुमार राम, विकास मिंज, अर्जुन गंझु, सोमर गंझु, बासुदेव गंझु, नागेश्वर राम, रामपति मुंडा, सुनील मुंडा, गौरव हेंब्रम, धनंजय मुंडा, रामकिशोर भगत, हिमांशु चटर, हंसराज मुंडा, राजकुमार उरांव, गुंदूरी गंझु, उदित उरांव, रमेश राम, मुंशी राम, फुलेंद्र कुमार, सुरेंद्र राम, गंगा राम, लकेश्वर लाल, बसंत कुमार सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

# सोनाहातू सरकारी अस्पताल अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है, दांत के डॉक्टर अस्पताल चला रहे हैं

**महिलाओं ने आरोप लगाया कि नर्स के द्वारा प्रसव करवाने के एवज में 1500 से 2500 रुपये लिये गये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** सोनाहातू प्रखंड क्षेत्र का एकमात्र 30 बेड का सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) अस्पताल अपनी दुर्दशा पर खुद आंसू बहा रहा है। यहां मरीजों का इलाज भगवान भरोसे होता है, ग्रामीणों की शिकायत पर आजाद सिपाही की टीम उक्त अस्पताल में पहुंची। अस्पताल में ना चिकित्सक मिले और ना नर्स मिली, काफी खोजबीन के बाद एक दांत का डॉक्टर मिला पर नर्स का काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। प्रसव वार्ड में दो महिला भर्ती थी, महिला रोहणी देवी पति चरण महतो ग्राम सालुकडीह सोनाहातु और महिला मलिका देवी पति रामेश्वर सिंह मुंडा ग्राम नवागांव सोनाहातु की रहने वाली है। दोनों महिलाओं का प्रसव नॉर्मल रूप से हुआ था दोनों महिलाओं ने आरोप लगाया कि नर्स के द्वारा प्रसव करवाने के एवज में 1500 से 2500 रुपये लिया गया है। पूरे अस्पताल में और कोई मरीज भर्ती नहीं मिले। सुबह से दोपहर चार बजे तक रजिस्टर में सिर्फ एक मरीज की चिकित्सा की पुष्टि हुई है। अस्पताल के गेट पर दो होमगार्ड अपनी ड्युटी पर तैनात थे, और कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं थे। अस्पताल साफ सुथरा तो मिला लेकिन चिकित्सक और नर्स कंपाउंडर नहीं थे। आखिर पूरे प्रखंड का एकमात्र अस्पताल कैसे मरीजों का चिकित्सा कर पायेगा। अस्पताल से मिलने वाला दवा वितरण केंद्र भी बंद पाया गया। इस बीच डेंटल डॉक्टर सौरभ से पूछताछ करने पर उन्होंने अपनी आपबीती बताई पिछले सात साल से इस अस्पताल में पड़े हुए हैं। दांत के कोई भी मरीज नहीं आते हैं, फिर भी उन्हें ओपीडी का डाक्टर बना दिया गया।

कितनी बड़ी विडंबना है की दांत के डॉक्टर हर तरह के मरीज का इलाज कर रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जयराम शर्मा से फोन से बात करने पर उन्होंने बताया कि अस्पताल में एमबीबीएस डॉक्टरों की कमी है। सरकार को चिट्ठी लिखा गया है पूछें गये प्रश्न का सटीक जवाब प्रभारी द्वारा नहीं दिया गया। जयराम शर्मा पिछले नौ साल से रांची में बैठकर सोनाहातु में अस्पताल चला रहे हैं। कभी कभार आते हैं अस्पताल प्रबंधन कारणी कमेटी के पदेन अध्यक्ष विधायक होते हैं, लेकिन आज तक विधानसभा चुनाव के बाद कमेटी का पुनर्गठन नहीं हुआ है।

विधायक प्रतिनिधि रोहित कुमार ने कहा कि हम लोग जल्द कमेटी का गठन करेंगे, प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी ने चिकित्सा पदाधिकारी को आड़े हाथों लिया और कहा कि उन्हें के चलते अस्पताल की दुर्दशा खराब है। इस संबंध में मैंने कई बार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को मौखिक शिकायत किया है, एक-दो दिन के अंदर लिखित शिकायत दूंगी।

## ताला तोड़ कर तीन बकरी की हुई चोरी

**राहे (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बुकरूडीह गांव के सोहन कोइरी के घर का ताला तोड़कर तीन बकरी की चोरी की गयी है। इस संबध में राहे थाना में मामला दर्ज किया गया है। किसान सोहन कोइरी के अनुसार शनिवार रात बकरी घर में ताला बंद किया था, अज्ञात चोर के द्वारा ताला तोड़ कर तीन बकरी की चोरी किया गया है। घटना की जानकारी रविवार सुबह को हुई। घर का ताला काटा हुआ था। घटना की जानकारी पर राहे पुलिस गांव जाकर छानबीन कर रही है।

## भारत की कम्युनिस्ट पार्टी का आठवां झारखंड राज्य सम्मेलन नौ जनवरी से



**मुरी (आजाद सिपाही)।** सीपीआइ (एम) का आठवां राज्य सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक एटीसी नामकुम, रांची में होगा, जिसका रविवार को प्रचार प्रसार व विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही सम्मेलन को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील भी किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि सीपीआइ (एम) राज्य के जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने और एक बेहतर झारखंड के निर्माण के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगा। इस सम्मेलन में वृंदा करात समेत कई वक्ता शामिल होंगे। मौके पर अरुण महतो, दीपक सोनार, जितेंद्र महतो, संतोष कुम्हार, रवि बेदिया, विजय सिंह मुंडा, चितरंजन महतो, अमर कुमार आदि उपस्थित थे।

## ट्रक को बाइक ने पीछे से मारी टक्कर चालक की मौत और एक घायल

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची-टाटा मार्ग तैमारा घाटी में टाटा से रांची जा रही ट्रक को तेज रफ़्तार बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। और पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान बिनोद मुंडा अड़की के डोरेया गांव के निवासी है। वहीं घायल महेश्वर मुंडा, तमाड़ के मुरलीडीह निवासी है घटना दोपहर की है। घायल को पुलिस ने बुंडू अस्पताल में भर्ती कराया गया। बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया। दशम फॉल थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लें लिया है शव का पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया।

## पुलिस ने क्षेत्र में लगभग 12.5 एकड़ जमीन पर लगी पोस्ते की खेती को नष्ट किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने रविवार को पूरे अनुमंडल क्षेत्र में लगभग 12.5 एकड़ जमीन पर लगे पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया। रविवार को बुंडू थाना क्षेत्र के एदेलहातु बनाबुरू स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 10 एकड़ सोनाहातु थाना क्षेत्र के कुदाडीह स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 2.5 एकड़ में फसल को नष्ट करने के साथ लोगों को जागरुक भी किया। इस अभियान में बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा अमित कुमार सोनाहातु थाना प्रभारी चंदन कुमार, दशम फॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, परितोष दास, प्रेम प्रदीप, राहुल मेहता, आतिश कुमार, राकेश कुमार, दलगोविंद महतो के अलावे के पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल शामिल थे।

## झामुमो चांडिल प्रखंड के कार्यकर्ता सम्मलेन सह मिलन समारोह आयोजित



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चांडिल डैम रिसोर्ट परिसर में रविवार को झामुमो चांडिल प्रखंड के कार्यकर्ता सम्मलेन सह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक नें सभी कार्यकर्ताओं को नव वर्ष का बधाई दिये। वही मिलन समारोह में चांडिल प्रखंड के सभी पंचायत के अध्यक्ष और सचिव के साथ सभी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखा। इस दौरान सभी पंचायत के कार्यकर्ताओं नें विधायक को अपने अपने पंचायत क्षेत्र के समस्याओ से अवगत कराया। विधायक नें सभी समस्या का जल्द समाधान करने की बात कही। विधायक नें कहा इस तरह मिलन समारोह बाकी बचे सभी प्रखंड क्षेत्र में आयोजित होगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य सचिव गणेश चौधरी, जिला अध्यक्ष डॉ सुभेंदु महतो, झामुमो नेता कार्तिक महतो, ओम लायेक, सचिन महतो, केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, चारु चांद किस्कु, सुधीर किस्कु, काबलु महतो, समीर महतो, विधायक के बेटी स्नेहा महतो, बिजली माझीयान, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, सरवर आलम, मो नौशाद, धरमु गोप, माधव सिंह मानकी, मनमन सिंह, शेख फरीद, हीरा लाल महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, सुदामा हेम्ब्रम, राहुल वर्मा, बैद्यनाथ टुडू, आशीष मंडल, दिलीप किस्कु, राजू किस्कु, समर भुईया, हरेन सिंह, श्रीकांत महतो, मोहन कर्मकार, अरुण टुडू, समेत हजारों महिला पुरुष झामुमो कार्यकर्त उपस्थित।

## समाजसेवी राजेश तुरी के निधन पर खलारी कोयलांचल के लोगों ने शोक प्रकट किया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी मोहननगर निवासी समाजसेवी 45 वर्षीय राजेश तुरी का शनिवार की 12 बजे रांची में हृदयगति रूक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। बताया गया कि वे रात में बाथरूम गये थे उसी क्रम में उसे हार्ट अटैक आया। आनन-फानन में उसे ईलाज के लिये निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को खलारी स्थित सपही नदी स्थित घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उसके आकस्मिक निधन पर खलारीवासियों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से राजन सिंह राजा,इकबाल हुसैन, अब्दुल्ला अंसारी, इंदिरा देवी तुरी, नागेश्वर महतो, अशोक राम, इम्तियाज अंसारी, सुरेंद्र चौहान, रवींद्रनाथ चौधरी, रवि उरांव गांगुली, रमेश चौहान, टुन्नू साव, नारद राम, राजकुमार उरांव, सुनील सिंह, मनोज तुरी, दशरथ तुरी, कमलेश तुरी, बटेश्वर तुरी, नंदलाल चौहान, रामबली चौहान, बंटी अंसारी, इकबाल अंसारी, अर्जुन तुरी, कारू निषाद, बाबु खान, आदि शामिल हैं।

## साईं मंदिर में धूमधाम से मनाया गया साईं महोत्सव



लापुंग (आजाद सिपाही)। शिरडी साईं ग्राम विकास केंद्र सरसा की ओर से साईं महोत्सव का आयोजन किया गया। साईं महोत्सव की शुरूआत सुबह 5:00 बजे बाबा की काकड़ आरती बारह बजे मध्याह्न आरती, दूध ,दही ,पंचमेवा का भोग लगाया गया भोग। वहीं 9:00 से लेकर शाम तक विशाल भंडारा का व्यवस्था किया गया था, और गायकों ने भजन गाकर लोगों को खूब झुमाया और बाबा का भजन मंत्र मुक्त होकर सुनते रहे लोग। कार्यक्रम को लेकर बाबा की भव्य श्रृंगार की गयी। मंदिर परिसर को भी आकर्षक रूप से सजाया गया है। सुबह 8 बजे से पुड़ी सब्जी हलवा , दाल चावल सब्जी का भोग वितरण किया गया तथा आरती के पश्चात खिचड़ी का भोग संध्या 5 बजे तक भक्तो के बीच वितरित किया गया। कुल 40000 से ज्यादा लोगों ने बाबा का भोग का आनंद लिया। इधर भिंड भाड़ को देखते हुए लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने खुद साईं मंदिर पहुंच कर में यातायात व्यवस्था में लगे लोगों को दिशा - निर्देश देते दिखे। शाम में धूप आरती के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजक साईं सेवा समिति रांची और साईं ग्राम सरसा के सहयोग से साईं महोत्सव मनाया गया।

## इटकी: जंगली हाथियों का उत्पात, फसलों को पहुंचाया नुकसान, ग्रामीण भयभीत

इटकी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग के दक्षिणी क्षेत्र के ग्रामीण जंगली हाथियों के आतंक के साये में जीने रतजगा करने को विवश हैं। रानीडीह, हरही और खंभा गांव में जंगली हाथियों ने उत्पात मचा कर किसानों के खेतों में लगे बंधा गोभी, आलू, मटर, टमाटर, फ्रेंचबिन सहित अन्य फसलों को खाया और रौंद डाला है। हरही में करमदेव शाही का खलिहान में रखे धान को खा गया। ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने के बाद हाथी रानीडीह गांव पहुंचा, वहां किसान द्वारा फसल पटवन के लिए रखे मशीन और पाईप को पैरों से तोड़ डाला और यहां भी कई किसानों के फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद हाथी खंभा गांव स्थित खेतों में पहुंचा और फसलों को बर्बाद कर डाला। पिछले करीब एक सप्ताह से हाथियों ने क्षेत्र में आतंक मचा रखा है। सूर्य ढलते ही हाथी जंगलो से निकल कर खेतों में भोजन की खोज में उत्पात मचाना शुरू कर देते हैं, जो रात भर चलती है। इन दिनों हाथियों के आतंक से भंडरा, सौका, हरमू, चिनारो, पुरियो, सुगदा, खंभा, रानीडीह सहित कई गांव प्रभावित है। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों की संख्या तीन है और कुल्ली गांव स्थित जंगल में डेरा जमा रखा है। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सूचना दिया गया है, किंतु विभाग ने क्षेत्र से हाथियों को खदेड़ने की कोई पहल नहीं की है, जिससे लोगों का विभाग के प्रति काफी नराजगी है।

## बोलेरो ने दो बाइकों को मारी टक्कर एक की मौत और दो युवक घायल



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। कुच्चू पंचायत के बदरी रोड पर एक अज्ञात बोलेरो ने दो मोटरसाइकिल को जोरदार ठोकर मार दी जिसे तीन युवक घायल हो गया, जिसमें एक की गंभीर है। घायल युवकों में प्रदीप भोगता पिता रामनाथ भोगता उम्र 30 वर्ष, सुरेंद्र बेदिया पिता रामेश्वर बेदिया 26 वर्ष और मंगलाचरण बेदिया पिता सुकरा बेदिया उम्र 20 के रूप में पहचान की गयी है। इसमें से मंगलाचरण बेदिया की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। लोगों ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां घायल मंगलाचरण बेदिया को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। घटना रविवार शाम की है। जानकारी के अनुसार सभी युवक खभावन का साप्ताहिक बजार से अपने घर की ओर जा रहा था, तभी बदरी से गेतलसूद की ओर जा रही बोलेरो ने अपने चपेट में ले लिया, और मौके से फरार हो गया। मौके पर सिकिदिरी पुलिस पहुंच कर घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। मौके पर ग्राम प्रधान बालेशवर बेदिया, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, जयशंकर पहान, ग्राम प्रधान बालेशवर बेदिया आदि ने सहयोग किया।

## लापुंग में ज्योति कलश रथ का स्वागत किया गया



लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग के फतेहपुर महावीर मंदिर में ज्योति रथ और ज्योति कलश स्वागत किया गया। साथ ही दीप दान किया गया। ज्योति कलश रथ यात्रा अखंड ज्योति और वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर यह ज्योति रथ शांति कुंज हरिद्वार से यह रथ यात्रा का शुभारंभ पूरे झारखंड में हो रहा हैं। वहीं रथ रविवार को लापुंग के दोलाइचा, लालगंज, लापुंग और फतेहपुर में रथ पहुंचा व वहां पर दीप यज्ञ किया गया। साथ ही गायत्री माता की जानकारी व जीवन जिने की कला के बात के साथ कल्की अवतार के जानकारी दिया। उच्च स्तरीय जीवन जीने की शक्ति शांति कुंज हरिद्वार से गायत्री परिवार प्रतिनिधि शांति कुंज मंच जयनारायण प्रसाद, विजय कुमार, अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, संतर सिंह वी अशोक कुमार के द्वारा प्रवचन दिया गया। रात्रि विश्राम फतेहपुर में किया गया और सुबह ककरिया व पुन: बेड़ों के लिए हक प्रस्थान होगा। फतेहपुर में कार्यक्रम का सहयोगी राजेश साहू, मनोज साहू, विष्णु साहू, सविता देवी और रामप्रसाद साहू ने मुख्य भूमिका निभायी।

## एके आजाद सेवा संस्थान का स्थापना दिवस तैमारा घाटी स्थित रीमिक्स फॉल में संपन्न




बुढ़मू (आजाद सिपाही)। एके आजाद सेवा संस्थान का स्थापना दिवस रविवार को तैमारा घाटी स्थित रीमिक्स फॉल में मनाया गया। साथ ही वृद्ध असहाय लोगों को कंबल वितरण भी किया गया। सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने बुढ़मू समेत पूरे देशवासियों को नववर्ष के बधाई देते हुए कहा कि आगामी 27 फरवरी को विश्व एनजीओ दिवस के मौके पर सेवा संस्थान की ओर से शिक्षा के प्रति विशेष जागरूक अभियान चलाया जायेगा और ड्रॉप आउट बच्चों को चिन्हित कर शिक्षण संस्थान से जुड़ने का प्रयास करते हुए। नजदीकी शिक्षण केंद्र को सूची मुहैय्या करने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर एक के आजाद सेवा संस्थान के अध्यक्ष गुलशाद राजा सचिव नौशाद अशरफ कोषाध्यक्ष अली खान मीडिया प्रभारी संजय कुमार साहू संरक्षक निर्मल साहू सह संरक्षक शाकिर हुसैन, विनीता देवी, समीम, मुदस्सर आलम, अशोक उरांव, कृष्ण महतो, शुक्रा उरांव, शांति देवी इत्यादि लोग शामिल हुए।

# शास्त्री चौक से लेकर जैविक उद्यान तक घंटों लगा रहा जाम

## जाम का नहीं निकल पा रहा स्थायी समाधान, लोग परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



ओरमांझी। इन दिनों शाम ढलते ही ब्लॉक चौक से लेकर बिरसा जैविक उद्यान तक जाम लग जाती है। जाम का आलम विगत कई महीनों से लगातार बनी हुई है। पुलिस प्रशासन जाम का स्थाई समाधान निकालने में अभी तक विफल रही है। जाम के कारण ब्लॉक चौक के दुकानदारों के दुकानदारी पर भी काफी असर पड़ता है। जाम का कारण जानने का प्रयास किये जाने पर दुकानदारों ने बताया कि चौराहा होने के कारण गाड़ियां जब एक सड़क से दुसरी सड़क की ओर पार करती है तो जाम लग जाता है। कुच्चु रोड और सिकिदिरी रोड में सड़क पर लगने वाले वाहन को भी जाम का कारण बताया गया। एनएच पर भी बेतरतीब गाड़ी लगाने के कारण भी जाम लग जाता है। बड़ी बसों के बीच सड़क पर रोक कर सवारी उठाना भी इन कारणों में एक है। शाम को ठीक दुकानदारी के समय जाम लगने के कारण दुकानदारी पर काफी असर पड़ता है। दुकानदारों ने बताया कि जाम और दुर्घटना से निजात के लिए फ्लाईओवर निर्माण होना था। वह भी एनएचएआई के लापरवाही के कारण अधर में लटक गया। नव वर्ष में पिकनिक मनाने आने वाले पर्यटकों की बढ़ती भीड़ के कारण बिरसा जैविक उद्यान मुख्य द्वार के पास इन दिनों सुबह दस बजे से लेकर शाम सात बजे तक जाम और दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों से पुछने पर बताया गया कि बिरसा जैविक उद्यान के पास जाम लगने का सबसे बड़ा कारण मुख्य द्वार के पास लगने वाले दुकान, ऑटो और सड़क किनारे लगने वाले पर्यटकों की गाड़ियां है।

ब्लॉक चौक में जाम से निजात के समाधान पर पुछे जाने पर थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि जब तक फ्लाई ओवर निर्माण नहीं हो जाता है तब तक स्थाई समाधान नहीं हो सकता है। अस्थायी समाधान के तौर पर शाम चार बजे से सात बजे तक वन वे कर जाम से निजात दिलाने का प्रयास किया जायेगा। जैविक उद्यान मुख्य द्वार को अतिक्रमण मुक्त कर वन वे करने का प्रयास किया जायेगा।

# महिला काव्य मंच ने आयोजित की मासिक काव्य गोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता




नामकुम। महिला काव्य मंच पूर्वी रांची जिला इकाई झारखंड की जनवरी माह की मासिक काव्य गोष्ठी 5 जनवरी 2025 को सिटी पैलेस लालपुर में आयोजित की गयी। यह आयोजन मंच के मार्गदर्शक नरेश नाज के दिशा-निर्देश में ऑफलाइन मोड में दोपहर 3 बजे प्रारंभ हुआ। गोष्ठी की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच की पूर्वी रांची जिलाध्यक्ष रेणु झा ने स्वागत संबोधन में सभी नए और पुराने सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने मंच की सक्रिय सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना नीता शेखर द्वारा प्रस्तुत की गई, जबकि मंत्रोच्चार रेखा जैन और खुशबू बरनवाल ने किया। इसके बाद मंच के सदस्यों ने अपने काव्य पाठ से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य पाठ में भाग लेने वालों में रेणु झा रेणुका, रेखा जैन, सुनीता अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, मोनिका प्रसाद, मंजुला सिन्हा, डॉ. सुरिंदर कौर, प्रतिभा मिश्र, खुशबू बरनवाल, सीमा सिन्हा, नीता शेखर, मंजुला शरण शामिल थी। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा सहाय गिन्नी व धन्यवाद ज्ञापन मंच की अध्यक्ष रेणु झा रेणुका ने किया।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल 2 बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर प्रमोद कुमार ठाकुर, पंचायती राज विभाग के द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी और प्रखंड समन्वयक (पंचायती राज) अनिमा बारला उपस्थित रहे।

## पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की हुई शुरुआत

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू में रविवार को पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट विंटर सिरीज का उद्घाटन उरूगूटू भेलवा टांड मैदान किया गया। उद्घाटन के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी कांके प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच क्रिकेट क्लब कोटा और क्रिकेट क्लब ठाकुरगांव के बीच खेला गया, जिसमें कोटा की टीम 18 रनों विजय रही। मौके पर समाजसेवी मतिउरहमान, राजू सहित अन्य मौजूद थे।

# सिल्ली विधायक ने जनता दरबार में जनता की समस्याओं को सुना, निष्पादन का दिया भरोसा



आजाद सिपाही संवाददाता

सिकिदिरी। सिल्ली विधानसभा के विधायक अमित कुमार महतो ने टाटी और सुरसू पंचायत में जनता दरवार लगाकर लोगों का जनसमस्याओं से रूबरू हुए और आवेदन लेकर प्रखंड के अधिकारियों को इसकी निष्पादन के लिए निर्देश दिए। प्रखंड विकस पदाधिकारी जयपाल सोय ने यथा संभव सात दिन के अंदर प्रखंड से संबंधित समस्याओं का निष्पादन करने का आश्वान लोगों को दिये। बैठक में प्रखंड विकस पदाधिकारी के अलावे बीपीओ अवनिंद्र कुमार, कृषि पदाधिकारी अघनु पहान, कृषि विभाग की मीरा सविता जोजो, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को देख रहे देवनारायण सिंह मुंडा, आवास ब्लॉक कॉर्डिनेटल राजन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी संतोष कुमार, मनरेगा जेई गौतम, पंचायत सचिव शजाद आलम इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिझुवा मुंडा, हरदयाल मुंडा, माया बेदिया, बबलु महतो, रतनराम बेदिया, सीता बेदिया, सुखराम बेदिया, अर्जुन बेदिया, महिराम बेदिया, रामदास, मधु, बाबु मानकी, प्रदीप, दिनेश प्रजापति, भदरू बेदिया, बिरसा मुंडा, सुरसू पंचायत में पुरण बेदिया, अशोक रजवार मनोज, राजु, अजित बेदिया, भुनेश्वर, महिंद्र, विनोद और चरकु रजवार कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान रहा और जनता दरवार में टाटी और सुरसू दोनों पंचायत में सैकडों महिला पुरूष उपस्थित होकर अपनी-अपनी समस्या को रखे।

# टाटीसिलवे में 12 को महिला फुटबॉल टूर्नामेंट और मैराथन दौड़ का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम/अजगड़ा। टाटीसिलवे युवा विकास मंच के तत्वावधान में 12 जनवरी को इइएफ मैदान टाटीसिलवे में स्वर्गीय करमु महतो खिलाड़ी समागम के तहत एक दिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट और मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में कुल 8 महिला फुटबॉल टीमें भाग लेगी। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 1100 रुपये रखा गया है। विजेता टीम को 15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा, जबकि उपविजेता टीम को 10 हजार रुपये प्रदान किए जायेंगे। वहीं, इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1600 मीटर और 400 मीटर की मैराथन दौड़ भी आयोजित की जायेगी। मैराथन के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिये जायेंगे, जिसमें प्रथम पुरस्कार स्पोर्ट्स साइकिल, द्वितीय पुरस्कार स्टॉप वॉच, तृतीय पुरस्कार ट्रैकसूट और सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किये जोगे। आयोजक समिति ने खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। खिलाड़ी अधिक जानकारी के लिए 8210573132 पर संपर्क कर और 8210772303 सकते है।

## ठुठंगा जारा अनगड़ा में स्वामी विवेकानंद जयंती मेला का आयोजन 12 जनवरी को



अध्यक्ष धनीराम महतो।

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी पर्यावरण और युवा दिवस के अवसर पर वन रक्षा समिति द्धारा ठुठंगा जारा (बोंगईबेड़ा) अनगड़ा में आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती मेला का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए रविवार को मेला समिती और वन रक्षा समिति की एक संयुक्त बैठक अजय मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मेला को लेकर विशेष चर्चा की गयी तथा सर्वसम्मति से मेला समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष धनीराम महतो बनाये गये। वहीं उपाध्यक्ष लालमोहन मुंडा, सचिव सुखनाथ महतो, सहसचिव संदीप महतो, कोषाध्यक्ष मुकेश महतो, उपकोषाध्यक्ष रूपचंद भोगता, मुख्य संरक्षक अजय मुंडा, छोटेलाल महतो, संजय महतो, सेवकराम महतो, प्रभुदयाल महतो, मुखिया हिरदू उरांव, पंसस संज्योति देवी, विकास, अमित, कपिल, संरक्षक श्रवण महतो, सुलेंद्र, अमित, अखिलेश, सहाबीर, मनीराम, रोपना, धर्मा, किशोर, चतुर महतो, ऋतुलाल, राजेश और सोनेलाल महतो चुने गये।

## कल्याण मंत्री से मिले इंटरमीडिएट के शिक्षक



बेड़ो (आजाद सिपाही)। झारखंड इंटरमीडिएट शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर स्वर्णरेखा आदिवासी पीजी छात्रावास के छात्र प्रमुख बिरसा उरांव के अगुवाई में आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से मिलकर अपनी बातों को रखा। जिसमें करमचंद भगत महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के इंदू मिंज, शकुंतला केरकेटा, एसएस मेमोरियल के संजय कुमार ने मंत्री को इंटरमीडिएट की समस्याओं से अवगत कराया। वहीं मंत्री ने शिक्षकों की बातों को सुनकर उनकी समस्याओं को सरकार की संज्ञान में पहुंचाने की बात कही। जब इंटरमीडिएट के छात्रों को डिग्री कॉलेज से अलग करना है तो शिक्षकों को भी प्लस टू में समायोजन किया जाये। 6 से 10 साल तक की पढ़ाने की अनुभव रखते हैं। डिग्री कॉलेज से इंटरमीडिएट को अलग किया जा रहा है, लेकिन शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए भी सरकार इस विषय में संज्ञान लेते हुए शिक्षकों को प्लस टू में समायोजन किया जाये। बेरोजगार होने से सरकार हटाने से पहले हम सभी शिक्षकों की व्यवस्था के लिए रोजगार दिया जाये। व्यवस्था बनाएं डिग्री कॉलेज से अलग करके इंटरमीडिएट एक अलग व्यवस्था किया जाए प्लस टू में बहुत से ऐसे विषय हैं जिसकी पढ़ाई नहीं होती है। जैसे जनजातीय भाषा और क्षेत्रीय भाषा कुरुख, नागपुरी, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान और गृह विज्ञान आदि बहुत ऐसे विषय हैं। जिनकी प्लस टू में पढ़ाई नहीं होती है। अगर इंटर में नहीं पढ़ेंगे, तो विद्यार्थी ऑनर्स में कैसे रख सकते हैं।

## मुंडारी भाषा ज्ञान को लेकर प्रशिक्षण पाठशाला केंद्र का किया गया शुभारंभ



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। भारत मुंडा समाज अनगड़ा के पहल पर रविवार को मुंडारी भाषा ज्ञान को लेकर सामुदायिक भवन जानुम में प्रशिक्षण पाठशाला केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्रो सत्यदेव मुंडा, सिरका पंचायत मुखिया रोशनलाल मुंडा, पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, जानूम के पाहन सेवाराम पाहन और गोवर्धन मुंडा ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया। इस केंद्र में शिक्षक के तौर पर डॉ अजीत मुंडा, भोलानाथ मुंडा और रेखा मुंडा लोगों को मुंडारी भाषा सीखने और बोलने का ज्ञान देंगे। मौके पर सत्यदेव मुंडा ने कहा कि भाषा से हीं आदिवासी मुंडा समाज अपनी धर्म, संस्कृति, परंपरा और पहचान को कायम रख सकते हैं। भारत मुंडा समाज के प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष रोशनलाल मुंडा ने कहा कि भाषा हमारी पहचान है। और इसे बचाए रखने की जिम्मेवारी सबों की है। आने वाली पीढ़ी को अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा, पहचान और विरासत का ज्ञान जरूरी है। वरना अस्तित्व पर संकट खड़ा हो जायेगा तथा पहचान मिट जायेगी। मौके पर मनोज मुंडा, सत्येंद्र मुंडा, रतीलाल मुंडा, संजय मुंडा, शिवलाल पाहन, सोहन, झल्लु, सनी, समर, प्रदीप मुंडा सहित सैकड़ों मुंडारी भाषा सीखने वाले प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## बेड़ो: कपड़ा बैंक ने 300 लोगों के बीच कंबल और कपड़े का किया वितरण



बेड़ो (आजाद सिपाही)। कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम द्वारा कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में तेतरा गांव के लोगों के बीच जरूरतमंदों को 300 कपड़ों एवं कंबल का वितरण किया। लोगों के बीच ठंढ कपड़े स्वेटर जैकेट कंबल सौल साड़ी जीन्स पैंट सर्ट कुर्ती बच्चों के कपड़े इत्यादि बांटा गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके कपड़ा बैंक का संचालन उन्हीं लोगों के सहयोग से हो रहा है। जो कपड़े आपके लिए अनुपयोगी है लोगों का जरूरत है और लोगों के जीवन में खुशी ला सकती है। कपड़ा बैंक के सदस्य नि:स्वार्थ इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं और जरूरतमंदों तक अपने खर्च से कपड़ा पहुंचा रही है और किसी से कोई आर्थिक मदद नहीं ले रही है। ककरिया के प्रवीण कुमार, खुदू कुमार, अरूप तेतरा से प्रदीप खलखो और कार्तिक उरांव का कपड़ा वितरण में सहयोग रहा। रविवार के कपड़ा वितरण में कपड़ा बैंक के कैलाश कुमार, सुनील, अनुज गुप्ता, शक्ति, मुकेश थे।

## राज्य स्तरीय समन्वय बैठक में चीक बड़ाइक समाज ने सामाजिक एकता पर दिया जोर



नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बरगांव पंचायत स्थित आरडीएस पब्लिक स्कूल के सभागार में चीक बड़ाईक समाज की राज्य स्तरीय समन्वय बैठक केंद्रीय अध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में झारखंड के सिमडेगा, गुमला, रांची, लातेहार (महुवाटांड़), चाईबासा सहित विभिन्न जिलों से आए सामाजिक अगुवा शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने कहा कि समाज को अपने हक और अधिकार के लिए एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने सभी को सामाजिक एकता के महत्व को समझने और समाज के विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। गुमला जिले से आए नंदलाल बड़ाईक ने कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए आपसी मतभेदों को भूलकर सभी को साथ आना होगा। वहीं, सिमडेगा के बानो से शिवराज बड़ाईक ने कहा कि रांची, गुमला, सिमडेगा, लातेहार सहित अन्य जिलों के चीक बड़ाईक समाज के लोगों को एक छत्र में संगठित होना चाहिए। सिमडेगा के ठेठईगांगर से आए विद्या बड़ाईक ने समाज में एकता और सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। बैठक में समाज को संगठित करने और आपसी सहयोग से समस्याओं का समाधान निकालने पर सहमति बनी। साथ ही, चीक बड़ाईक समाज को आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्तर पर सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक को मनोज बड़ाईक, नारायण बड़ाईक, महेश्वर बड़ाईक, उमाशंकर बड़ाईक, प्रकाश बड़ाईक, महरू बड़ाईक, और राजेश बड़ाईक सहित कई प्रमुख व्यक्तियों ने अपने विचारों को साझा किया। संचालन सतीश बड़ाईक और प्रेमचंद बड़ाईक ने किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य रूप से आए सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह का चिक बड़ाईक समाज के द्वारा अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शंकर बड़ाईक, दुर्गा बड़ाईक, जगदीश, बिनोद बड़ाईक, दशरथ बड़ाईक सहित विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# खेल से शारीरिक और मानसिक वृद्धि होती है : आलोक चौरसिया

**स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक आलोक चौरसिया और पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगांवा पंचायत के लोकेया में रविवार को दिनकर स्पॉटिंग क्लब लोकेया के तत्वाधान में स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया और पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के द्वारा लोकेया मैदान में कृतज्ञ विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू और स्वर्गीय अनिल चौरसिया की फोटो पर माल्यार्पित कर संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में उजाला कबूतर को उड़ाकर फुटबॉल मैच का शुभारंभ किया गया। वहीं पहला मैच कोलकता बनाम बक्सर के बीच खेला गया। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया इसी मैदान में निरंतर जिला और राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन कराते थे, उनकी विरासत और उनकी सोच को आगे बढ़ाते हुए प्रतिवर्ष हम लोग भी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करते हैं।

मुख्य अतिथि डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि स्वर्गीय अनिल चौरसिया से हमारी राजनीतिक परिचर्चायें होती थी, हमारा उनसे मैत्री संबंध था, उनके जाने के बाद डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा की जनता अकेले हो गयी थी, परंतु आलोक चौरसिया इस क्षतिपूर्ति को पूर्ण किया, जिसके कारण जनता तीसरी बार विधायक बनाकर विधानसभा तक पहुंचाने का काम किया। जिससे कि क्षेत्र की तरक्की और विकास हो सकें। पूर्व उप महापौर मंगल सिंह, पूर्व जिला परिषद् सदस्य विकास चौरसिया, ज़िला पार्षद रामलव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, रामकरेश प्रसाद, सुनील चौरसिया, कुलबुल दुबे, अविनाश वर्मा सहित दर्जनों नेतागण मौजूद थे।



## पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है

इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री चौरसिया ने उनका हौसला अफ्जाई किया, साथ ही उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं हैं कि बढ़िया खेलें और खिताब जीते। खिलाड़ियों को समय-समय पर ऐसे आयोजनों का अवसर दिया जाना चाहिए, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। साथ ही उन्होंने खेल को कैरियर के रूप में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और बौद्धिक क्षमता का भी वृद्धि होता है। खेल जीवन में महत्वपूर्ण अंग है। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

## प्रजापति समाज ने पांकी विधायक को किया सम्मानित

# पांकी विधानसभा में शिक्षा और सामाजिक क्रांति को प्राथमिकता : डॉ शशिभूषण मेहता

**विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि विधानसभा सत्र में माटी कला बोर्ड के पुनर्गठन करने हेतु मांग जरूर उठायेंगे, ताकि प्रजापति समाज का उत्थान हो सके**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी (पलामू)।** जिले के पांकी प्रखंड के पीरी मोड़ के निकट प्रजापति समाज के लोगों ने रविवार को अभिनंदन समारोह आयोजित कर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को सम्मानित किया। सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति ने सर्वप्रथम विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रजापति समाज के जिला पदाधिकारी सह शिक्षाविद प्रदीप नारायण समेत कई लोगों ने भी विधायक को फूल माला से स्वागत किया। मौके पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा में वही राज करेगा, जो खतियानी की बात करेगा। उन्होंने प्रजापति समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रजापति समाज के 99.9 प्रतिशत मतदाताओं ने उनके पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे हमेशा समाज के साथ खड़े रहेंगे और समाज के उत्थान के लिए कार्य करते रहेंगे। प्रजापति समाज जैसे कई ऐसे समाज हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर मतदान किया। विधायक डॉ मेहता ने पूर्व के जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले के नेताओं ने गरीब और वंचित वर्गों पर अत्याचार किया। लेकिन अब समय बदल चुका है, और जब तक वे रहेंगे, सामाजिक क्रांति चलती रहेगी। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के शेरनी रूपी दूध का स्वाद चखायें, क्योंकि शिक्षित समाज ही सशक्त समाज बना सकता है। मौके पर समाज के कई लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में जब भाजपा की रघुवर सरकार बनी थी, तो उसी वक्त प्रजापति समाज के उत्थान को लेकर माटी कला बोर्ड का गठन किया गया था। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार इसे भंग कर दिया। प्रजापति समाज के लोगों ने विधायक से अपील किया है कि वे माटी कला बोर्ड के गठन हेतु विधानसभा में मामला उठायें, ताकि सरकार प्रजापति समाज की बातों को ध्यान में रखते हुए माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन कर सके। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि प्रजापति समाज की मांग जायज है। विधानसभा सत्र में माटी कला बोर्ड के पुनर्गठन करने हेतु मांग जरूर उठायेंगे, ताकि प्रजापति समाज का उत्थान हो सके। कार्यक्रम में विधायक के साथ प्रो बच्चन ठाकुर, मंटू शर्मा, अरविंद सिंह, पकरिया पंचायत के मुखिया मिंटी वर्मा, नीलांबर-पीतांबर पंचायत के मुखिया सह प्रखंड अध्यक्ष मनदीप मेहता, नीलकमल वर्मा, श्यामनारायण, विनोद, चंद्रदेव, अनिरुद्ध, रविंद्र, टाइगर, अरविंद, सुमंत, राजेश, त्रिवेणी प्रजापति सहित प्रजापति समाज के सैकड़ों लोग शामिल थे।



# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य को गति देना : बीडीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार से शुरू हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हुसैनाबाद बीडीओ सुनील वर्मा, दंगवार मुखिया अमरेंद्र कुमार ठाकुर, पथरा मुखिया नरेश पासवान ,बीपीएम राजू रंजन और सहजकर्ता दल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। बीडीओ श्री वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायतों की कार्यों में सुधार लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य को गति देना है। प्रशिक्षण में विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत सदस्यों और स्थानीय अधिकारियों को शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पंचायतों के प्रतिनिधियों को प्रशासनिक कार्यों, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी, गांवों में समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी रणनीतियों और संसाधनों का समुचित उपयोग सिखाया जायेगा। मौके पर मास्टर ट्रेनर दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर और पथरा मुखिया नरेश पासवान के द्वारा बताया गया कि कैसे पंचायत स्तर पर योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जाये, ताकि गांव में विकास की गति तेज हो सके। अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण को पंचायतों की कार्यशैली में पारदर्शिता, दक्षता और समन्वय लाने में मददगार बताया। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के कई महिला प्रतिनिधि व सहजकर्ता दल के लोग मौजूद थे।



# डीसी ने कंबल का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शनिवार रात बढ़ती ठंड और शीतलहरी के बीच मेदिनीनगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान वे रेलवे स्टेशन परिसर, अंबेडकर पार्क, बाजार के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस क्रम में उन्होंने सड़क पर दोना-पत्ता बेचने वालों संग संवाद भी स्थापित किया। दातुन, दोना-पत्ता बेचने वालों के बीच डीसी ने 30 से अधिक कंबल का वितरण किया।

**सरकारी बस डिपो स्थित आश्रय गृह का किया निरीक्षण :** उपायुक्त ने नगर निगम द्वारा संचालित सरकारी बस डिपो स्थित आश्रय गृह का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बेड,कंबलों की संख्या, रूम हीटर, शौचालय आदि का जायजा लिया। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने उपायुक्त को आश्रय गृह के विषय पर विभिन्न जानकारी दी। उपायुक्त श्री रंजन ने नगर आयुक्त को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि इस ठंड में जरुरतमंदों को आश्रय गृह में किसी तरह का कोई समस्या न आये।

**अलाव की व्यवस्था देखने को लेकर स्टेशन से पैदल ही अपने आवास पहुंचे डीसी :** स्टेशन परिसर में असहाय व जरूतमंदो के बीच कंबल वितरण के पश्चात शहर में अलाव की व्यवस्था का अवलोकन करने के उद्देश्य से डीसी स्टेशन रोड से पैदल ही अपने आवास पहुंचे। इस दौरान वे बेलवाटिका चौक, नवा टोली, सदीक चौक समेत अन्य स्थानों से होते हुए आवास पहुंचे। इस पूरे निरीक्षण कार्यक्रम में नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, सिटी मैनेजर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## नॉकआउट टूर्नामेंट पथरा का फाइनल मुकाबला कल, विधायक आलोक सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाईचारा एकता कमेटी पथरा पंचायत द्वारा चल रहे नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में लातेहार की टीम ने अनंतपुरा को हराकर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। रविवार को सेमीफाइनल के रोमांचकारी मैच में लातेहार की टीम 2-1से जीत दर्ज की। जबकि मांडर की टीम गया चंदौती को हराकर पहले स्थान बना ली है। उक्त दोनों टीमो के बीच 7 जनवरी को एक बजे दिन से फाइनल मुकाबला होगा। इसकी जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष जाकिर अली उर्फ राज अली ने बताया कि फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, प्रखंड प्रमुख राज कुमारी देवी, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी,एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां मौजूद रहेंगे। उन्होंने खेल प्रेमियों से खेल का आनंद व सफल बनाने की अपील की है।



कमेटी के अध्यक्ष राज अली।

## बसपा का 11 को नगर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** बहुजन समाज पार्टी के बैनरतले होल्डिंग टैक्स और शहरी आवास में अवैध वसूली के विरुद्ध अब 11 जनवरी को हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन की जाएगी।उक्त जानकारी बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सोमवार से सरकारी छूटी होने के कारण तिथि बढ़ा दी गयी है। धरना प्रदर्शन को लेकर छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को भी सूचना दे दी गयी है। 11 जनवरी को अब नगर कार्यालय पर 27 होल्डिंग धारियों पर की गयी कार्रवाई, शहरी आवास योजना में अवैध वसूली आदि के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जायेगा।




## बाइक की टक्कर में औरंगाबाद का युवक घायल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज एनएच 139 भगत तेंदुआ मोड़ के समीप रविवार की शाम दो बाइक की टक्कर में दो घायल हो गए।बाइक सवार आलोक कुमार गंभीर रूप से घायल है। जबकि दूसरे बाइक पर सवार विरेंद्र सिंह को भी चोट आयी है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद आलोक कुमार को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हरिहरगंज थाने के एसआई विगेश कुमार राय ने बताया कि गंभीर रूप से घायल आलोक कुमार औरंगाबाद जिले के सिमरा का रहने वाला है। जबकि विरेंद्र सिंह हरिहरगंज थाने क्षेत्र के ही भगत तेंदुआ के रहने वाला है।




# एमकेडीएवी में संकुल स्तरीय तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**झारखंड के 6 जिलों से आठ विद्यालयों के 289 शिक्षक करेंगे तीन दिनों तक विचार मंथन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सेंट्रल मैनेजिंग कमेटी दिल्ली के अकादमिक उत्कृष्ट केंद्र के तत्वाधान में तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के नवम संकुल एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में शुरू हुआ। इस विद्यालय में झारखंड के 6 जिलों गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार, डाल्टनगंज और गढ़वा के कुल 8 विद्यालयों के 289 शिक्षक तीन दिनों तक नयी शिक्षा नीति 2020 पर आधारित शिक्षण तकनीक पर विचार मंथन करेंगे।

तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों और प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, सह इस कार्यक्रम के क्षेत्रीय संयोजक, सह प्राचार्य डॉ जीएन खान ने कहा कि महान कार्य विषम परिस्थितियों में कष्ट सहकर ही किए जाते हैं। आप सभी इस कंपकंपाती ठंड में घर से दूर एक पुनीत कार्य हेतु एकत्र हुए हैं। छात्रों के समग्र विकास हेतु सीबीएसई ने 50 घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य किया है, जिसमें सीबीएसई और एनसीईआरटी द्वारा 25 घंटा एवं इन हाउस 25 घंटा का प्रशिक्षण अनिवार्य है। जिसके दूसरे चरण में हम सभी एकत्र हुए हैं।



# मां की प्रेरणा से क्षेत्र को शैक्षणिक हब के रूप में किया स्थापित : रामचंद्र चंद्रवंशी

**माता लक्ष्मी चंद्रवंशी की मनायी गयी ग्यारहवीं पुण्यतिथि और महिला महाविद्यालय का मना स्थापना दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में रविवार को पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी की माता लक्ष्मी चंद्रवंशी की ग्यारहवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इसके अलावा लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविधालय का स्थापना दिवस भी समारोह पूर्वक मनाया गया। रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर और रेहला जैसे पिछड़े क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थान खोलने के लिए उन्हें मां की ओर से प्रेरित किया गया था। उनकी इच्छाओं को पूरा करने के क्रम में यह क्षेत्र आज शैक्षणिक हब के रुप में स्थापित हो चुका है। आरसीयू विश्वविद्यालय की स्थापन करायी। जिसके तहत कुल 29 महाविद्यालय संचालित हो रहे हैं। रांची में भी मेडिकल कॉलेज जल्द ही खुलेगा, भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि कल तक दूसरे राज्य में भटक कर शिक्षा ग्रहण करने वाले स्थानीय छात्र छात्राएं विश्रामपुर में हीं पढ़कर डॉक्टर और इंजीनियर सहित उच्च डिग्री हासिल कर रहे है। श्री चंद्रवंशी ने अपनी मां लक्ष्मी चंद्रवंशी के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि मां मजदूरी कर दोनों भाई को पढ़ाने का काम किया। मां के कहने पर क्षेत्र में कई महिला कालेज स्थापित किया।



# स्पोर्ट्स



**भारतीय टीम सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट से हार गयी है। इस हार के साथ भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 की पराजय झेलनी पड़ी है।**

# ढाई दिन में सिडनी टेस्ट हारा भारत, ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराया

## भारत ने 10 साल बाद बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी गंवायी, डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस से बाहर

**स्कॉट बोलैंड प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये**

एजेंसी

**सिडनी।** भारतीय टीम सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट से हार गयी है। इस हार के साथ भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 की पराजय झेलनी पड़ी है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को इस सीरीज में 10 साल के बाद हराया है। इससे पहले कंगारु टीम ने 2014-15 के सीजन में एमएस धोनी की कप्तानी वाली टीम इंडिया से सीरीज जीती थी। रविवार को मुकाबले के तीसरे दिन भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 162 रन का टारगेट दिया, जिसे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ट्रैविस हेड 34 और ब्यू वेबस्टर 39 रन पर नाबाद रहे। इन दोनों के अलावा, उस्मान ख्वाजा ने 41 और सैम कोंस्टास ने 22 रन बनाए। भारत से प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट झटके। दिन के पहले सेशन में भारतीय टीम दूसरी पारी में 157 रन पर ऑलआउट हो गयी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 181 रन पर ऑलआउट हुई, जबकि भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। इस तरह भारत को पहली पारी में 4 रन की बढ़त मिली थी।

**भारत WTC फाइनल की रेस से बाहर, ऑस्ट्रेलिया लगातार दूसरी बार फाइनल में :** इस हार के बाद भारतीय टीम (50.00%) वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में फाइनल की रेस से बाहर हो गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (63.73%) ने लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश कर गयी है।

**वेबस्टर के चौके से ऑस्ट्रेलिया जीता, सीरीज 3-1 से अपने नाम की :** ब्यू वेबस्टर ने 27वां ओवर डाल रहे वॉशिंगटन सुंदर की आखिरी बॉल पर चौका जमाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी है। कंगारू टीम ने 6 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया है। टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम की।



ऑस्ट्रेलियाई टीम

### भारत के कप्तान जसप्रीत बुमराह



यहां गेंदबाजी ना कर पाना निराशाजनक है। एक बॉलर कम था। गेंदबाजों को ज्यादा जिम्मेदारी लेनी थी। ऐसा नहीं हुआ कि हम एकतरफा मैच हारे। हमारे पास सीखने के लिए काफी कुछ है। टेस्ट क्रिकेट में आपको परिस्थिति के हिसाब से खेलना होता है। हमारे ग्रुप में काफी टैलेंट है और युवा खिलाड़ी जोश से भरे हैं। युवाओं ने इस दौरे से बहुत कुछ सीखा है। ऑस्ट्रेलिया को बधाई। वे इस जीत के हकदार हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस



यह काफी अच्छी सीरीज थी। हमारी कोशिश थी कि हम भारत को कम से कम स्कोर पर रोकें, क्योंकि विकेट काफी ट्रिकी थी। इन खिलाड़ियों के साथ खेल कर मजा आया। जीत का श्रेय सबको जाता है, क्योंकि यह सभी की मेहनत का परिणाम है। 5 टेस्ट मैच की सीरीज में तीन खिलाड़ियों को डेब्यू का मौका मिला, कुल मिलाकर इस सीरीज का अनुभव बेहद अच्छा रहा। यहां खेलना हमेशा खास रहा है। यह एक खास दिन है। यहां खेलना सुखद है।

# फैंस के चिढ़ाने पर कोहली ने बॉल टेंपरिंग याद दिलायी

**दूसरे टेस्ट के दौरान भारतीय पेसर मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलियाई बैटर ट्रैविस हेड आपस में भिड़ गये। इसके लिए सिराज पर मैच फीस का 20% जुर्माना भी लगाया गया**

एजेंसी

**सिडनी।** 22 नवंबर 2024 से शुरू हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीत ली है। भारत की सिडनी टेस्ट में 6 विकेट के साथ डेढ़ माह तक चला यह दौरा पूरा हुआ। पूरी सीरीज में कई यादगार मोमेंट्स गुजरे, जैसे रविवार को ही विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलियाई फैंस को को करारा जवाब दिया। विराट ने उन्हें बॉल टेंपरिंग (सैंड पेपर गेट स्कैंडल) की याद दिलायी। वहीं, दूसरे टेस्ट के दौरान भारतीय पेसर मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलियाई बैटर ट्रैविस हेड आपस में भिड़ गये। इसके लिए सिराज पर मैच फीस का 20% जुर्माना भी लगाया गया।



# महुदा में अवैध पत्थर खननः प्रशासन पर नाकामी और संरक्षण का आरोप

## ब्लास्टिंग और ड्रिलिंग के माध्यम से पत्थर की तस्करी से क्षेत्रीय सुरक्षा और पर्यावरण को खतरा

आजाद सिपाही संवाददाता





**महुदा।** सभी नियमों को ताक पर रखकर लोहपिट्टी पंचायत के बवंगोड़ा में कई स्थानों पर क्रशर खदान अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं। इन खदानों से पत्थर वन और राजस्व भूमि से अवैध रूप से निकाले जा रहे हैं, कभी ड्रिल मशीन से तो कभी विस्फोट (ब्लास्ट) के जरिये। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, प्रशासन और वन विभाग इस अवैध खनन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि सूत्र बताते हैं कि क्रशर संचालकों को इन विभागों समेत एक राजनितिक पार्टी के नेता से मौन संरक्षण प्राप्त है। इसके चलते यह कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। इस गंभीर मुद्दे पर विभागों की लापरवाही से न केवल इलाके का पर्यावरण बल्कि वन्य जीवन भी खतरे में है। मामला महुदा थाना क्षेत्र के बवंडीहा का हैं, जहां के जंगलों और पहाड़ों में पत्थर माफियाओं द्वारा ड्रिल माशीन से हॉल बनाकर उनमे बारूद भरते ब्लास्टिंग कर पत्थरों का लगातार खनन किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण समेत स्थानीय संसाधनों पर गहरा असर पड़ता जा रहा है। हालांकि इस अवैध गतिविधि के बारे में स्थानीय प्रशासन, वन विभाग और माइनिंग विभाग पूरी तरह अपनी चुप्पी साधे बैठे हैं। वहीं वे मामले से अनजान हैं, या फिर अनजान होने का नाटक कर रहे हैं, ये समझ से परे हैं किंतु इन सब के बीच संवाददाता द्वारा स्थल का मुआयइना करने के क्रम ली गयी तस्वीरें इनकी पोल खोल कर रख दी हैं। अब यह सवाल उठता है कि कब तक यह अवैध खनन यूं ही जारी रहेगा। और कब तक यह सिस्टम अपनी जिम्मेदारी से यूं ही भागता रहेगा? जबकि यह घटना पर्यावरण और वन्य जीवन के लिए खतरे की घंटी है और अगर समय रहते इस पर रोक नहीं निकाला गया, तो यह क्षेत्र आने वाले समय में बड़ी आपदा का शिकार हो सकता है। अब देखना दिलचस्प होगा की इस पर संबंधित महकमा क्या कार्रवाई करती हैं।

# गोलीबारी कांड का हुआ खुलासा नाबालिग समेत छह आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** केंदूआडीह थाना क्षेत्र में बीते दिनों दिनों ट्रक ड्राइवर और खलासी पर हुए गोलीबारी कांड मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस कांड में संलिप्त एक नाबालिग समेत छह की गिरफ्तारी हुई है। अपराधियों के पास से एक पिस्टल और तीन गोली बरामद की गयी है। सभी अपराधी केंदुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत काली बस्ती के रहनेवाले हैं. गिरफ्तार अपराधियों में सुजीत कुमार उर्फ सुकरा राम के ऊपर 11 मामले दर्ज हैं। जिसमे 8 मामले केंदुआडीह और 3 मामले धनसार थाना में दर्ज है। डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम ने प्रेस कांफ्रेस में बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी 8 से 10 सदस्यों का ग्रुप बनाकर डीजल, केबल, लोहा चोरी कांड को अंजाम देते थे। पिछले 30 दिसंबर को अपराधियों का ग्रुप डीजल चोरी करने की मंशा से गोधर गया था जहां ट्रक चालक और खलासी जगा हुआ था, जिनके साथ अपराधियों की बगझग हुई थी। साथ ही चालक से खैनी मांगने की भी बात प्रकाश में आयी थी। खैनी नहीं देने पर चालक और खलासी पर गोली चला दी थी। डीएसपी ने बताया कि पुटकी थाना क्षेत्र से दो अभियुक्त मोनू कुमार यादव और दीपू पांडेय को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से एक देसी कट्टा और चार जिंदा गोली बरामद की गयी ह। दोनों अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। दोनों पुटकी थाना अंतर्गत रहने वाले है।

# जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने बाघमारा वेदिया बस्ती में कंबल बांटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/सिंदरी।** रविवार को सिंदरी विधानसभा के अंतर्गत बाघमारा वेदिया बस्ती में सैकड़ो की संख्या मे जरूरतमंद ग्रामीणों को बलियापुर रोड स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के द्वारा कंबल वितरण किया गया। जेपी हॉस्पिटल के चेयरमैन प्रदीप मंडल ने बताया कि जेपी हॉस्पिटल के द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत जरूरतमंदों को मदद करने के लिए, लोगों के स्वास्थ्य और शिक्षा में अधिक से अधिक कल्याण के लिए कई तरह के कार्य किये जाते हैं। स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के अलावा पूरे वर्ष विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर, निशुल्क दवा वितरण, रक्तदान शिविर, भोजन और वस्त्र वितरण, गरीब कन्याओं का विवाह समेत अन्य सामाजिक कल्याणकारी कार्यों के लिए जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस हमेशा प्रतिबद्ध रहती है। इसी संदर्भ में सिंदरी के वेदिया बस्ती के ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया है। जेपी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने बताया की सूचना मिली थी, कि वेदिया बस्ती में इस समय पड़ रही काफी ठंड से गरीबों के पास पर्याप्त संसाधन ना होने से ठिठुर रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए जेपी अस्पताल प्रबंधन ने इस कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु ग्रामीणों के लिए कंबल वितरण किया गया है। कंबल वितरण से लोगों को काफी राहत मिली और कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आये। कहा कि जरूरतमंदों को जेपी हॉस्पिटल द्वारा कंबल वितरण अभियान पूरे ठंड तक जारी रहेगा। कंबल वितरण सेवा अभियान में जेपी हॉस्पिटल के चेयरमैन प्रदीप मंडल, मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर किमी नित्यानंद मंडल, समाजसेवी बेंगू ठाकुर, विवेक मंडल समेत जे पी हॉस्पिटल और जे पी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सदस्यों की संयुक्त टीम उपस्थित थी।

# लायन क्लब ऑफ धनबाद कोल कैपिटल ने कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण किया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद के कड़ाके के ठंडे के बीच को लायन क्लब ऑफ धनबाद कोल कैपिटल के सदस्यो के द्वारा प्रथम चरण में चांदकुइया पंचायत के भागारामपुर ग्राम और पलानी पंचायत के बैलगडिया मोहली टोला के लगभग एक सो तीस जरूरतमंद पुरुषों और महिलाओं के बीच कम्बल, गर्म कपड़े, साडी, और 30 बच्चो में गर्म कपड़े वितरण किया गया। सभी जरूरतमंदो ने ठंड में इस कार्य की बहुत प्रशंसा की। बूढे बुजुर्गों ने क्लब के सदस्यो को आशिर्वाद भी दिया। इस कार्यक्रम में क्लब के लगभग सभी सदस्यो ने अपना सराहनीय सहयोग किया। क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश बर्मन, सचिव लायन सन्तोष कुमार, लायन विजय सिंह, लायन डॉक्टर राजीव गोप, लायन दिलीप विश्वकर्मा, लायन गंगाधर गोप, लायन प्रज्जवल भट्टाचार्य, बबलू, देव, प्राण ने कार्यक्रम को आयोजित और सफल बनाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कोलफील्ड गुजराती समाज ने बिरसा मुंडा पार्क में किया पिकनिक का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** रविवार को कोलफील्ड गुजराती समाज ने बिरसा मुंडा पार्क में पिकनिक का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं और बच्चों ने खूब धमाल और मस्ती की। साथ ही लजीज गुजराती व्यंजनों का लुत्फ उठाया। पिकनिक में महिलाओं के लिए हाउजी और बच्चों के लिए ट्रेजर हंट गेम रखी गयी। समाज की अध्यक्षा रीता चावड़ा ने बताया कि प्रतिवर्ष जनवरी महीने में समाज के लिए पिकनिक का आयोजन किया जाता है। जिसमें धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले समाज के सदस्य एकत्रित होकर खूब मस्ती करते हैं। पिकनिक में विशेष रूप से धनबाद विधायक राज सिन्हा भी शामिल हुए। उन्होंने सभी को वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। मौके पर समाज के चेयरमैन कमल संघवी, सचिव समिता परमार, कोषाध्यक्ष तेजल देसाई, सोना रावल, रश्मि भट्ट, सोनल संघवी, दीपेश याज्ञनिक, शैलेश रावल, यमेश त्रिवेदी, किशोर परमार, नितिन भट्ट, किरिट चौहान, लक्ष्मीकांत चावड़ा, भावेश ठक्कर, दीपक उदानी, जयेश मेहता, हिमांशु दोशी, दक्षा यादव, शिल्पा माटलिया, नेहा माटलिया, उर्वशी ठक्कर, हरिश जोशी, नैना पटेल, मयूरी त्रिवेदी, सोनल पटेल, पुनिता दोशी, अमित देसाई, मनोज अंबानी, विरेश दोशी, महेन्द्र चौहान सहित धनबाद, झरिया, कतरास, बाघमारा से बड़ी संख्या में गुजराती समाज के सदस्य मौजूद थे।

# विश्वकर्मा लोहार समिति, कतरास अंचल का वनभोज सह मिलन समारोह



**कतरास (आजाद सिपाही)।** मां नीलकंठ वासिनी मंदिर, कतरास में लोहार समाज, कतरास का मिलन समारोह समंपन्न हुआ। समारोह का प्रारंभ भगवान विश्वकर्मा को माल्यार्पण, वंदन और दीप प्रज्वलन से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक माननीय शत्रुघ्न महतो जी, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध खोरठा साहित्यकार और कवि सुरेश कुमार विश्वकर्मा (सुकुमार) अन्य अतिथि मुखिया (भेंडरा) नरेश विश्वकर्मा जी, मुखिया (फुलारीटाड़) दिलीप विश्वकर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी रिंकु शर्मा जी का सम्मान समिति के पदाधिकारियों ने मोमेंटो देकर और अंगवस्त्र पहना कर किया। समाज के लोगों को संबोधित करते हुए विधायक जी ने कहा कि मेरी जीत में आपलोगों ने सहयोग किया है। मैं हमेशा आपके साथ रहुंगा। जो भी आपकी समस्या होगी, मैं उसका निराकरण करूंगा। मुखिया नरेश विश्वकर्मा ने समाज के लोगों को विश्वकर्मा कौशल योजना की विस्तृत जानकारी दी और समाज के लोगों को इसका लाभ उठाने की सलाह दी। भाजपा नेता रिंकु शर्मा जी ने समिति की प्रशंसा की और हरसंभव मदद की बात कही। समारोह की अध्यक्षता कतरास अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा और संचालन शिवेश विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर समिति के सचिव अजय विश्वकर्मा, संयोजक दिलीप विश्वकर्मा, सरोज विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अभिजीत विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, धीरेन विश्वकर्मा, सोहन विश्वकर्मा (पत्रकार), सोमनाथ विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष बिजय कुमार विश्वकर्मा, सचिव विजय शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरजवीर विश्वकर्मा, पुर्व पदाधिकारी सह समाजसेवी मनोज विश्वकर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा, उप मुखिया कमला देवी, बगोदर अध्यक्ष हुलास विश्वकर्मा, श्रीरामपुर (तोपचांची) अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, विवाह गठबंधन के धीरज विश्वकर्मा, डाक्टर जितेंद्र विश्वकर्मा, आइएसएम के प्रोफेसर मृत्युंजय शर्मा, रेलवे अफसर संजय विश्वकर्मा, डाक्टर राकेश विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, वयोवृद्ध समाजसेवी अर्जुन विश्वकर्मा, अधिवक्ता दीपक विश्वकर्मा, अधिवक्ता राजकिशोर विश्वकर्मा सहित सैकड़ों महिला-पुरूष और बच्चे शामिल थे।

# दो पौराणिक मंदिरों को अन्यत्र शिफ्ट करने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमुडी डिनोबली ग्राऊंड में विष्णु महतो की अध्यक्षता में तेतुलमुडी बस्ती के रैयतों की एक बैठक हुई, जिसमे विभिन्न मुद्दो को लेकर चर्चा हुई। मौके पर विष्णु महतो ने बताया कि बीसीसीएल क्षेत्र संख्या पांच के तेतुल मुड़ी 6/10 में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी के समीप हमलोगों के दो पौराणिक मंदिर स्थित है जिसे प्रबंधन द्वारा अन्यत्र शिफ्ट किया जा रहा है। परंतु हम लोगो ने निर्णय लिया है कि जब तक हमलोगों का विस्थापन और पुर्नवास न हो तब तक उस पौराणिक मंदिर को उसी जगह रहने दिया जाय, क्योकि हमलोगों को उस मंदिर से बहुत बड़ा आस्था और विश्वास जुड़ा है। कार्यक्रम में कालीपद महतो, रवि महतो, बाबुलाल महतो, दीपक महतो, दिलीप महतो, अरुण महतो, सुधीर महतो, शैलेश महतो, राकेश महतो, बिरजु महतो, अशोक महतो, कविता देवी, पुष्पा देवी, बबीता देवी, अनिता देवी, रिसंती देवी, रेखा देवी, मौसमी कुमारी, कोमल देवी आदि सब मौजूद थी।

# झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिक सप्लाई वर्कर्स यूनियन का 18वां वार्षिक सम्मेलन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिले के आमाघाटा पावर सब स्टेशन गोविंदपुर में झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिक सप्लाई वर्कर्स यूनियन का 18वां वार्षिक सम्मेलन का किया गया आयोजन। जिसमें मुख्य रूप से शामिल रहे झारखंड के यूनियन के सभी वर्कर्स और अधिकारी। झारखंड इलेक्ट्रिक यूनियन के महामंत्री रामायण तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि निजीकरण स्मार्ट मीटर ओर वर्कर्स की छटनी पर कई सवाल राज्य सरकार ओर केंद्र सरकार पर साधा निशाना। निजीकरण से मीटर रेडिंग का काम बंद हो जायेगा और वर्कर्स की छटनी होगी। जिसका यूनियन विरोध करती है। हमारी मांगे है नॉन टेक्निकल कर्मचारियों को 20000 का न्यूनतम भुगतान और टेक्निकल कर्मचारी का 25000 का मूल वेतन दिया जाये। कंप्यूटर ऑपरेटर को भी भुक्तान करने की व्यवस्था की जाये जो चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी हैं, तृतीय वर्ग कर्मचारी की तरफ पदोन्नति करने की मांग करती है।

# रैयत बलदेव कुंभकार हॉलपैक की चपेट में आने से हुई मौत

**झरिया (आजाद सिपाही)।** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के जीनागोरा एंटी देव प्रभा में कोयला चुने गये 45 वर्षीय बलदेव कुंभकार हॉलपैक की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। वह सुरूंगा कुम्हार टोला का रहने वाला बताया जा रहा है। स्थानीय नंदू कुमार ने बताया कि बलदेव कुंभकार जो रैयत हैं उसका जमीन चला गया। उसके पास जो रोजगार था वह छीन लिया। घटना की सूचना पाकर अलकडीहा ओपी, तीसरा थाना, घनुवाडीह ओपी, लोदना पुलिस मौके पर पहुंची।

# आरवाइपी नेशनल पिकलबॉल टूर्नामेंट में झारखंड के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/भुवनेश्वर।** उड़ीसा पिकलबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित आरवाईपी नेशनल पिकलबॉल रैंकिंग टूर्नामेंट में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया। दूसरे दिन हुए मुकाबलों में 30+ मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में झारखंड के चंद्र देव प्रजापति और अर्चना जय सिंह की जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल में विनय सेठिया और दीप्ति श्रीवास्तव की जोड़ी को 11-3 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। अंडर 18 बॉयज डबल्स में धनबाद के दीपक कुमार और शशि विश्वकर्मा की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए सिल्वर मेडल जीता।

उनका फाइनल मुकाबला कड़ा रहा, लेकिन उन्होंने 11-8 के स्कोर से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं अंडर 14 बॉयज डबल्स कैटेगरी में जिगर कुमार विश्वकर्मा और मोहम्मद काशिद की जोड़ी ने रोमांचक मुकाबले में 15-13 के नजदीकी स्कोर से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

### झारखंड पिकलबॉल संगठन की अहम भूमिका

**झारखंड पिकलबॉल संगठन के सचिव प्रभात कुमार और उपाध्यक्ष बी सुधीर ने खिलाड़ियों की इस सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ियों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत और समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है। संगठन खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, आधुनिक प्रशिक्षण और हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड में पिकलबॉल को बढ़ावा देने के लिए कई नयी योजनाएं बनायी जा रही हैं, जिससे उभरते हुए खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिले। मौके पर कर्नाटक के सचिव रजत कंकर और बिहार के सचिव रंजन गुप्ता ने झारखंड कि उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दिया। झारखंड के इन युवा खिलाड़ियों की सफलता ने राज्यवासियों को गर्व का अनुभव कराया है और आने वाले टूर्नामेंट्स के लिए नयी उम्मीदें जगायी हैं।**

# राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य ने की आदिवासी सामाजिक संगठनों के साथ बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** राष्ट्रीय जनजाति आयोग, भारत सरकार, की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा ने रविवार को सर्किट हाउस में विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान करने का निर्देश दिया। बैठक संपन्न होने के बाद माननीय सदस्य ने कहा कि आयोग ने आदिवासी समाज की सुरक्षा और संरक्षण का निर्देश दिया है। इस सिलसिले में धनबाद के विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को आर्थिक विकास से जोड़ना है। समाज की सांस्कृतिक धरोहर को बचाना है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान पदाधिकारियों से विभिन्न विषयों पर जानकारी ली है। साथ ही आदिवासी सामाजिक संगठनों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए निर्देश दिया है।

इस क्रम में संगठन के प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं से उनको अवगत कराया। माननीय सदस्य ने उनकी समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक के अलावा विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश का महाअधिवेशन का चौथा दिन

## किया गया चाक पूजा और पंच पन्नोंनि का कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** देश की कोयला राजधानी धनबाद में किन्नरों की अधिवेशन की रविवार को चाक पूजा समेत कई कार्यक्रमों का किया गया आयोजन। चौथे दिन छम छम देवी नायक, बबीता नायक, अरुणा नायक और ज्योति नायक ने बताया कि हमारा समाज का जो मुख्य पूजा होता है, जिसे चाक पूजा कहा जाता है वो किया गया। इसके अलावा हमारा एक चलन कार्यक्रम भी हुआ जिसे पंच पन्नो नि कहा जाता है जिसमें पूरे देश के सभी राज्यों के मईयों ने झारखंड की किन्नरों का मान पान और मान मयार्दा किया। बताया गया कि अब तक देश विदेशों से लगभग पांच हजार किन्नर इस अधिवेशन में शामिल हुए।

जिसमें नेपाल देश, पानीपत, पंजाब, मुंबई, इंदौर, लुधियाना, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों के प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंच चुके है और अभी कुछ रास्ते में है। आये हुए प्रतिनिधियों ने बताया कि हमलोगों को झारखंड का वातावरण बहुत ही अच्छा लगा है, जैसी सुनी थी उससे बेहतर है। लोगों ने बताया कि झारखंड बहुत अच्छा राज्य है और धनबाद आने पर हमलोगों का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही साथ ही रहने खाने और विश्राम की व्यवस्था बहुत अच्छा है। चौथे दिन के कार्यक्रम में, मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी नायक झरिया धनबाद, अलाव्य नायक सिलीगुड़ी, बबीता नायक बोकारो, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक रामगढ़, सीमा नायक इंदौर, जकी नायक, प्रेमा नायक, छोटकी नायक, ललन नायक पटना, मुन्नी नायक बेरमो, ज्योति नायक, दिल्ली से एक्टर देवी किन्नर, सांवरिया, गीता नायक, आदि शामिल थे।

**किन्नरों के सजी है मीणा बाजार**

अधिवेशन के दौरान किन्नरों के लिए मीना बाजार भी सजाया गए है जिसमें किन्नर काफी खरीद फरोख्त कर रहे है। किन्नरों के लिए एक से बढ़कर एक समाग्री बाजार में मौजूद है।

# मुख्यमंत्री ने शहीद माधो सिंह हाथ खर्चा योजना शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आज शाम आदिवासी मेला 2025 का उद्घाटन करते हुए भुवनेश्वर के प्रदर्शनी मैदान में शहीद माधो सिंह हाथ खर्चा योजना की शुरूआत की। राज्य सरकार के अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति विकास, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शहीद माधो सिंह हाथ खर्चा योजना अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में स्कूल छोड़ने की दर को कम करने के उद्देश्य से शुरू की गयी है। ओड़िशा सरकार शहीद माधो सिंह हाथ खर्चा योजना के तहत कक्षा 9 और कक्षा 11 में दाखिला लेने वाले अनुसूचित जनजाति के छात्रों को 5000 रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगी। राशि का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा में अधिक नामांकन और उसे पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसलिए सभी पात्र छात्रों/अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने जाति प्रमाण पत्र, आधार और बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रतियां तथा माता-पिता के आय प्रमाण पत्र की प्रतियां यथाशीघ्र अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य के पास जमा करायें।

- यह योजना केवल अनुसूचित जनजाति के उन विद्यार्थियों के लिए लागू है जिनके परिवार की वार्षिक आय 2,50,000 रुपये से अधिक नहीं है।
- जिन अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों ने कक्षा क और कक्षा क में प्रवेश लिया है, उन्हें 5000 रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि मिलेगी।
- यह योजना राज्य के केवल सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के एसटी छात्रों के लिए लागू है।
- प्रोत्साहन राशि सीधे पात्र छात्र के बैंक खाते में प्रदान की जाएगी
- उच्चतर माध्यमिक विद्यालय/हाई स्कूल के संबंधित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्य ओडिशा राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से सीधे विभाग को पात्र छात्रों के आवेदन की सिफारिश और स्वीकृति देंगे।

# मोदी आज कई रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जनवरी को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। क्षेत्र में कनेक्टिविटी को और बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, प्रधानमंत्री नये जम्मू रेलवे डिवीजन का उद्घाटन करेंगे। वे तेलंगाना में चर्लापल्ली नए टर्मिनल स्टेशन का भी उद्घाटन करेंगे और पूर्वी तट रेलवे के रायगढ़ रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला रखेंगे। पठानकोट - जम्मू - उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला, भोगपुर सिरवाल-पठानकोट, बटाला-पठानकोट और पठानकोट से जोगिंदर नगर सेक्शनों को मिलाकर 742.1 किलोमीटर लंबे जम्मू रेलवे डिवीजन के निर्माण से जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों को काफी लाभ होगा, लोगों की लंबे समय से लंबित आकांक्षा पूरी होगी और भारत के अन्य हिस्सों से कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे, बुनियादी ढांचे का विकास होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। तेलंगाना के मेडचल-मलकाजगिरी जिले में चरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन को लगभग 413 करोड़ रुपये की लागत से दूसरे प्रवेश के प्रावधान के साथ एक नये कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया है। यह पर्यावरण अनुकूल टर्मिनल, जिसमें अच्छी यात्री सुविधाएं हैं, सिकंदराबाद, हैदराबाद और काचेगुडा जैसे शहर के मौजूदा कोचिंग टर्मिनलों पर भीड़भाड़ को कम करेगा। प्रधानमंत्री ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला रखेंगे। इससे ओड़िशा, आंध्र प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा और क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। रायगढ़ रेलवे डिवीजन की स्थापना से क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, खासकर दक्षिण ओड़िशा के आदिवासी क्षेत्र में। संपर्क और परिवहन संपर्क में सुधार करके, यह यात्रियों और स्थानीय उद्योगों के साथ घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देगा। यह परियोजना क्षेत्र में रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर भी पैदा करेगी। रायगढ़ में शिलांयास समारोह में ओड़िशा के माननीय राज्यपाल डॉ कंभमपति हरि बाबू, ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, भारत सरकार के रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह सहित कई प्रतिष्ठित नेता शामिल होंगे। भारत के प्रधानमंत्री, समारोह के दौरान, नये जम्मू रेलवे डिवीजन और चरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का भी उद्घाटन करेंगे। माननीय रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव इस कार्यक्रम की देखरेख के लिए जम्मू में उपस्थित रहेंगे। यह ऐतिहासिक विकास दक्षिणी ओडिशा में परिवहन के भविष्य के लिए आधारशिला बनने के लिए तैयार है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि इस क्षेत्र में आने वाले वर्षों में कुशल रेलवे सेवाएं और आर्थिक विकास हो।

- रायगढ़ रेलवे डिवीजन परियोजना की प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं।
- रायगढ़ में मुख्यालय: रेलवे संचालन की देखरेख के लिए डिवीजनल कार्यालय रायगढ़ में स्थित होगा।
- आधुनिक डीआरएम कार्यालय भवन: 12,000 वर्ग मीटर के कुल प्लिंथ क्षेत्र के साथ एक जी+2 संरचना।
- डिवीजनल कंट्रोल ऑफिस: दैनिक रेलवे संचालन का प्रबंधन और निगरानी करने के लिए।
- अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवास: डिवीजन के कर्मियों के लिए आवास सुविधाएँ।
- बेहतर परिवहन संपर्क: सुगम संपर्क सुनिश्चित करने के लिए सड़कों का विकास।
- स्थिरता: परियोजना में पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए वर्षा जल संचयन प्रणाली को शामिल किया जाएगा।

**रायगढ़ रेलवे डिवीजन की आधारशिला**

रायगढ़ रेलवे डिवीजन बिल्डिंग की आधारशिला 6 जनवरी 2025 को ओड़िशा के रायगढ़ में आयोजित एक महत्वपूर्ण समारोह में रखी जायेगी। इस समारोह में भारत के प्रधानमंत्री जम्मू से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे। 107 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना का उद्देश्य रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाना और क्षेत्र को कई लाभ पहुंचाना है। रायगढ़ रेलवे डिवीजन बिल्डिंग में कुशल और टिकाऊ ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए कई प्रमुख घटक शामिल होंगे, जिसमें रायगढ़ में डिवीजन का मुख्यालय, एक आधुनिक डीआरएम कार्यालय भवन और रेलवे संचालन का प्रबंधन करने के लिए एक डिवीजनल कंट्रोल ऑफिस शामिल है।

## सीएम ने किफायती और सुविधाजनक यात्रा के लिए 'ओड़िशा यात्री एप' लांच किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य के लोगों को किफायती और सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य का अपना सवारी बुकिंग ऐप 'ओडिशा यात्री' लांच किया। मुख्यमंत्री ने भुवनेश्वर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 के राज्य स्तरीय समारोह के अवसर पर 'ओड़िशा यात्री ऐप' लांच किया, जिसे राजधानी क्षेत्र शहरी परिवहन (सीआरयूटी) द्वारा विकसित किया गया है। 'ओडिशा यात्री ऐप' का इस्तेमाल ड्राइवर और यात्रियों दोनों के लिए फायदेमंद होगा। इस 'ओड़िशा यात्री ऐप' के जरिये लोग सिर्फ.एक क्लिक पर अपने गंतव्य तक सुरक्षित, किफायती और सुविधाजनक कैब/ऑटो राइड बुक कर सकते हैं और जैसे ही लोग फोनपे और गूगल पे के जरिये भुगतान करेंगे, पैसे सीधे ड्राइवर के खाते में चले जायेंगे और ओला और उबर ऐप की तरह पैसे नहीं काटे जायेंगे। साथ ही, राज्य सरकार द्वारा किराया तय किये जाने के कारण यात्री को ओला और उबर की तुलना में कम किराया देना होगा। राज्य में आने वाले पर्यटक और राज्य में रहने वाले लोग गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर सकते हैं और ओला और उबर ऐप की तरह अपने वाहनों के लिए बुकिंग कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो पूरे माह राज्य के प्रत्येक जिले का दौरा कर लोगों में जागरूकता पैदा करेगा।

## मलकानगिरी सीमा पर मुठभेड़ में चार कट्टर माओवादी ढेर एक जवान शहीद



मलकानगिरी (आजाद सिपाही)। छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिलों मलकानगिरी में रविवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में चार कट्टर माओवादी मारे गये और एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया। दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोंडागांव और जगदलपुर के चार जिलों से सटे अबूझमाड़ा के जंगलों में डीआरजी के जवानों ने अभियान चलाया था। सुरक्षाकर्मियों ने इलाके से एके 47, एसएलआर और भारी मात्रा में ग्रेनेड जब्त किए हैं।

## संबलपुर में दुर्घटना में भाजपा के दो नेताओं की मौत, दो की हालत गंभीर



संबलपुर (आजाद सिपाही)। एक दुखद दुर्घटना में, शनिवार देर रात संबलपुर के कांटापाली में एक हाइवा ट्रक ने भाजपा के दो पार्टी कार्यकर्ताओं की कार को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गयी। मृतकों की पहचान देबेंद्र नाइक और मुरली चुरिया के रूप में हुई है। देबेंद्र बीजेपी के चिपलिपा मंडल के अध्यक्ष हैं। शनिवार को वे ट्रेन से संबलपुर पहुंचे और फिर चिपलीमा स्थित अपने घर लौट रहे थे, तभी हाइवा ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। हालांकि कार में मौजूद दो अन्य लोगों को बुर्ला स्थित मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया।

# सरला बिरला में चल रहे राज्यस्तरीय रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय के तत्वाधान में चल रहे राज्य स्तरीय रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता का समापन हुआ। विदित है कि तीन दिनों के खेल में कुल आठ चक्रो का खेल रैपिड और ब्लिट्ज दोनों में ही खेला गया 8 चरणों के खेल के समापन के बाद पूर्वी सिंहभूम के अभिषेक दास दोनों ही वर्गों में विजेता घोषित किये गये। जिन्हें रैपिड वर्ग में कुल 10 हजार रूपये नगद राशि और ब्लिट्ज वर्ग में 5 हजार रुपये नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ रैपिड वर्ग में दूसरे स्थान पर बोकरो के अंकित कुमार सिंह रहे तीसरा स्थान रांची के विभाष कुमार सिन्हा को प्राप्त हुआ। वहीं चौथे स्थान और पांचवे स्थान पर 6.5 अंक बनाकर पश्चिमी सिंहभूम के मनीष शर्मा और राजेश कुमार विजेता घोषित किये गये। दूसरी ओर ब्लिट्ज प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर पूर्वी सिंहभूम के देबांजन सिंहा तीसरे स्थान पर हजारीबाग के आभास और चौथे और पांचवें स्थान पर पूर्वी सिंहभूम के रोहित और देबांजन सासमल को विजेता घोषित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह मौजूद थे, सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष मनोज कुमार साथ ही राज्य शतरंज संघ के सचिव मनीष कुमार कोषाध्यक्ष सतीश कुमार और कार्यक्रम के मुख्य निर्णायक दीपक कुमार मौजूद थे पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन शुभांगी वर्मा द्वारा किया गया है।

# भुवनेश्वर में पथ उत्सव का 18वां संस्करण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर ।** भुवनेश्वर में 18 वां पथ उत्सव आज से शुरू हो रहा है। 5 जनवरी की सर्दियों की सुबह संस्कृति, फिटनेस और लोगों की सामूहिक भागीदारी मास्टर कैंटीन से राम मंदिर तक पथ उत्सव को चिह्नित करती है। जनपथ पर पथ उत्सव में रंगोली, योग, स्केटिंग, साइकिलिंग, बास्केट बॉल, लूडो, क्विज प्रतियोगिता, जादू के शो देखे जा सकते हैं। यह उत्सव पैदल यात्रियों और नागरिकों के लिए स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। फिटनेस, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कला और खाद्य स्टॉल का आनंद लेने के लिए उत्सुक हजारों पैदल यात्रियों ने आज इस उत्सव में भाग लिया। 8 जनवरी से शुरू होने वाले प्रवासी भारतीय दिवस से पहले भुवनेश्वर में विभिन्न प्रकार के शहरी सक्रियता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं, आज शाम को एग्जीबिशन ग्राउंड में आदिवासी मेले का भी उद्घाटन किया जायेगा।

# केआइएमएस अस्पताल में 65 वर्षीय व्यक्ति की अस्थि मज्जा का किया गया प्रत्यारोपण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एक जीवनरक्षक कदम उठाते हुए, भुवनेश्वर स्थित केआईएमएस अस्पताल के हेमाटोलॉजी विभाग ने शनिवार को एक अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण किया। नयागढ़ की 65 वर्षीय जामिनी कृष्णा पटनायक पर बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी की गयी। बीमारी से संक्रमित होने के बाद वह चलने में असमर्थ हो गयी थी। उसका लंबे समय से केआईएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा था। अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के बाद, उसकी हालत स्थिर है और वह सफल सर्जरी के लिए डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त करती है। अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण में, अस्थि मज्जा से कोशिकाएं ली जाती हैं (जिन्हें स्टेम सेल कहा जाता है), फिल्टर किया जाता है और फिर डोनर या किसी अन्य व्यक्ति को वापस दिया जाता है। ताकि स्वस्थ कोशिकाएं बढ़ सके और रोगग्रस्त कोशिकाएं अपनी क्षमता खो दें।

# प्रवासी भारतीय दिवस 2025 के लिए भुवनेश्वर में मॉक ड्रिल का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। पहली बार भुवनेश्वर पीबीडी सम्मेलन के 18 वें संस्करण की मेजबानी के लिए तैयार है। सम्मेलन से पहले आज भुवनेश्वर के जनता मैदान में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। शहरी वारफेयर ने पीबीडी सम्मेलन के लिए आतंकवादी हमले का मुकाबला करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया। मॉक ड्रिल में एसओजी, एसपीजी, ओडीआरएएफ और फायर ब्रिगेड और के 9 दस्ते ने हिस्सा लिया। डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया ने खुद सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। पुलिस आयुक्त, भुवनेश्वर डीजीपी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भी मॉक ड्रिल में शामिल हुए। जनता मैदान के आसपास सुरक्षा का प्रबंध पुलिस करेगी। हाल ही में खालिस्तानी आतंकी पन्नू की ओर से एक धमकी भरा वीडियो ई-मेल जारी किया गया था। मॉक ड्रिल के दौरान मुख्य सचिव मनोज आहूजा मौजूद थे। प्रवासी भारतीय सम्मेलन में दुनियाभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रवासी भारतीयों के लिए ओड़िशा सरकार ने डबल डेकर बसें मंगायी थीं। शहर की सुरक्षा के लिए 80 प्लाटून पुलिस बल और 10 कंपनियों के सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। 650 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुरक्षा पर नजर रखेंगे। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को भी शहर की सुरक्षा निगरानी का काम सौंपा गया है। 8 से 10 जनवरी तक भुवनेश्वर सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**